


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद
गुरुवार, 26 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष 11 संवत 2081
रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित
वर्ष : 2, अंक : 255
मूल्य ₹ 3 पृष्ठ संख्या : 12



बॉक्सिंग डे टेस्ट में अजेय बढ़त बनाने उतरेंगे भारत और ऑस्ट्रेलिया ▸ 10

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक की, 46 की मौत ▸ 12


## न्यूज इन ब्रीफ



### संसद भवन के बाहर शख्स ने खुद को लगाई आग

नयी दिल्ली। संसद भवन के पास बुधवार को एक शख्स ने खुद को आग लगा ली. घायल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया. पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी है. जिस शख्स ने खुद को आग लगाई, वो बुरी तरह झुलसा हुआ है. मौके से 2 पन्ने का अधजला नोट मिला है. पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया है. बता दें कि पुलिस को मौके पर पेट्रोल भी मिला है. शख्स ने ऐसा क्यों किया इसकी वजह अब तक साफ नहीं हो पाई है. फोरेंसिक टीम मौके पर जांच कर रही है.

### पाक की एयरस्ट्राइक से आगबबूला तालिबान

**काबुल।** अफगानिस्तान के पूर्वी पकटिका प्रांत में बुधवार को पाकिस्तान के हवाई हमलों में 46 लोग मारे गए, जिनमें मुख्य रूप से महिलाएं और बच्चे शामिल थे. इस बात की पुष्टि तालिबान के एक प्रवक्ता ने की है. न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक, तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया, मंगलवार रात पाकिस्तान ने पटकिया प्रांत के बरमल जिले में चार जगहों पर बमबारी की. मृतकों की कुल संख्या 46 है. **पेज 12 भी देखें**

### नक्सली स्मारक को विस्फोट कर उड़ाया

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले अंतर्गत अंदरूनी नक्सलियों के कोर इलाका सबसे सुरक्षित पनाहगाह ग्राम कोमटपल्ली में नक्सलियों ने 64 फीट ऊंचा स्मारक बनाया था, जो नक्सलियों का सबसे ऊंचा स्मारक है. नक्सलियों के 64 फीट सबसे ऊंचे स्मारक को सुरक्षाबलों ने बम विस्फोट कर ध्वस्त कर दिया है. वर्ष 2022 में नक्सलियों ने यहां 12 हजार लोगों की मौजूदगी में शहीदी सप्ताह मनाया था. नक्सल स्मारक को ध्वस्त करने से पहले जवानों और अधिकारियों ने इसके साथ सेल्फी भी ली.

### शुभेंदु अधिकारी पर आतंकी हमले का खतरा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को लेकर केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने एक बड़ा अलर्ट जारी किया है. रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश स्थित दो कट्टरपंथी संगठनों, जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) के सदस्य अधिकारी को निशाना बना सकते हैं. इन संगठनों के कुछ सदस्य पहले ही भारत की सीमा में प्रवेश कर चुके हैं. इस खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने अधिकारी की सुरक्षा बढ़ा दी है.

# रघुवर रिटर्न्स...

## बड़े दिग्गजों के फेल होने के बाद मोदी-शाह ने रघुवर पर जताया फिर भरोसा

**कौशल आनंद। रांची**

पहले लोकसभा में पांचों आदिवासी सीट हारने और फिर चार महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में करारी हार से चिंतित भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अब झारखंड में नई व्यूह रचना में जुट गया है. पार्टी नेतृत्व ने झारखंड भाजपा में बड़े बदलाव के साफ संकेत दिए हैं. चुनाव में भाजपा के बड़े दिग्गजों के फेल होने के बाद अंततः एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के चाणक्य माने जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रघुवर दास पर भरोसा जताया है. एक राज्यपाल का तबादला नहीं, इस्तीफा दिलवा देने का मतलब पूरी तरह से साफ है कि उन्हें संवैधानिक दायित्वों से मुक्त कर फिर से स्टेट की पॉलिटिक्स में सक्रिय करना है. रघुवर दास के करीब रहे प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी शेयर की है कि वे 27 को रांची आ सकते हैं और प्रदेश भाजपा कार्यालय में पुनः पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे.

**हिमंता, बाबूलाल, मुंडा, चंपाई के फेल होने के बाद कितनी असरदार होगी रघुवर की इंट्री :** राजनीतिक के जानकारों के अनुसार काफी सोच समझ कर रघुवर दास को पुनः राज्य की राजनीति में इंट्री दी जा रही है. सूत्र यह भी बता रहे हैं कि रघुवर दास को प्रदेश अध्यक्ष की कमान मिल सकती है. मगर यह भी सवाल खड़ा किया जा रहा है कि इनके मुख्यमंत्रित्व काल में ही भाजपा को सत्ता गंवानी पड़ी थी. कारण राज्य एवं आदिवासियों के संवेदनशील मुद्दे सीएनटी-एसपीटी एक्ट को टच करना. हालत की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि विधानसभा से पारित प्रस्ताव को उस समय की तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने इस प्रस्ताव को खारिज करके रघुवर को करारा जवाब दिया था. तो सवाल यह है कि क्या पार्टी रघुवर दास को पुनः राज्य की राजनीति में एंट्री दिलवा कर भाजपा के हाथ से खिसक गए आदिवासी एवं लोकल वोट को फिर से अपनी तरफ करने में सफल होगी? इसमें कोई संदेह नहीं है कि रघुवर दास की छवि एक हार्ड डिसीजनमैकिंग लीडर के रूप में रही है. उनके तेवर और जुबान भी बहुत सख्त रहे हैं. इसलिए अब आगे प्रदेश भाजपा के हिसाब से रघुवर दास का पुनः राज्य की मेन स्ट्रीम में लौटना कितना फायदे का सौदा होता है. यह देखने की बात होगी. क्योंकि करीब-करीब रघुवर के ही वर्क नेचर के असम के सीएम हिमंता विश्व सरमा को भाजपा प्रदेश की राजनीति में अजमा चुकी है, जो पूरी तरह से फेल और फिसड्डी साबित हुए. इतना ही नहीं बड़े आदिवासी चेहरे पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन सहित बड़े चेहरे भी फेल हो गए. यहां तक कि सबसे बड़े कुरमी चेहरे एवं भाजपा का प्री-पोल एलायंस पार्टनर सुदेश महतो और आजसू भी फेल साबित हो चुके हैं.

### प्रदेश अध्यक्ष की मिल सकती है कमान, कल रांची आकर पार्टी की पुनः सदस्यता ग्रहण करेंगे

**इस्तीफे के बाद रघुवर ने कहा**

## मेरी भूमिका केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा



**रांची।** केंद्र के निर्देश पर राज्यपाल से इस्तीफा देने के बाद रघुवर दास बुधवार को पूरी में भगवान जगनाथ की पूजा-अर्चना की. इस मौके पर उन्होंने कहा कि ओडिशा की इस पवित्र धरती, भगवान जगन्नाथ के आशीष से 14 महीने के करीब हमें सेवा करने का मौका मिला. ओडिशा और यहां के लोगों के प्रति तो सुखद अनुभव था, गहराई से सम्मान था. मुझे हमेशा याद रहेगा. सौ वर्ष तक ओडिशा के लोग बनाएंगे, एक विकसित ओडिशा के रूप में मनाएंगे. जिस प्रकार से ओडिशा में मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है, यहां के लोगों की समृद्धि के लिए, गरीबों की सेवा कर रही है. महाप्रभु जगन्नाथ 2036 तक एक विकसित ओडिशा, जहां कोई गरीब न रहे, हर युवा को रोजगार, हर खेत को पानी मिले, यही कामना है. उन्होंने कहा कि मेरी नई भूमिका पार्टी तय करेगी. मैं एक बहुत सामान्य मजदूर परिवार से आता हूं, 1980 से ही मैंने पार्टी के सदस्य के रूप में काम किया. बूथ स्तर से लेकर, मंडल, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा. इस दौरान झारखंड के नेतृत्व करने का भी अवसर मुझे मिला.

### वैश्य और गैर आदिवासियों के बड़े चेहरा हैं रघुवर, लेकिन राह कठिन

राजनीति के जानकार मानते हैं कि रघुवर दास निश्चित तौर पर वैश्य समुदाय और गैर आदिवासियों के बीच बड़ा चेहरा हैं. उनके आने से यह वोट बैंक निश्चित तौर पर प्रभावित होगा. मगर अब भी भाजपा नेतृत्व के समक्ष बड़ा सवाल है कि आदिवासी वोट बैंक का क्या होगा, जो 2019 के विधानसभा चुनाव से ही भाजपा से बिदक गया है. 2019 में रघुवर दास के कारण ही भाजपा 28 में 26 आदिवासी आरक्षित सीटें हार गयी थी. इस बार हिमंता, बाबूलाल, अर्जुन मुंडा, समीर उरांव, चंपाई सोरेन के रहते हुए भी भाजपा 28 में से 27 आदिवासी आरक्षित सीटें गवां दी. इतना नहीं इसके पहले लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी 5 आदिवासी आरक्षित सीटें गंवा दी है.

### अब क्या होगा बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और चंपाई सोरेन का

अब बड़ा सवाल यह है कि अगर रघुवर दास प्रदेश की मेन स्ट्रीम राजनीति में वापस आ रहे हैं, तो फिर बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और चंपाई सोरेन का क्या होगा? इन्हें कहां एडजस्ट किया जाएगा. प्रदेश भाजपा की राजनीति में बाबूलाल मरांडी का अर्जुन मुंडा से, रघुवर दास का बाबूलाल और अर्जुन मुंडा से हमेशा के छत्तीस के आंकड़ा रहा है. रघुवर दास को राज्य की राजनीति से हटा कर एक तरह से बाबूलाल मरांडी को फ्री हैंड दिया गया था. मगर बाबूलाल फेल साबित हुए. इसलिए रघुवर दास की इंट्री के बाद पहले से तीन नेताओं और अब चंपाई के बीच कैसे तालमेल एवं सांजस्य केंद्रीय नेतृत्व बैठा पाएगा, इस पर भी सबकी नजरें रहेंगी.

# सांता क्लॉज बने माही




क्रिसमस के मौके पर सोशल मीडिया पर एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है, जिसे साक्षी सिंह धौनी ने शेयर किया है. इस तस्वीर में साक्षी, जीवा और सांता क्लॉस नजर आ रहे हैं. हैरान करने वाली बात यह है कि सफेद दाढ़ी और लाल ड्रेस में जो सांता क्लॉज हैं, वह भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी हैं. इस तस्वीर में धौनी अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाते हुए दिखाई दे रहे हैं. फैन्स को धौनी को सांता क्लॉज के रूप में देख कर काफी आश्चर्य हुआ है. वे अपने परिवार के साथ छुट्टियां मना रहे हैं.

### पीएम ने केन-बेतवा लिंक परियोजना का किया शिलान्यास, कहा

## कांग्रेस ने अंबडेकर को क्रेडिट नहीं दिया

- नदी जल का महत्व सबसे पहले डॉ. अंबेडकर ने समझा था

**एजेंसियां। खजुराहो/भोपाल**




पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के लिए नदी जल का महत्व सबसे पहले बाबा साहब अंबेडकर ने समझा. भारत में जो नदी घाटी परियोजनाएं बनीं, इसके पीछे उन्हीं का विजन था, लेकिन कांग्रेस ने कभी बाबा साहब को इसका कोई श्रेय नहीं दिया.

कांग्रेस की सरकारों ने उनके इस योगदान के लिए किसी को पता नहीं चलने दिया. उन्होंने कहा कि कई राज्यों के बीच नदी जल को लेकर विवाद चल रहा है. जिस समय कांग्रेस की सरकार थी, वो इस विवाद को सुलझा सकती थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया. अटलजी की सरकार ने पानी से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास किया, लेकिन उनकी सरकार जाते ही कांग्रेस ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया. मोदी बुधवार को मप्र के खजुराहो में पूर्व पीएम भारत-रत्न वाजपेयी की 101वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास किया. इसके साथ उन्होंने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया. मोदी ने कहा, कि आज पूरे विश्व में क्रिसमस की धूम है. मैं देश और दुनिया भर के ईसाइयों को क्रिसमस की बधाई देता हूं. आज अटल जी की जयंती है. अटल जी के जन्म के सौ साल हो रहे हैं. अटल जी की जयंती का ये पर्व, सुशासन की हमारी प्रेरणा का भी पर्व है. देश में जब-जब भाजपा को जहां-जहां सेवा करने का मौका मिला है, हमने पुराने रिकॉर्ड तोड़कर काम किया है. आजादी के दीवानों ने जो सपने देखे थे, उन्हें साकार करने के लिए हम दिन रात पसीना बहा रहे हैं.

## नड्डा के आवास पर एनडीए घटक दलों की बड़ी बैठक

**संवाददाता। नयी दिल्ली**

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर बुधवार को एनडीए के नेताओं की बैठक हुई. इस बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन के बीच तालमेल और विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई. भाजपा अध्यक्ष ने एक्स पर इसकी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कर रहा है और आज उसने खुद को वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित किया है. एनडीए सरकार सभी के उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य के लिए विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है. बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, टीडीपी नेता एवं आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, जद (से) नेता एचडी कुमार स्वामी, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल, रालोमा नेता उपेंद्र कुशवाहा, जदयू नेता ललन सिंह और अन्य घटक दलों के नेता मौजूद रहे. माना जा रहा है कि बैठक में अंबेडकर पर गृह मंत्री के बयान, एक देश एक चुनाव, वक्फ संशोधन विधेयक सहित अन्य मुद्दों पर घटक दलों के नेताओं ने चर्चा की.

### अरविंद केजरीवाल का बड़ा दावा, कहा

## आतिशी हो सकती हैं गिरफ्तार

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को भाजपा पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने इस दौरान दिल्ली सरकार की योजनाओं को रोकने का आरोप लगाया. साथ ही दावा किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री आतिशी को फर्जी केस में गिरफ्तार किया जा सकता है.

प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस दौरान आतिशी भी मौजूद रहीं. केजरीवाल ने कहा, बीजेपी के पास न कोई नैरेटिव है, न 10 साल में उन्होंने कुछ किया. वो ये नहीं बता पा रहे हैं कि अगर उन्हें वोट दिया जाए तो वो क्या करेंगे? बस केजरीवाल ये, केजरीवाल वो करते रहते हैं. गालियां दे रहे हैं. उनके पास सीएम चेहरा नहीं है, एजेंडा नहीं है. उम्मीदवार नहीं है. आप पॉजेटिव कैंपेन कर रही है, हम स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी, बस यात्रा, तीर्थ यात्रा के बारे में बता रहे हैं, इसलिए हम कह रहे हैं हमें वोट दो. उन्होंने कहा, हमने दो योजनाओं की घोषणा की है.



**आतिशी ने क्या कहा? :** सीएम आतिशी ने कहा, हमें पुख्ता खबर है कि ट्रांसपोर्ट विभाग से जुड़े किसी मामले में मेरे ऊपर फर्जी केस की तैयारी है. हमने ईमानदारी से काम किया है. सच्चाई सामने आएगी. चाहे कोई भी फर्जी केस हो सच्चाई की जीत होगी. उन्होंने कहा, बीजेपी वालों से कहना चाहती हूं कि हम पर झूठे के करके जो योजनाएं रोकना चाहते हैं, दिल्ली की जनता सब देख रही है. बीजेपी को जनता जवाब देगी.

### इंजन से टकराए पक्षी, विमान में लगी आग

## अजरबैजान प्लेन क्रैश में 42 लोगों की मौत



**एजेंसियां। मास्को**

कजाकिस्तान में बुधवार को बड़ा विमान हादसा हो गया. यहां अजरबैजान एयरलाइंस का यात्री विमान लैंडिंग के वक्त क्रैश हो गया. अजरबैजान एयरलाइंस का एम्ब्रेयर ई190एआर विमान बाकू से रूस के चेचन्या जा रहा था. विमान में 67 लोग सवार थे, जिनमें से 42 लोगों की मौत हो गई. इस घटना में 25 लोग बचने में सफल रहे.

स्थानीय अधिकारियों और घटनास्थल से प्राप्त वीडियो के मुताबिक, कैस्पियन सागर तट पर कजाकिस्तान के अक्तौ शहर के पास हुए विमान हादसे में पहले बचावकर्मियों की तत्परता से कई लोगों को बचा लिया गया. स्थानीय मीडिया ने घटनास्थल से जिंदा बचे लोगों को दिखाते हुए फुटेज जारी की है. एक महिला सदमे की हालत में दिख रही है और उसे कोई बड़ी चोट नहीं है. उसे विमान के पतवार से बाहर निकाला गया और वह दर्द से चिल्लाती नजर आ रही है.

**बड़ा हादसा**

क्लिप में एक आदमी भी दिख रहा है जो लंगड़ाकर चल रहा था, लेकिन उसे कोई और चोट नहीं दिख रही थी. घटनास्थल से दूसरे धुंधले वीडियो में दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के शव दिखाई दिए.

**पक्षी टकराने से हुआ हादसा :** हादसे के तुरंत बाद दो टुकड़ों में बंट चुके प्लेन से कुछ लोग घायल हालत में बाहर आते नजर आए. उनके चेहरे पर हादसे की दहशत साफ नजर आ रही थी. फायर और रेस्क्यू टीम ने मोर्चा संभाला और विमान में लगी आग को बुझाया. घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया. शुरुआती जांच का हवाला देते हुए स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि यह हादसा पक्षी के टकराने के कारण हुआ है. समाचार आउटलेट ऑर्डा ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि विमान के एक इंजन से पक्षी टकराए, जिससे ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया.

## कार्टून कोना




### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,300 |
| चांदी (किलो) | 90,000 |

**चिंताजनक** पाकिस्तानी आर्मी से ट्रेनिंग लेगी बांग्लादेश की सेना

## 53 साल बाद 'नापाक गंठजोड़' बढ़ाएगा भारत की टेंशन

**शुभम संदेश डेस्क**



पाकिस्तानी सेना द्वारा बांग्लादेश में सैन्य प्रशिक्षण देने का निर्णय क्षेत्रीय राजनीति में नई हलचल का कारण बन गया है. 53 साल बाद पाकिस्तान का सैन्य दल बांग्लादेश में कदम रखेगा, जो भारत के लिए चिंता का विषय बन गया है.

1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना को पूर्वी पाकिस्तान से खदेड़ कर बांग्लादेश की स्थापना की गई थी. अब पाकिस्तान की सेना फिर से बांग्लादेश में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रही है.बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पाकिस्तान के साथ सैन्य और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने का निर्णय लिया है, जो भारत के लिए नए सामरिक खतरे उत्पन्न कर सकता है. फरवरी 2025 में पाक सेना का विशेष दल बांग्लादेश पहुंचेगा, जो बांग्लादेशी सेना को ट्रेनिंग देगा. इस दल का नेतृत्व पाक सेना के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ साहिर शमशाद मिर्ज़ा करेंगे. पहले चरण में बांग्लादेश के मेमनशाही कैंट आर्मी ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड (एटीडीसी) मुख्यालय में यह कार्यक्रम आयोजित होगा, जो एक साल तक चलेगा. इसके बाद पाकिस्तान की सेना बांग्लादेश के सभी सैन्य कमांडों में प्रशिक्षण देने जाएगी.यह घटनाक्रम बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के बाद की बदलती राजनीतिक स्थिति को भी दर्शाता है. शेख हसीना के दौर में बांग्लादेश ने पाक से संबंध सीमित रखे थे, लेकिन अब अंतरिम सरकार ने पाकिस्तान के साथ अपने रिश्तों को फिर से कायम करने का निर्णय लिया है.

फरवरी 2025 में कराची पोर्ट पर पाकिस्तानी व बांग्लादेशी नौसेना के बीच युद्धाभ्यास 'अमन-2025' का आयोजन होगा. यह अभ्यास पहले हर दो साल में होता था, लेकिन हसीना ने बांग्लादेश ने 15 वर्षों तक इससे दूरी बनाई थी. अब अंतरिम सरकार ने इस अभ्यास में भाग लेने की अनुमति दी है, जो पहले कभी नहीं हुआ था. इसके साथ ही, बांग्लादेश पाकिस्तानी नौसेना के साथ बंगाल की खाड़ी में अभ्यास की तैयारी कर रहा है.पाकिस्तान व बांग्लादेश के बढ़ते संबंध भारत के लिए चिंता का सबब बन सकते हैं. शेख हसीना ने बांग्लादेश ने पाक युद्धपोतों को अपने बंदरगाहों पर लंगर डालने की अनुमति नहीं दी, लेकिन अब अंतरिम सरकार ने पाक के कार्गो को चिटगांव पोर्ट पर अनुमति दे दी है. इसके अलावा, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच सीधी फ्लाइट फिर से शुरू हो चुकी हैं और वीज़ा नियमों में भी छूट दी गई है. इसके पीछे पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ माना जा रहा. आईएसआई ने बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार को गिराने और अंतरिम सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. पाकिस्तान का बढ़ता प्रभाव बांग्लादेश में भारत के लिए गंभीर खतरे का कारण बन सकता है, खासकर सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) पर, जो भारत को अपने पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ता है.

**झारखंड पुलिस का आंकड़ा : राज्य के 14 जिलों में सड़क हादसों में मौतों की संख्या बढ़ी**

# झारखंड में सड़क दुर्घटनाओं में हर दिन औसतन 11 लोगों को हो रही है मौत

संवाददाता। रांची

झारखंड के 14 जिलों में सड़क दुर्घटनाओं में मौतों की संख्या में वृद्धि हुई है, वहीं 10 जिलों में यह संख्या कम हुई है. झारखंड पुलिस के ताजे आंकड़ों के अनुसार, राज्य में सड़क दुर्घटनाओं के कारण औसतन 11 लोगों की मौत रोज हो रही है. 2023 में सड़क हादसों में 3,793 लोग मारे गए थे, जबकि 2024 में यह आंकड़ा थोड़ा घटकर 3,700 तक पहुंच गया है. लेकिन राज्य के 14 जिलों में सड़क हादसों में होनेवाली मौतों की संख्य बढ़ी है.


• फाइल फोटो

## हादसों की वजहें

- ओवरस्पीडिंग, खराब सड़कें, यातायात नियमों का उल्लंघन और शराब पीकर गाड़ी चलाना हैं
- गड्ढे, टूटी सड़कें और खराब रोशनी और वाहनों की जर्जर स्थिति भी है जिम्मेवार

### राज्य के इन जिलों में बढ़े मौत के आंकड़े

झारखंड पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, राज्य के विभिन्न जिलों में सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी की रिपोर्ट सामने आई है. खास कर चाईबासा, लोहरदगा, चतरा, जामताड़ा और जमशेदपुर जैसे जिलों में सड़क हादसों में मृत्यु दर में इजाफा हुआ है. चाईबासा में 2023 में 113 मौतें हुई थीं, जो 2024 में बढ़कर 168 हो गयीं. इसी तरह, रांची में भी 2023 में 458 मौतों की तुलना में 2024 में 485 मौतें हुईं. अन्य जिलों में भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति है, खासकर सरायकेला-खरसावां, गुमला, बोकारो और हजारीबाग.

### इन जिलों में मौत केआंकड़ों में आयी है कमी

हालांकि, कुछ जिलों में सड़क दुर्घटनाओं में मौतों की संख्या में कमी भी आई है. खूंटी, पलामू, कोडरमा, देवघर और गिरिडीह जैसे जिलों में सड़क हादसों में मौतों की संख्या कम हुई है. उदाहरण के लिए, खूंटी में 2023 में 113 मौतों के मुकाबले 2024 में 110 मौतें हुईं. इसी तरह, धनबाद में सड़क हादसों में मौतों की संख्या 283 से घटकर 190 हो गयी है.

**जानिए सड़क दुर्घटनाओं के क्या-क्या हैं मुख्य कारण**

झारखंड में सड़क दुर्घटनाओं की प्रमुख वजहें ओवरस्पीडिंग, खराब सड़कें, यातायात नियमों का उल्लंघन और शराब पीकर गाड़ी चलाना हैं. ओवरस्पीडिंग दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण है, क्योंकि अधिक गति पर वाहन का नियंत्रण खोना आसान होता है. इसके अलावा, कई सड़कों की स्थिति भी खस्ता है, जिसमें गड्ढे, टूटी सड़कों और खराब रोशनी शामिल हैं. यातायात नियमों की अनदेखी, जैसे हेलमेट का उपयोग न करना या मोबाइल फोन पर बात करते हुए गाड़ी चलाना भी दुर्घटनाओं का कारण बनता है. शराब पीकर गाड़ी चलाना भी एक गंभीर समस्या है, जिससे चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रह पाता है और दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है. साथ ही, खराब स्थिति में चलने वाले वाहन, जैसे टायर और ब्रेक की समस्या भी दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं. इन समस्याओं का समाधान करने के लिए जागरूकता अभियान और बेहतर सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता है.

**इन जिलों में बढ़ी सड़क हादसे में होने वाली मौतों की संख्या**

| जिला | 2023 | 2024 |
|---|---|---|
| चाईबासा | 113 | 168 |
| लोहरदगा | 62 | 79 |
| चतरा | 92 | 104 |
| जामताड़ा | 62 | 79 |
| जमशेदपुर | 191 | 210 |
| पाकुड | 63 | 68 |
| रांची | 458 | 485 |
| सराइकेला | 152 | 159 |
| गुमला | 181 | 188 |
| बोकारो | 194 | 200 |
| गढ़वा | 127 | 130 |
| हजारीबाग | 243 | 246 |
| रामगढ़ | 182 | 183 |

**इन जिले में कम हुई सड़क दुर्घटना में मौतों की संख्या**

| जिला | 2023 | 2024 |
|---|---|---|
| खूंटी | 113 | 110 |
| पलामू | 197 | 190 |
| कोडरमा | 74 | 69 |
| देवघर | 148 | 132 |
| साहेबगंज | 65 | 58 |
| गिरिडीह | 253 | 214 |
| गोड्डा | 90 | 74 |
| लातेहार | 118 | 93 |
| धनबाद | 283 | 190 |

**शिक्षा मंत्री ने सीएम से चर्चा करने के बाद दी फैसले की जानकारी**

# झारखंड में जल्द ही शुरू होगी जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई

- स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक क्षेत्रीय भाषा के पाठ्यक्रम तैयार होंगे
- पश्चिम बंगाल के मॉडल की तरह होगी जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई की सुविधा

संवाददाता। रांची



झारखंड सरकार जल्द ही राज्य के स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई शुरू करेगी, ताकि इन भाषाओं को संरक्षित किया जा सके, ताकि आनेवाली पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से अवगत कराया जा सके. राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने इस फैसले की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह पहल पश्चिम बंगाल के मॉडल की तरह लागू की जाएगी, जहां जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई पहले से ही की जा रही है.

### पश्चम बंगाल जाएगी टीम

मंत्री रामदास सोरेन ने बताया कि इस निर्णय पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से चर्चा की गयी थी और मुख्यमंत्री ने इस पर सहमति जता दी है. इस दिशा में राज्य सरकार जनवरी के पहले सप्ताह में एक टीम पश्चिम बंगाल भेजेगी. यह टीम वहां के स्कूलों में जनजातीय भाषाओं के शिक्षण कार्यक्रमों का अध्ययन करेगी. टीम में शिक्षा विभाग के अधिकारी और भाषाओं के विशेषज्ञ शामिल होंगे. उनका मुख्य उद्देश्य पश्चिम बंगाल में चल रहे कार्यक्रमों का अवलोकन करना और झारखंड में जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई के लिए एक प्रस्ताव तैयार करना होगा.

इस पहल के तहत, राज्य में जनजातीय भाषाओं को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा, ताकि इन भाषाओं का संरक्षण हो सके और बच्चों को अपनी मातृभाषा के प्रति जागरूक किया जा सके. इसके साथ ही, झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम होगा. ज्ञात हो कि विभिन्न संगठनों द्वारा लंबे अरसे से स्कूल से लेकर कॉलेज-विश्विद्यालय तक जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई शुरू करने की मांग की जा रही है. विश्वविद्यालय स्तर पर तो कुछ क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई हो रही है, लेकिन स्कूलों में अबतक जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई की सुविधा नहीं हो सकी है.

**बयानबाजी और विवादों में रहने वाले मंत्री इरफान का नया पैंतरा, कहा**

## मीडिया ने दिल तोड़ दिया, अब रहूंगा दूर

- मुझे राहुल गांधी, हेमंत व मीर से कोई अलग नहीं कर सकता है
- अपने विभाग से संतुष्ट, काम करके सबका दिल जीत लूंगा

विशेष संवाददाता। रांची

अपने बयानो की वजह से विवादों में रहे, संगठन और सरकार को असहज महसूस कराने वाले बयान बहादुर विधायक और मंत्री डा इरफान अंसारी ने अब नया पैंतरा चला है. ग्रामीण विकास विभाग को लेकर दिए गए बयान और बाद में उठे विवाद के बाद इरफान अंसारी ने मीडिया से दूर रहने का फैसला लिया है.

उन्होंने यह भी कहा है कि अब वे मीडिया के समक्ष कोई बयान नहीं देंगे. उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि मैंने मीडिया से दूर रहने का फैसला कर लिया हूं. मुझे मेरे राहुल गांधी जी और हेमंत सोरेन जी, गुलाम अहमद मीर साहब से कोई अलग नहीं कर सकता. मैंने पहले भी इनका नाम रोशन किया है और आगे भी नाम रोशन करता रहूंगा. इनलोगों ने मुझे जिस पद पर पर बैठाया है, उनको तहे दिल से धन्यवाद देता हूं. काम करके सबका दिल जीत लूंगा. इस पद हर पल कांटे ही कांटे हैं. संभल कर चलना मेरी जवाबदेही है और मुझे संभाल कर रखना आपकी जवाबदेही. कुछ लोग मेरे बयान लेकर अपना टीआरपी बढ़ाना चाहते हैं. इरफान ने कहा कि ऐसे लोगों को समय रहते ही पहचान लेना चाहिए और दूरी बनाकर रहना चाहिए. कभी-कभी मीडिया की बेबसी मुझसे देखी नहीं जाती. यह सोचकर बयान देता हूं कि उनकी दुकानदारी चले. लेकिन ये लोग हमेशा मेरी छवि को खराब करता है. कुछ लोग अपना टीआरपी बढ़ाते हैं तो कुछ लोग नीचा दिखाते हैं. लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. अब मैं बयान नहीं दूंगा.



### मेरी छवि को एक साजिश के तहत हानि पहुंचाई जा रही है

उन्होंने एक संदेश जारी करते हुए लिखा है कि इस तरह के लोग मौका देखते ही आपको नुकसान पहुंचाते हैं. साथ ही आपकी योजनाओं को असफल करने के प्रयास में जुटे रहते हैं. अच्छी छवि को साजिश के तहत की हानि पंहुचाते हैं. इसलिए चेहरा देखकर बात करने वालों से सचेत रहना चाहिए.

### इरफान के इस बयान वाले वीडियो से उठा भूचाल

दरअसल मंत्री इरफान अंसारी का वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है. अपने विधानसभा क्षेत्र जामताड़ा में कार्यकर्ताओं के बीच बैठे इरफान अंसारी और कार्यकर्ताओं के बीच के संवाद ने राजनीतिक तापमान को गर्म कर दिया है. रविवार को इरफान अंसारी जामताड़ा में एक कार्यक्रम में मौजूद थे जहां से कार्यक्रम का लाइव टेलिकास्ट किया जा रहा था. तभी कार्यकर्ता मंत्री इरफान अंसारी को कहता है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय आपको मिलना चाहिए था, जिसके पास 10 भूमिहार का वोट नहीं है, उसको दे दिया ग्रामीण विकास, क्या मतलब है इसका. तभी दूसरा कार्यकर्ता कहता है कि पुतला जलाएंगे, हेमंत सोरेन का भी जलाएंगे, मुख्यमंत्री का पुतला जलाएंगे. तभी मंत्री इरफान अंसारी कुर्सी से उठकर कहते है कि ये प्रॉब्लम यहां बोलियेगा या वहां बोलियेगा, यहां कहां बोलते है, वहां बोलिये जहां बोलना है. तभी एक कार्यकर्ता कहता है कि देखियेगा हम लोग 28 को बोलेंगे. इसके बाद लाइव चलने की बात कहकर वीडियो बंद कर दिया जाता है. बाद में विवाद बढ़ने पर वीडियो को डिलीट कर दिया जाता है.

## आवास बोर्ड की सफाई एमएस धौनी को नहीं भेजा है कोई नोटिस

संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने टीम इंडिया के पूर्व कैप्टन और क्रिकेटर महेंद्र सिंह धौनी को किसी तरह का नोटिस जारी नहीं किया है. इस संबंध में बोर्ड ने प्रेस विज्ञप्ति भी जारी कर सूचना दी है. राज्य आवास बोर्ड के भू- संपदा पदाधिकारी की ओर से बताया गया है कि कतिपय सोशल मीडिया एवं अन्य संचार माध्यमों से यह मामला उठाया गया है कि बोर्ड के द्वारा सरकारी कोटे के अंतर्गत हरमू, रांची स्थित उच्च आय वर्गीय भूखंड संख्या- एच/10ए एवं छिटपुट प्लॉट का आवंटन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी धौनी को किया गया है. आवंटित भूखंड पर निर्मित भवन में व्यावसायिक उपयोग के विरूद्ध नोटिस निर्गत किया गया है. बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उसके द्वारा इस मामले में किसी भी तरह का नोटिस निर्गत नहीं किया गया है.

## मंत्री ने ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर निष्पादन का दिया निर्देश

संवाददाता। रांची



ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया है. हाल ही में मंत्री ने विभाग के कार्यों की समीक्षा की थी, जिसमें यह बात सामने आई कि विभाग की रोक के कारण ग्रामीण सड़कों के टेंडर निष्पादित नहीं हो पा रहे थे. अधिकारी सूत्रों के अनुसार, मंत्री ने पूरी स्थिति से अवगत होने के बाद संबंधित टेंडरों को तत्काल निष्पादित करने का आदेश दिया है. मंत्री के निर्देश के बाद, ग्रामीण कार्य विभाग अब आदेश जारी करने की तैयारी कर रहा है और जल्द ही अभियंता प्रमुख समेत सभी प्रमंडल के इंजीनियरों को इस बारे में सूचित किया जाएगा.

दरअसल, दो महीने पहले ग्रामीण कार्य विभाग ने एक आदेश जारी कर ग्रामीण सड़कों और पुलों के टेंडर निष्पादन पर रोक लगा दी थी. हालांकि, कुछ मामलों में टेंडर जारी किए गए थे, लेकिन निविदा प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी और कुछ सड़कों पर काम शुरू हो चुका था. यह स्थिति संवेदकों के लिए असमंजसपूर्ण बन गई थी. कई माध्यमों से विभाग से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की जा रही थी, लेकिन अब तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ था. नई सरकार के गठन के बाद मंत्री के समक्ष सभी मुद्दे रखे गए और अब उन्होंने सड़क और पुल निर्माण कार्य को तेजी से शुरू करने का निर्देश दिया है. इसके तहत 100 करोड़ से अधिक के कार्यों के लिए टेंडर का शीघ्र निपटारा किया जाएगा.

## दो बेटी, पत्नी और ट्यूशन टीचर के हत्यारे की फांसी की सजा की अपील पर सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट में जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र में 2021 में हुई हत्याओं के मामले में सुनवाई पूरी हो गयी. इस मामले में दीपक कुमार को दो बेटियों, पत्नी और ट्यूशन टीचर की हत्या के आरोप में फांसी की सजा सुनायी गयी थी, जिसे दीपक ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है. साथ ही, राज्य सरकार ने सजा को बरकरार रखने के लिए अपील की थी. मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया है.




6 अप्रैल 2023 को जमशेदपुर की अदालत ने दीपक कुमार को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 307, 379, 201 और 376(1) के तहत दोषी पाया और उसे फांसी की सजा सुनायी थी. इस मामले में अभियोजन पक्ष ने कुल 25 गवाहों के बयान दिए थे. 12 अप्रैल 2021 को कदमा थाना क्षेत्र के तिस्ता रोड स्थित दीपक कुमार के घर से चार शव बरामद हुए थे. इनमें दीपक की पत्नी बीना कुमार, बेटियां दीया कुमारी और सांधी कुमारी और उनकी ट्यूशन टीचर रिंकी घोष शामिल थीं. दीपक कुमार ने हत्या के बाद पहले अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से राउलकेला भागने की कोशिश की थी और फिर वहां से कैब लेकर धनबाद पहुंचा. धनबाद में एटीएम से पैसे निकालने के दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था. मामले में उसकी गिरफ्तारी के बाद अदालत ने उसे फांसी की सजा सुनायी, जिसे अब हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी है.

**कांग्रेस की बैठक आज बेलगाम में होगी**

## प्रदेश अदध्यक्ष केशव महतो व विधायक दल के नेता प्रदीप रवाना



**रांची।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार (26 दिसबंर) को कर्नाटक के बेलगाम में होगी. इस बैठक में शामिल होने के लिए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नेता प्रदीप यादव बुधवार को बेलगाम रवाना हो गए.

**एकीकृत अवकाश तालिका जारी होते ही संघ ने जतायी आपत्ति**

# स्कूल की गर्मी छुट्टी में दिनों की कटौती, शिक्षकों में रोष

संवाददाता। रांची

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने प्रदेश के प्राथमिक और मध्य विद्यालय सहित सहायता प्राप्त एवं उच्च विद्यालय की एकीकृत अवकाश तालिका वर्ष-2025 जारी की है. इसमें 60 दिनों का अवकाश का जिक्र है. अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के मुताबिक इसमें व्यापक त्रुटि है. अवकाश तालिका को लेकर प्रदेश के शिक्षकों में काफी रोष है. शिक्षक अवकाश तालिका को स्वीकार करने से सीधे इंकार कर रहे है. प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि संघ अवकाश तालिका का घोर विरोध करता है, क्योंकि ग्रीष्म अवकाश पूर्व में 20 दिनों का मिलता था, उसे घटकर 12 दिन कर दिया गया है. यह मान्य नहीं है. न्यायोचित नहीं है, क्योंकि शिक्षकों का अर्जित अवकाश के बदले ग्रीष्मावकाश दिया जाता है, जबकि अन्य राज्यकर्मियों को 33 दिन का अर्जित अवकाश देय है.

संघ के पदधारियों ने कहा कि अवकाश सूची में खामियों की भरमार है. स्थानीय संस्कृति का ख्याल नहीं रखा गया. प्रदेश के सभी जिलों में अलग-अलग स्थानीय पर्व और त्यौहार मनाये जाते हैं. इसलिए अवकाश उसी के मुताबिक होनी चाहिए. उदाहरण के तौर पर रांची जिले में टुसू परब एक प्रमुख त्यौहार है. इस दिन छुट्टी नहीं है. इसका बुरा असर ये होगा की उस दिन अधिकतम शिक्षक छुट्टी में रहेंगे. बच्चों की उपस्थिति दो दिनों तक नगण्य रहेगी.

### उर्दू स्कूल में मुहर्रम व शब-ए-बरात की छुट्टी नहीं दी गयी

संघ का कहना है कि ग्रीष्मावकाश नहीं देकर शिक्षकों के लिए अर्जित अवकाश घोषित किया जाए. उर्दू विद्यालय में अवकाश शुक्रवार को होता है. आठ दिनों का अवकाश शुक्रवार को भी लिस्ट में 60 दिनों में शामिल किया है. उर्दू स्कूल में मुहर्रम व शब-ए-बरात की छुट्टी नहीं दी गयी है. महीने के तीसरे शनिवार 16 अगस्त और 15 सितंबर को भी अवकाश सूची में शामिल कर लिया गया है.

संघ ने कहा कि ऐसा ही सभी जिलों में अलग-अलग स्थानीय पर्व होते हैं. ये एक बानगी भर है. लिस्ट में और भी कई प्रकार की खामियां है. 16 अगस्त को जन्माष्टमी के त्यौहार की छुट्टी दी गई है, जबकि उस दिन माह का तीसरा शनिवार है. इस दिन ऐसे ही छुट्टी रहती है. ऐसा ही 15 नवंबर को स्थापना दिवस के लिए एक दिन की छुट्टी दिखाई गई है. छुट्टी की संख्या में गिनती की गई, जबकि इस दिन भी तीसरा शनिवार है.

संघ के पदधारी के अनुसार गलती की संख्या इतनी ज्यादा है कि लिस्ट बनाने वाले अगर शिक्षक होते तो शायद स्पष्टीकरण मांगी जाती. 20 अक्टूबर को मंगलवार तो 22 अक्टूबर को बुधवार दिखाया गया. उर्दू स्कूल की छुट्टी सामान्य छुट्टी से कुछ कुछ स्थानों पर अलग होती है. इसे भी एकीकृत कर दिया गया है.

ब्यावहारिक और त्रुटिरहित अवकाश के लिए शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर लिस्ट बनानी चाहिए. प्रत्येक जिले के जिला शिक्षा अधीक्षक और जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिस्ट बनाने का अधिकार देनी चाहिए. अवकाश सूची को लेकर विरोध करने वालों में अनूप केसरी, राममूर्ति ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, असदुल्लाह, संतोष कुमार हरेकृष्ण चौधरी, बाल्मीकि कुमार, राजीव लोचन सिंह, श्रीकांत सिन्हा, उपेंद्र कुमार, राकेश कुमार, अनिल कुमार सिंह, अजय ज्ञानी, राजेश गुप्ता भी शामिल हैं.

**विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने का मौका भी दिया**

## जैक ने मैट्रिक, आठवीं और 9वीं कक्षा के छात्रों के लिए आवेदन की तारीख बढ़ायी

संवाददातदा। रांची

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जै) ने मैट्रिक, आठवीं और नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है. जैक द्वारा जारी एक नोटिफिकेशन के अनुसार, बिना विलंब शुल्क के आवेदन की नई अंतिम तिथि 26 दिसंबर निर्धारित की गई है. वहीं, यदि छात्र विलंब शुल्क के साथ आवेदन करना चाहते हैं, तो इसके लिए अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक रखी गई है. आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 28 दिसंबर है, उसके बाद आयोग कोई दूसरा मौका नहीं देगा.इसके अतिरिक्त, आकांक्षा प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए भी आवेदन की तिथि 31 दिसंबर तक बढ़ाई गई है. इस परीक्षा को पास करने के बाद छात्रों को मेडिकल और इंजीनियरिंग की मुफ्त तैयारी कराई जाएगी, साथ ही उनकी रहने और खाने की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की जाएगी. इस योजना के तहत, हर जिले से 40-40 छात्रों का चयन किया जाएगा.




**फैसला** **नियामक आयोग ने टैरिफ सुनवाई और निर्धारण के लिए फीस तय की**

# अब बिजली कंपनियों को 20 से 40 लाख रुपये देने होंगे

विशेष संवाददाता। रांची

विभिन्न बिजली कंपनियों को अब अपने बिजली टैरिफ की सुनवाई और दर निर्धारण के लिए न्यूनत्तम 20 और अधिकत्तम 40 लाख रुपए देने होंगे. झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने टैरिफ निर्धारण, आवेदन शुल्क, लाइसेंस में संशोधन सहित अन्य मामलों के लिए फीस की नई दरें घोषित कर दी है. आयोग द्वारा घोषित नई दरों के अनुसार बिजली वितरण से जुड़े लाइसेंसी कंपनियों को टैरिफ निर्धारण के लिए न्यूनतम 20 लाख से अधिकतम 40 लाख रुपये देने होंगे. विवादों के निपटारे के लिए दो लाख रुपये देने होंगे.



**दर, शुल्क के आवेदन के लिए देनें होंगे दो लाख रुपए:** बिजली कंपनियों को दरों, शुल्कों, शर्तों आदि के निर्धारण के आवेदन के लिए दो लाख रुपये देने होंगे. वहीं लाइसेंस लेने के लिए आवेदन शुल्क और वार्षिक शुल्क के रूप में एक लाख रुपये देने होंगे. पूर्व से अनुमोदन की इच्छा रखनेवाली कंपनियों के लिए आवेदन शुल्क पांच लाख रुपये रखा गया है. लाइसेंस में संशोधन के लिए आवेदन देने पर एक लाख रुपये देने होंगे. लाइसेंस रद्द करने करने के आवेदन के लिए एक लाख रुपये देने होंगे.

### थर्मल और हाइडल पावर की स्थापना के लिए देने होंगे 30 से 60 लाख रुपये

थर्मल प्लांट और हाइडल पावर(पनबिजली) प्लांट के अधिष्ठापन के लिए न्यूनतम 30 लाख और और अधिकतम 60 लाख रुपये देने होंगे. यह फीस प्लांट की क्षमता के आधार पर निर्धारित होगा. विवादों के निर्णय के लिए सात लाख रुपये देने होंगे. टैरिफ आदेश या बिजली खरीद की समीक्षा के लिए आवेदन देने पर सात लाख रुपये देने होंगे. मुख्य विद्युत निरीक्षक के निर्णय के विरुद्ध अपील पर 25 हजार रुपये देने होंगे.

## पेसा कानून जल्द लागू करना सबसे जरूरी : बंधु

विशेष संवाददाता। रांची

पूर्व मंत्री व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड सरकार द्वारा पेसा कानून की नियमावली को मंजूरी देने के बाद अब इस बात की नितांत आवश्यकता है कि सभी आवश्यक वैधानिक औपचारिकताओं को पूरा कर पेसा कानून को जमीनी स्तर पर जल्द-से-जल्द लागू किया जाए. तिर्की ने कहा कि पेसा क़ानून लागू होने से झारखंड की दशा और दिशा में सकारात्मक बदलाव आयेगा और अब ग्रामीणों विशेषकर जनजातीय समुदाय और मूलवासियों के लिए यह बहुत जरूरी है कि सरकार द्वारा स्वीकृत पेसा नियमावली के अनुरूप पेसा कानून का सीधा फायदा झारखंड के लोगों को मिले. उन्होंने कहा कि इससे न केवल ग्रामीणों की विकास संबंधी ज़रूरतें पूरी होंगी, बल्कि जमीन के साथ ही उपलब्ध संसाधनों की लूट भी रोकी जा सकेगी. साथ ही इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण होने की भी पूरी संभावना है.



**कांग्रेस की देन है पंचायती राज व्यवस्था और पेसा :** तिर्की ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से भारत के आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, दलितों, अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी), अल्पसंख्यकों आदि के प्रति पूरी तरीके से समर्पित होकर काम किया है. देश के नवनिर्माण और विकास के लिये समाज के सभी वर्गो की समान भागीदारी के लिये और भारत के वर्षों से उपेक्षित लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप विकास में उनकी समान भागीदारी के लिये स्वर्गीय राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में पंचायती राज कानून को देशव्यापी स्तर पर लागू किया गया था. इसी के पश्चात पेसा कानून को मंजूरी दी गयी जिसमें जनजातीय बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में न केवल ग्रामीण परंपराओं के अनुरूप बल्कि, ग्रामीणों की आकांक्षाओं के अनुरूप भी ग्राम सभाओं को सशक्त करने का प्रावधान था.

### जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय होगी

तिर्की ने विश्वास व्यक्त किया कि पेसा क़ानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधि भी अपनी पूर्ण जिम्मेदारी, ईमानदारी और लोगों की जरूरतों-आकांक्षाओं के अनुरूप निभाएंगे. अपनी जागरूकता का परिचय देते हुए अपने कार्य करेंगे, क्योंकि ग्राम सभा की सफलता के लिए यही अनिवार्य और व्यावहारिक शर्त है.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, गुरुवार 26 दिसंबर 2024, पौष कृष्ण पक्ष एकादशी संवत 2081


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 27.3 | 13.7 |
| डालटनगंज | 27.3 | 13.9 |
| धनबाद | 23.9 | 12.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



एक्ट्रेस नुसरत भरुचा ने मनाया बच्चों के साथ क्रिसमस

## ब्रीफ खबरें

### तोपचांची में अमित शाह का पुतला दहन

**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के सिंहदाहा पंचायत स्थित गेहूंबाद चौक में अंबेडकर क्लब के अंबेडकर वादियों ने गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया. संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर पर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में पुतला दहन कार्यक्रम किया गया है.अशोक कुमार दास, तिलक दास, देवाशीष कुमार दास, परमेश्वर दास, संतोष दास, सचिन दास, चुरामन दास, सुमित दास, आशीष कुमार दास, आशु दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

### सीआईएसएफ ने जब्त किया तांबा-पीतल

**तेतुलमारी।** वेस्ट मोदीडीह भूमि आउटसोर्सिंग पैच के समीप बुधवार को मोटर के पार्टस व केबल के टुकड़े के अलावा पाइप पाए जाने पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया. ग्रामीणों का कहना था कि चंदू नामक व्यक्ति अवैध लोहे का कारोबार चला रहा है, बीसीसीएल के विभिन्न कोलियारियों क्षेत्रों से चोरी का लोहा व कीमती तांबा पीतल लाकर यहां भंडारण करता है. रात के अंधेरे में उसे उठाकर बड़े वाहनों में लादकर बाहर भेजा जाता है. ग्रामीणों की सूचना पर वेस्ट मोदीडीह कोलियरी के पीओ मुरारी मोहन के निर्देश पर सीआईएसएफ टीम वहां पर पहुंची और लोहा तांबा को जब्त कर ले गई.

### आर्च बिशप ने दिव्यांग-मानसिक रोगियों के साथ मनाया क्रिसमस

**रांची।** रांची के आर्च बिशप विसेंट आइंद ने बुधवार को जेल रोड स्थित मिशनरीज ऑफ चैरिटी सिस्टर्स द्वारा संचालित निर्मल हृदय में दिव्यांगों और मानसिक रूप से असंतुलित लोगों के साथ क्रिसमस मनाया. यहां उन्होंने इन लोगों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की, फिर सभी को एकत्रित कर उनके साथ मिलकर क्रिसमस की खुशियां साझा की. आर्च बिशप ने बताया कि आज का दिन ख्रीस्तीय समुदाय के लिए विशेष है क्योंकि यह प्रभु यीशु ख्रीस्त के जन्म का महोत्सव है. निर्मल हृदय एक ऐसी संस्था है जहां मानसिक रूप से असंतुलित, दिव्यांग, अनाथ बच्चों और अविवाहित गर्भवती महिलाओं की निस्वार्थ सेवा की जाती है. आर्च बिशप ने संस्थान के समर्पण और सेवा कार्यों की सराहना की और समाज के उत्थान में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया.

**अपराध : सवाल ये है कि पुलिस बन रही अंजान या फिर जानबूझ कर अनदेखी**

# महुदा पुलिस की नाक के नीचे खुलेआम मुर्गा लड़ाई

**खास बातें**

- जमकर बेची गई देसी विदेशी शराब, खूब हुई सट्टेबाजी
- थानेदार ने जाहिर की अनभिज्ञता, कहा पता करते हैं

संवाददाता। महुदा







बुधवार को महुदा पुलिस की नाक के नीचे सरेआम थाना क्षेत्र के बागड़ा पंचायत सचिवालय से 50 मीटर के दुरी पर ग्रामीण सड़क के किनारे अवैध मुर्गा अखाड़ा का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ जुटी. इस आयोजन में जमकर देशी और विदेशी शराब बेची जा रही थी. साथ ही भारी मात्रा में सट्टेबाजी भी चल रही थी. आश्चर्य की बात है कि मुर्गा लड़ाई को लेकर दो गुटों में मारपीट की भी घटना हुई, बावजूद पुलिस बेखबर रही.ऐसे अवैध आयोजनों पर रोक लगाने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने हाल ही में मीडिया के माध्यम से सख्त कार्रवाई का दावा किया था. लेकिन, इस आयोजन ने उन दावों की पोल खोल दी है. स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता ऐसे आयोजनों को बढ़ावा दे रही है. प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि पुलिस सही में सक्रिय होती, तो इस तरह के आयोजन नहीं होते. अब सवाल उठता है कि पुलिस की इस मामले में क्या भूमिका है? क्या वे इन अवैध गतिविधियों से अनजान हैं, या फिर उनकी मिलीभगत है?

इधर मामले को लेकर जब महुदा थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने मुर्गा लडाई आयोजन पर अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि पता करता हूं. सवाल उठता है कि जब खुलेआम इस तरह के प्रतिबंधित आयोजन दिन के उजाले में हो रहा है तो आखिर पुलिस को जानकारी क्यों नहीं मिल सकी. सवाल ये है कि पुलिस वाकई अंजान थी या फिर जान बूझ कर अनदेखी की गई.

### झारखंड में कोहरा, धुंध और बारिश की संभावना

**रांची।** झारखंड में दिसंबर के अंतिम दिनों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है. गुरुवार-शुक्रवार ( 26 और 27 दिसंबर) को हल्की धुंध और कोहरा रहेगा, जिससे ठंड में बढ़ोतरी हो सकती है. इसके बाद 28 और 29 दिसंबर को बारिश का अनुमान है, जो ठंड को और बढ़ा सकती है. इस बदलाव से मौसम में नमी और ठंडक का असर रहेगा, और साथ ही, तापमान में हल्की गिरावट भी देखने को मिलेगी. बांग्लादेश, नेपाल और आसपास के देशों से आ रहे मौसमी प्रभाव के चलते, राज्य में इन बदलावों का असर जारी रहेगा. पिछले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहा था, हालांकि राज्य के कई हिस्सों में कोहरा भी छाया था. इन दो दिनों के दौरान अधिकतर इलाकों में आर्द्रता और ठंड का प्रभाव बढ़ेगा.

# यौन शोषण के आरोपी पर मुकदमा दर्ज, छापेमारी

**यौन शोषण की शिकार महिला की खबर शुभम संदेश में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद आरोपी, उसके भाई, मां व पिता पर प्राथमिकी**

- आरोपी के घर जाकर उसके परिजनों से पूछताछ

संवाददाता। कतरास

दस दिनों से थाना की चक्कर काट रही यौन शोषण की शिकार महिला की आपबीती को शुभम संदेश अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई. न सिर्फ पीड़िता की शिकायत पर बाघमारा अनुमंडल महिला एवं बाल संरक्षण थाना की पुलिस ने बुधवार को प्राथमिक दर्ज कर ली. मामले में यौन शोषण के मुख्य आरोपी जोगीडीह निवासी रोशन चौहान उसके भाई सहित मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. आरोपियों की तलाश में पुलिस ने उनके ठिकानों पर भी छापेमारी की. महिला थाना प्रभारी खुद पीड़िता को लेकर भंडारीडीह स्थित उसके किराए के मकान पर पहुंची जहां मकान मालिक सहित आसपास के लोगों से जानकारी ली. जिसके बाद पुलिस टीम पीड़िता को लेकर आरोपी रोशन चौहान के आवास जोगीडीह में दबिश स दी. लेकिन वहां से आरोपी पहले से फरार हो चुका था .महिला थाना प्रभारी ने आरोपी के घर जाकर उसके परिजनों से पूछताछ की.

बताते चलें कि 24 वर्षीय तलाकशुदा महिला को शादी का प्रलोभन देकर करीब 6 महीने तक जोगीडीह निवासी रोशन चौहान ने यौन शोषण किया था. इसके साथ ही शादी का दबाव बनाने पर आरोपी युवक के मां व भाई ने महिला के साथ मारपीट व धमकी दी थी. घटना के बाद पीड़िता करीब दस दिनों से शिकायत लेकर बाघमारा अनुमंडल महिला थाना व कतरास थाना की चक्कर काट रही थी लेकिन पुलिस के द्वारा पीड़िता को प्राथमिकी दर्ज करने के नाम पर सिर्फ तारीख पर तारीख मिल रही थी. मंगलवार को भी महिला दिनभर कतरास थाना परिसर में अपनी प्राथमिकी की दर्ज करने के लिए बैठी रही. शाम तक प्राथमिक की दर्ज नहीं होने से हताश महिला देर शाम अपने घर लौट गए. इसके बाद पुलिस हरकत में आई और बाघमारा अनुमंडल महिला थाना में यौन शोषण की शिकार महिला के शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई.



शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने की फरियाद लेकर थानों के चक्कर काट रही पीड़िता

15 दिनों में कोई कार्रवाई नहीं, थक-हार कर बोली, आत्महत्या का रास्ता अपनाना मजबूरी

**खबर का असर**

### पीड़िता ने कहा- शुभम संदेश की पहल पर न्याय की उम्मीद जगी

पीड़िता ने बताया कि दस दिनों से हम न्याय के लिए थानों का चक्कर लगाकर बहुत परेशान हताश हो चुके थे. शुभम संदेश अखबार ने हमारे दर्द को समझा और हमारे साथ हुए घटना को उजागर किया, इसके बाद मेरी शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है. कारवाई भी शुरू कर दी है .कहा कि शुभम संदेश की पहल से हमें न्याय मिलने की उम्मीद जगी है. एफआइआर की कॉपी मांगने पर मेडिकल करवाने के बाद देने की बात कही गई है.

### प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है : थाना प्रभारी

महिला थाना प्रभारी वर्षा रानी ने बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपी युवक उसके भाई व मां के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. आरोपी के आवास पर छापामारी की गई. लेकिन वहां कोई नहीं मिला गुरुवार को महिला का मेडिकल कराया जाएगा. महिला को एफआईआर कॉपी न देने के सवाल पर कहा कि कंप्यूटर में काम चल रहा है. हमलोग महिला का आवास निरीक्षण करने चले गए थे. इस कारण विलंब हुआ, महिला को एफआईआर कॉपी दे दी जाएगी.

### महिला शक्ति फाउंडेशन ने लिखा एसएसपी को पत्र

खबर प्रकाशित होने के बाद डीएमवीवी भारतीय महिला शक्ति फाउंडएशन के संस्थापक सह चेयरमैन दुलाल मुखर्जी ने धनबाद एसएसपी को पत्र लिखकर महिला की शिकायत पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज करवाने व न्याय दिलाने की मांग की है. उन्होंने अपने पत्र में ज़िक्र करते हुए कहा कि थानों के लापरवाही और असंवेदनशीलता के करण पीड़िता न्याय के लिए दस दिनों से भटक रही है उक्त महिला को न्याय का अधिकार है. समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो यह मामला ना केवल महिलाओं की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करेगा बल्कि आत्महत्या जैसे गंभीर परिणाम भी सामने आ सकते हैं.

# हत्या कर नमक डाल खेत में दफन किया शव

- मरने वाला टिकला सिंह हरिहरपुर का निवासी, संदेह के आधार पर हो रही पूछताछ
- कई संगीन अपराधिक वारदातें में आ चुका था टिकला सिंह का नाम
- हरिहरपुर थाना क्षेत्र के कोरकोट्टा ग्राम की वारदात

संवाददाता। गोमो

हरिहरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोरकोट्टा ग्राम पंचायत के पश्चिम दिशा में स्थित नया बांध के समीप बुधवार को एक बहियार खेत से दुर्गन्ध देती लाश को हरिहरपुर थाना पुलिस ने बरामद किया है. शव की पहचान हरिहरपुर गाव निवासी स्व. सरजू सिंह के पुत्र टिकला सिंह (45) के रूप में हुई है. उसके शरीर पर धारदार हथियार से काटे जाने के कई जख्म पाए गए हैं. पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. संदेह के आधार पर कोरकोट्टा गाव निवासी कपिल ठाकुर को हिरासत में लेकर पड़ताल करने में जुटी है.

बुधवार की सुबह स्थानीय महिलाएं गोबर चुनने खेत की तरफ गई थी. इसी क्रम में दुर्गन्ध मिलने पर खेत के पानी में उपल रहे शव पर नजर पड़ी, ये खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई. देखते ही देखते स्थल पर भारी भीड़ जुट गई. ग्रामीणों ने शव की सूचना हरिहरपुर पुलिस को दी. हरिहरपुर थाना प्रभारी गिरधर गोपाल दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे. शव को बाहर निकाल शिनाख्त करवाया. तब उसकी पहचान टिकला सिंह के रुप में हुई . संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि टिकला सिंह का हत्या कर उसके शरीर में नमक डाल कर खेत में दफन कर दिया गया था. शव बाद में पानी में उपल कर बाहर आ गया. शव को देखकर माना जा रहा है कि कई दिनों पूर्व ही घटना को अंजाम दिया गया है.

### कौन था टिकला सिंह

पुलिस की मानें तो टिकला सिंह का कई अपराधिक रिकार्ड रहा है. कई संगीन अपराधिक मामले पर जेल जा चुका था. वर्ष 2015 मे जेल से बाहर आने के बाद 4 मार्च को होली मिलन समारोह के दरमियान गोमो आरपीएफ मंदिर के समीप हरिहरपुर गाव निवासी मकसूद अंसारी की गोली मार कर हत्या करने के मामले में सुर्खियो में आया था. मूलत: हरिहरपुर गाव निवासी था परंतु बीते कुछ सालों से गोमो के आज़ाद हिन्द हाई स्कूल के पीछे मुहल्ले में रहता था. वर्तमान में बराकर (बंगाल) में रहने की बात बताई जा रही है. परंतु हरिहरपुर के साथ कोरकोट्टा गांव की एक महिला के साथ मधुर संबंध होने के कारण अक्सर आना जाना और रहना होता था. वारदात को लेकर यह भी एक कारण माना जा रहा है. इस महिला से जुड़े लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है.

## प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की कोयलांचल में धूम

**गिरिजाघरों में उमड़ी भीड़, कैंडल जलाकर की प्रार्थना**

- एक-दूसरे को दी गई बधाई

संवाददाता। धनबाद



कोयलांचल में मंगलवार-बुधवार की देर रात से ही गिरिजाघर में भीड़ उमड़ी रही है. शहर के स्टेशन रोड स्थित संत मेरी चर्च में मेले सा नजारा देखने को मिला. जहां भारी संख्या में सभी ईसाई धर्मावलंबी चर्च पहुंचे और कैंडल जलाकर प्रार्थना की. यीशु के जन्मदिन पर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर चर्चों में विशेष प्रार्थना सभा की गई. बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया.

मंगलवार की आधी रात को चर्चों का घंटा बजते ही प्रभु यीशु ने जन्म लिया. प्रभु यीशु के चरनी में जन्म लेते ही रोशनी से चर्च जगमगा गए. लोगों ने एक दूसरे का क्रिसमस की बधाई दी. बुधवार की सुबह धनबाद के विभिन्न चर्च संत में इसाई समुदाय के लोगों के साथ-साथ आम जनों, युवाओं एवं युवतियों की भीड़ जुटी. प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित बनायी गई झांकी को देखा और क्रास, माता मरियम व प्रभु यीशु के समझ मोमबत्ती जलाकर उनके आगमन का स्वागत किया. इससे पूर्व दोनों चर्चों में प्रार्थना सभा का अयोजन किया गया.

## मिट्टी की दीवारों को सुंदर बनाने की पहल



झरिया । झरिया आधारित सामाजिक परियोजना कोलफील्ड चिल्ड्रेन क्लासेस ने कोलियरी गांवों में घरों की मिट्टी की दीवारों को सुंदर बनाने की पहल की. लोक कला शिविर के चौथे चरण में झरिया और केंदुआ के करीब 25 बच्चों ने बस्ताकोला क्षेत्र में हिस्सा लिया. प्रदूषण, धूल और धुएं की गोद में बसे गांव को सुंदर बनाने का लक्ष्य पिछले चार सालों से हर सर्दियों में कोलफील्ड चिल्ड्रेन क्लासेस झरिया कोयला क्षेत्रों में विभिन्न जगहों पर 20-22 दीवार कलाकृतियां बनाते हैं. लोक कला की यह नई शैली 'वरली कोयलारी कला' है जो ज्यामितीय रूपों में महाराष्ट्रीयन वरली लोक कला से मिलती जुलती है. झरिया में इस कला में मुख्य रूप से तीन रंगों का इस्तेमाल किया जाता है काला, भूरा-लाल और सफेद. इस तरह के कला शिविर का मार्गदर्शन सामाजिक कार्यकर्ता पिनाकी रॉय और कलाकार संजय पंडित ने किया.

# क्रिसमस सेलिब्रेशन के साथ नये साल की ओर बढ़े कदम

### तोपचांची झील



संवाददाता। तोपचांची

तोपचांची झील की प्राकृतिक और नैसर्गिक सुंदरता की अलग पहचान है. इसकी अनुपम सुंदरता का आनंद लेने के लिए सालों भर यहां पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है. बुधवार को क्रिसमस के मौके पर तोपचांची झील की सुंदरता का आनंद लेने पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी. पर्यटकों ने झील के आसपास के क्षेत्र में पिकनिक मनाई. झील की सुंदरता और शांत वातावरण ने पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. पर्यटकों ने झील के आसपास के क्षेत्र में फोटोग्राफी का भी आनंद लिया. सुरक्षा के मद्देनज़र से पुलिस की तैनाती है.

### मैथन डैम





संवाददाता। मैथन

मैथन डैम पर क्रिसमस डे के अवसर पर सैलानियों की भारी भीड़ देखी गई. सुबह से ही सैलानी पहुंच रहे थे. यहां के पार्कों, पहाड़ों के तलहटियों एवं जलाशय के किनारे पिकनिक का जमकर आनंद उठाया, फिल्मी गानों पर जमकर थिरके व जमकर मस्ती की. जलाशय में नौकाविहार का भी खूब लुफ्त उठाया. भीड़ को देखते हुए सीआईएसफ होमगार्ड एवं स्थानीय पुलिस जगह-जगह तैनात नजर आए. डैम और सैलानियों की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ ड्रोन कैमरा और दूरबीन से निगरानी करते नजर आए. डीवीसी प्रबंधन ने सैलानियों की सुविधा व सुरक्षा को लेकर डैम पर वाहनों के प्रवेश बंद कर दिया है. जिससे कुछ देर के लिए जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी. हालांकि सूरक्षा कर्मियों की तत्परता से अधिक देर तक जाम नहीं रहा।

### भटिंडा फॉल



संवाददाता। पुटकी

मुनीडीह क्षेत्र के भटिंडा फॉल में क्रिसमस के दिन सैलानियों का हुजूम उमड़ रही. हजारों की संख्या में लोग छुट्टी के इस दिन का जमकर लुत्फ उठाया. भटिंडा फाल के इस मनोरम दृश्य और चट्टानों से गिरते झरने को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद करने को सैलानी आतुर दिखे. स्थानीय बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष संदीप महतो पंहुच स्थिति का जायजा लिया. समिति अध्यक्ष संदीप महतो ने यहां आने वाले सैलानियों से स्वच्छता पर ध्यान देने और थर्माकोल प्लेट की बजाय पत्ता वाले प्लेट का उपयोग करने की अपील की.

### होमगार्ड बहाली के लिए अब 100 अंक की होगी परीक्षा

**30 अंक लाना अनिवार्य होगा**

**रांची।** झारखंड में होमगार्ड बहाली को लेकर गृह विभाग ने नियमावली-2014 का गजट छाप दिया है. इसमें तकनीकी योग्य अभ्यर्थियों के लिए 100 अंकों की परीक्षा होगी. इसमें पास होने के लिए 30 अंक जरूरी होंगे. शहरी क्षेत्रों में सरकारी सेवकों का नामांकन कुल रिक्तियों का 10% तक ही हो सकेगा. इसके लिए अभ्यर्थी को कार्यालय प्रधान से एनओसी देना होगा. शहरी गृह रक्षक के रूप में नामांकन के लिए अभ्यर्थी को उस जिले या शहर का निवासी होना चाहिए या वहां कार्यरत होना चाहिए. डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, सरकारी पदाधिकारी व बैंक अधिकारियों के कार्यस्थल को सामान्य निवास माना जाएगा. ग्रामीण गृह रक्षक पद के लिए अभ्यर्थी को उसी प्रखंड और गांव का निवासी होना अनिवार्य है. शैक्षणिक योग्यता सातवीं पास रखी गई है.

# कोयलांचल ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की मनायी जयंती

धनबाद। कोयलांचल में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। यह आयोजन उनके जीवन, साहित्यिक और राजनीतिक योगदान को याद करने के लिए किया गया था। अटल बिहारी वाजपेयी एक महान राजनेता, कवि और पत्रकार थे, जिन्होंने भारत के दसवें प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके जीवन और योगदान को याद करने के लिए कोयलांचल के लगभग हर इलाके में समारोह आयोजित किए गए। उनका जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था।

## कतरास में जयंती पर श्रद्धांजलि सभा

कतरास। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कतरास मंडल कार्यालय में भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की 100वी जयंती धूमधाम से मनाई गई .कार्यक्रम की अध्यक्षता कतरास मंडल अध्यक्ष सूर्य देव मिश्रा ने किया. सभी ने अटल बिहारी वाजपेयी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की .इस दौरान वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवनी पर प्रकाश डाला. मौके पर जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, राजेश स्वर्णकर, दिनेश उपाध्याय, कुंदन सिंह, श्याम किशोर, कल्लू वाईके पाठक, हुलास यादव, बबलू मिश्रा, रविंद्र विजन, छोटू साहू, उषा पटवा सहित अन्य मौजूद थे.

## मुराईडीह में भाजपाइयों ने दी अटल जी को श्रद्धांजलि



बरोरा। भाजपाइयों व स्थानीय लोगों ने मुराईडीह में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की शताब्दी जयंती धूम धाम से मनाई. पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण किया. परमाणु परीक्षण और कारगिल जैसे युद्ध से भारत को मजबुत किया. उनकी कविताओं से हमें प्रेरणा मिलती रहती है. मौके पर रणधीर झा ,जोगी चौहान,वरीय चिकित्सक डॉक्टर टीटी सिंह ,तेज नारायण मिश्रा, चंदू पांडेय, हरेंद्र सिंह, रंजीत राजभर, राजू मिश्रा, बिनोद चौहान, फाइन टेलर, सुरेश शर्मा,किशोर मोदी,सुरेश चौहान , गोपाल साव मुमताज अंसारी, छोटू साव, लालू साव, आशीर्वाद मिश्रा, शिवम सनातन झा अन्य लोग उपस्थित थे.

## वाजपेयी की जयंती पर कंबल वितरण

गोमो। भाजपा गोमो मंडल की ओर से साउथ कॉलोनी दुर्गा मन्दिर प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की 100वी जयंती धूमधाम से मनाई गई. ने किया. हीरामन नायक, दिलीपगोस्वामी, शंकर पाण्डेय, सत्यनारायण वर्णवाल, राजू तिवारी, सुनील मंडल, मनोज रजक, उषा देवी, प्रमिला देवी आदि कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर नमन करते हुए माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवनी पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम के उपरांत जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि हीरामन नायक ने जरुरतमंदों के बीच कम्बल वितरण किया गया.

## अटल जी ने दी थी झारखंड की सौगात : राज सिन्हा



भूली। भूली सी ब्लॉक रोड स्थित अटल स्मृति पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती पर मनाई गई. धनबाद विधायक राज सिन्हा ने अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. राज सिन्हा ने कहा कि झारखंड राज्य के आंदोलन में कई राजनीतिक पार्टी ने आंदोलन का हिस्सा रहे. झारखंड राज्य के कुछ आंदोलनकारियों ने आंदोलन को बेचने का काम किया. जबकि अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड का सौगात दिया. अटल बिहारी वाजपेयी अजातशत्रु रहे उनपर कोई आरोप नहीं लगा सकता.

## गोविंदपुर में याद किए गए महामना और अटल बिहारी वाजपेयी



गोविंदपुर। श्री हरदेवराम पुस्तकालय में बुधवार को महामना मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई. अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, संचालन अनूप साव एवं धन्यवाद ज्ञापन मथन चंद्र दसौंधी ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महापुरुषों की तस्वीरों पर माल्यार्पण के साथ हुई. वक्ताओं ने वाजपेयी तथा मालवीय की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला. विचार रखने वालों में पूर्व उप प्रमुख डीएन सिंह, एसएन लाल त्यागी, जय प्रकाश मिश्र, रामचंद्र मिश्र, संजय साव, दिजेन चन्द्र बिस्टु, अमल दत्ता, शंकर रविदास, दिनेश कुमार राय, जयदेव मोदी, विमल शर्मा, दीपक धीवर, रामाश्रय सिंह, डॉ आरके शर्मा , प्रमोद सिंह आदि प्रमुख थे.

### ब्रीफ खबरें

## बरटांड़ मंडल ने मनाई अटल की जयंती

धनबाद : भारतीय जनता पार्टी बरटांड़ मंडल के अध्यक्ष किशोर मंडल की अध्यक्षता में बांधधार धैया में भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई. मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा धनबाद महानगर के जिला मंत्री पंकज सिन्हा, किशोर मंडल एवम सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं नम आंखों से याद किया. इस अवसर पर जिला मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि 1998 में पोखरण में पांच परमाणु परीक्षण किया. इससे खफा पाकिस्तान ने कारगिल में हमला कर दिया.

## बहुजन एकता मंच ने फूंका अमित शाह का पुतला

भौंरा । बहुजन एकता मंच के बैनरतले भौंरा बाई क्वार्टर से डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल से जुलूस लेकर गौरखुंटी झारखंड मोड़ पर गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया. मनुस्मृति किताब को भी जलाया गया. मंच का अध्यक्ष रंजीत यादव ने कहा कि देश संविधान से चलेगा ना की मोदी अमित शाह से. पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवबालक पासवान, सुनूं हेमब्रम प्रदीप कुमार आदि लोग मौजूद थे.

## शिक्षक नेता का ब्रेन हेम्ब्रेज, हालत गंभीर

मदुदा : शिक्षक नेता व झारखण्ड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखण्ड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के राज्य प्रतिनिधी मो० सिद्दीक शेख का ब्रेन हेम्ब्रेज होने से उनकी हालत नाजुक है. मंगलवार की रात अचानक तबियत खराब हो गई थी, तो परिजन आनन फानन मे तुरन्त बोकारो जेनरल अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया, जहाँ स्थिति में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने रेफर कर दिया. अहले सुबह परिजनों उन्हें मेदान्ता रांची ले जाकर भर्ती कराया है. जहां अभी सीसीयू में उनका इलाज चल रहा है. जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है.

## अज्ञात वाहन की टक्कर से एक घायल

झरिया। चासनाला के के गेट समीप एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मोटर साईकिल सवार बेरमो बोकारो निवासी अमनकुमार सिंह बुरी तरह घायल हो गया. घायल को सड़क पर तड़पता देख कुछ स्थानीय युवक उसे चासनला सीएचसी अस्पताल ले गए. डॉक्टर ने घायल की गंभीर स्थिति देखते हुए धनबाद रेफर कर दिया. घटना की खबर मिलते ही पाथरडीह थाना प्रभारी पवन चन्द्र पाठक घायल पहुंचे. घटना स्थल से मिले युवक के मोबाइल से ही उसके परिजनों से सम्पर्क कर जानकारी दी गई. खबर पाकर जियलगोरा से साथीगण पहुंच बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए.

## क्रिसमस पर जरुरतमंदों को बांटे वस्त्र

निरसा/पंचेत। पतलाबाड़ी रामकृष्ण कॉलोनी में एबेनेजर ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा क्रिसमस के मौके पर का भव्य समारोह का आयोजन किया गया. यीशु मसीह का जन्मदिन मनाया. कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और गीतों के साथ हुआ. कार्यक्रम के द्वारा यीशु मसीह द्वारा लाई गई आशा और उद्धार के संदेश को बताया गया. साथ ही नृत्य और नाटक भी प्रस्तुत किया गया. मौके पर गरीब जरूरतमंद को गर्म कपड़े, विधवा महिलाओं को साड़ी, एक दिव्यांग बच्चे को व्हीलचेयर दिया गया. यह क्षण अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक था. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बबलू दास, एबेनेजर ट्रस्ट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पॉलुश दास, दीपा दास, प्रिंस दास, अजय बाउरी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

# देवप्रभा लोडिंग में तनाव कायम, पुलिस बल तैनात

### जमसं बच्चा गुट ने की सड़क जाम, धरना-प्रदर्शन



संवाददाता। झरिया

कुजामा गोलीकांड का मामला बुधवार को भी गर्म रहा. जनता मजदूर संघ बच्चा गुट द्वारा कुजामा चेकपोस्ट के समीप सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन किया. मामला को देखते हुए तिसरा पुलिस,घनुडीह पुलिस और सीआईएसएफ दल-बल के साथ मौजूद थे. वहीं आंदोलनकारियों द्वारा कुजामा लोडिंग प्वाइंट और आउटसोर्सिंग को बंद करा दिया था. परियोजना बंद होने से दस हजार टन कोयला का उत्पादन नहीं हो पाया. जबकि चालीस हजार क्यूबिक मीटर ओबी निकाला जा सका. इधर पुलिस दोनों ओर से दी गई लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की तैयारी कर रही है.

बताते चलें कि मंगलवार को कुजामा लोडिंग प्वाइंट पर ट्रक लोडिंग के बाद विवाद बढ़ गया था. सात दिनों से चक्का जाम आंदोलन कर रहे जमसंघ बच्चा गुट समर्थक मैनुअल लोडिंग की मांग कर रहे थे. वहीं जनता श्रमिक संघ के लोग पहुंच गए, वे लोग ट्रक लोडिंग कराना चाह रहे थे. इसके बाद विवाद हो गया था और वर्चस्व को लेकर जमकर फायरिंग की गई.

## मनमाने तरीके से हाईवा परिचालन से लग रहा जाम, बढ़ रही परेशानी



झरिया। सुदामडीह थाना क्षेत्र के मोहलबनी नगीना बाजार चेक पोस्ट के समीप हाईवा के परिचालन से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. रोड के दोनों साइड हाईवा चालक आने जाने वाले वाहनों को ब्लॉक कर दे रहे है. मनमाने तरीके से वाहन चलाने के कारण ट्रक व हाईवा से रोड के दोनों साइड जाम लग जा रहा है. स्थानीय लोगों ने सुदामडीह थाना प्रभारी से गुहार लगायी है. कहा कि जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए थाना प्रभारी कोई ठोस कदम उठाए. मंगलवार की देर शाम भी करीब डेढ़ घंटा जाम लगा रहा, वाहन रेंगते रहे. दो पहिया, चार पहिया वाहनों साथ इमरजेंसी वाहन भी जाम में फंसे रहे.

# सत्ता की सनक में चूर है भाजपा : अनुपमा



संवाददाता। झरिया

जियलगोरा स्थित आवासीय कार्यालय में बुधवार को कांग्रेसियों की बैठक हुई. बैठक में शामिल विभिन्न संस्थाओं एवं लोगों द्वारा कई समस्याओं से कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह को अवगत कराते हुए समाधान कराने की मांग किया. इस दौरान अनुपमा सिंह ने लोगों को उनकी समस्याओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिया. आज सत्ता की सनक में चूर भाजपा की सरकार महापुरुषों की लगातार गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी कर अपमान कर रही है. उन्होंने कही कि हद पार तो तब हो गई, जब देश के गृहमंत्री लोकतंत्र के मंदिर में खड़े होकर हमारे संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने लगे है, जो निंदनीय है. उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह से माफी मांगने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री से गृहमंत्री को तत्काल सरकार से बर्खास्त करने की मांग किया है. ऐसा नहीं करने पर विपक्ष संसद से सड़क तक सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगी. मौके पर गुलगुलिया समाज के नेता अनिल पांडेय ,मुख्तार खान, शमशेर आलम, संतोष महतो ,बंभोली सिंह ,तारा पाठक, संतोष चौधरी ,नयन चक्रवर्ती,अशोक राय, कयूम खान ,विजय पासवान ,किशोर कुमार, शिव शंकर सिंह ,मकसूद आलम ,गुड्डू खान, सतपाल सिंह ब्रोका, भगवान दास ,चिराग सिंह ,सनी सिंह ,इम्तियाज आलम आदि थे. एनएसयूआई एवं यूथ कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। सामाजिक संगठन गुलगुलिया विद्यालय के संस्थापक अनिल पांडे बागडीगी ग्रामीण एकता मंच के नयन चक्रवर्ती इम्तियाज आलम अपने सैकड़ो साथियों के साथ उपस्थित थे।

### न्यूज अपडेट

## झरिया में मनायी अटल बिहारी वाजपेयी जयंती



झरिया। मेन रोड पर देशबंधु सिनेमा हॉल के समीप प्रखर वक्ता, कवि, भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की शताब्दी जयंती सुशासन दिवस के रूप मनाई गई. कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे झरिया नगर अध्यक्ष अवधेश साव ने की उनके स्मृति चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किये. राजकुमार अग्रवाल, महावीर पासवान, विष्णु त्रिपाठी, दिलीप भारती, अरिदम बनर्जी, अरुण साहू, देवनारायण सिंह, श्याम सुंदर सोनकर, रामप्रकाश सिंह, संजू वर्मा, उमा भट्टाचार्य, अर्जुन निषाद, वीरेंद्र शर्मा, गणेश बरनवाल, अमित साहू, मोतीलाल विश्वकर्मा, महेंद्र सिंह, राजमाली, बबलू साहू, शत्रुघ्न मालाकार, राजा सिंह पिंकू चंद्रवंशी राजेश अग्रवाल जितेंद्र राम गौतम सेन राजेश ठाकुर थानेश्वर गुप्ता राजकुमार केसरी मुन्ना पांडे सोनू चंद्रवंशी कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## शिशु मंदिर कुमारडीह में खेलकूद समारोह

महुदा। श्री श्री मंगल प्रभा जैन महाराज शिशु मंदिर कुमारडीह में प्रभाकर विजयजी महाराज के पुण्य तिथि पर विद्यालय में खेलकुद-एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि विधायक शत्रुघ्न महतो, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, महुदा महाविद्यालय के सचिव दीपनारायण शर्मा, प्राचार्य श्यामलाल महतो ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया. प्रो. शंकर रवानी, मुखिया संगीता घोषाल, पूर्व मुखिया सम्पद घोषाल, आईएसएल झरिया के प्राचार्य संतोष, भाटडीह ओ॰पी के एएसआई एस के शर्मा ,हिमांशु शेखर रवानी,संजय सराक विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार सराक, मनोरंजन सराक उपस्थित थे. खेल में निंबू दोड़, सूई-धागा दौड़, म्युजिकल चेयर, रेश 100 मीटर,कबड्डी, पग बाधा दौड़ एवं बोरा रेश का आयोजन किया गया था तथा नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। शिक्षा के प्रसार के लिए सहयोग को तत्पर- विधायक शत्रुघ्न महतो पीएमएसबीएम स्कूल बेलाखोन्दा भाटडीह में भी वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा शिक्षा के प्रसार के लिए विद्यालयों का सहयोग करने की बात कही. जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बच्चों और शिक्षकों के प्रयास की सराहना की.

## ठाकुर अनुकूल चंद्र जयंती पर शोभा यात्रा

झरिया। श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र की 137वें जन्मोत्सव पर डिगवाडीह टाटा कोलियरी स्थित समुदायिक भवन के प्रांगण में 35वां वार्षिक समारोह का आयोजन दक्षिण धनबाद सत्संग कमिटी द्वारा आयोजित किया गया है। इस अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी. भजन कीर्तन मंडली झरना महतो, रीता दास, कोनिका महतो, भारती महतो, शिला महतो, इतु दत्ता आदि ने अनुकूल ठाकुर की जीवनी पर भजन बंगला एवम हिंदी में प्रस्तुत किया है। 7 वर्ष की रिया ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया है। देवघर से आये भजन गायक, कथा वाचक ने जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा है की सद्गुरु के शरणपन होऊँ, सतनाम मनन करो, सतसंग का आश्रय ग्रहण करो तभी निश्चित ही उन्नयन के लिए सोचना नहीं पड़ेगा. कार्यकम में सुबह कालीन समवेत प्रार्थना, नामजप, वाणीपाठ, सांस्कृतिक कार्यकर्म, विशाल शोभायात्रा नगर भर्मण, साधना धर्म सभा, महाप्रसाद भंडारा वितरण, संध्या प्रार्थना आदि हुए।

## दुकान में आगजनी-तोड़फोड़, थाने में शिकायत

निरसा बाजार ।निरसा थाना क्षेत्र के मुगमा स्टेशन रोड निवासी कौशल्या देवी ने स्टेशन रोड मुगमा के पांच लोगों पर चाय- नाश्ता की दुकान में तोड़ फोड़ करने, आगजनी करने, गाली गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने सहित करीब पचास हजार की संपत्ति को नुकसान करने की शिकायत बुधवार को निरसा थाना में की है. शिकायत में कहा है कि घर के सामने मेरा चाय- नाश्ता की दुकान है. मंगलवार की शाम करीब पांच बजे सोनू सिंह दुकान में चाय नाश्ता किया. इसके बाद उनका पोता प्रियम के साथ पैसे देने को लेकर कहासुनी करने लगा. इसी बीच मेरा छोटा लड़का तालकेश्वर गिरि वहां पहुंचा तो उसके साथ गाली गलौज कर चला गया. रात करीब 11 बजे सोनू सिंह, अमित कुमार सिंह, हर्ष कुमार सिंह, बंटी कुमार सिंह व भोला सिंह ने दुकान में तोड़ फोड़ करते हुए आग लगा दी. जान से मारने की धमकी भी दी. उनके पोते ने पुलिस को फोन किया तो पुलिस के आने से पहले वे लोग फायरिंग करते हुए भाग निकले. उन्होंने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है.

## शहीद निर्मल महतो की 75 वीं जयंती

निरसा/पंचेत। बेनागड़िया फुटबॉल ग्राउंड में मंगलवार को शहीद निर्मल महतो का 75 वीं जयंती मनाई गयी. आस-पास के गांव के ग्रामीणों ने शहीद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इस दौरान सोमनाथ महतो ने कहा जिन दिनों झारखण्ड में जमींदारी प्रथा और सूदखोरी चरम पर थी, ग़ैर झारखंडी के हाथों गरीब आदिवासियों, मूलवासियों का दमन किया जा रहा था तब महज तीस वर्ष के छोटी सी उम्र में झारखंड की आजादी की लड़ाई में कूद गए थे. हमें उनकी जीवनी से सिख लेने की जरूरत है. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्गों में अंतर क्विज कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया. मिडिल स्तर में बेनगोड़िया उच्च विद्यालय प्रथम और उच्च मध्य विद्यालय दहीबाड़ी द्वितीय स्थान पर रहे. दूसरे वर्ग में जागृति उच्च विद्यालय खोखरपहारी, मध्य विद्यालय लेदाहेरिया व उच्च विद्यालय बेनागोड़िया क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे. व्यक्तिगत प्रतियोगिता में सुजाता कुमारी बेनागोडिया प्रथम, अंजलि कुमारी द्वितीय व धनी कुमारी सिंह तृतीय स्थान पर रहे. इस अवसर पर ठाकुर मांझी, नंद किशोर महतो, राजेश सिंह, बाबुजन मरांडी, नगेन महतो, रियाज़ अंसारी, निर्मल महतो, बाबन मित्रा आदि उपस्थित रहे.

## विद्युत कर्मियों ने लिया वनभोज और क्रिकेट का आनंद



झरिया। बिजली विभाग के झरिया अंचल अंतर्गत पीएसएस के ऊर्जा मित्र, मानव दिवस कर्मी के बीच मोहलबनी मैदान में दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया. मैच 20 ओवर की थी. जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए जामाडोबा पीएसएस की टीम ने आठ विकेट गवाकर 94 रन बनाए वहीं दूसरी पारी खेलते हुए डिगवाडीह पीएसएस की टीम नौ ओवर 2 गेंद में ही लक्ष्य को प्राप्त कर विजेता बना. मैन ऑफ द मैच डिगवाडीह पीएसएस टीम के अंजीर खान रहे. उन्होंने 48 रन बनाने के साथ गेंदबाजी में 2 विकेट लिया. इस अवसर पर विद्युत कर्मियों ने वनभोज का भी आनंद लिया. विजेता व उपविजेता को विभाग के मुख्य अभियंता विशेश्वर मरांडी ने पुरस्कृत किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में एसडीओ आलोक केरकेट्टा, भोला सिंह,आसिफ अंसारी शामिल थे.

# श्रद्धा-भक्ति के साथ तुलसी पूजन सम्पन्न



संवाददाता। चिरकुंडा

सूर्योदय सेवा समिति द्वारा चिरकुंडा उपर बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी में बुधवार की संध्या तुलसी पूजन दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया. इसमें काफी संख्या में महिलाएं एवं चिरकुंडा समाज के लोगों ने तुलसी माता की भक्तिपूर्वक विधि विधान से पूजा अर्चना की व प्रसाद वितरण किया गया. मौके पर सूर्योदय सेवा समिति, मारवाड़ी महिला समिति,मानव सेवा परिवार के सदस्यों के अलावे काफी संख्या में महिला व आसपास पास के श्रद्धालु मौजूद थे.

## कतरास में उत्सव का आयोजन

कतरास। तुलसी पूजन दिवस के उपलक्ष्य में कतरास के केशलपुर कोलियरी फुटबॉल मैदान में तुलसी पूजन उत्सव धूमधाम से मनाया गया. सामुहिक रूप से तुलसी माता की विधिवत पूजा अर्चना और आरती की गई. संघ के प्रमोद झा ने तुलसी के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि तुलसी का महत्व हमारे धर्म ग्रंथों, वेद, पुराण, उपनिषद आदि में वर्णित है. स्कंद पुराण के अनुसार जहां तुलसी की पूजा अर्चना की जाती है वहां यमदूत कभी प्रवेश नहीं करते. जिसके घर में तुलसी पूजन होती है वहां लोग धन–धान्य से परिपूर्ण रहते है. कार्यक्रम में तुलसी पौधों का वितरण किया गया. प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुशील चौधरी, झींझीं पहाड़ी पंचायत की मुखिया प्रेमलता कुमारी,अनिकेत कुमार, राजा, सचिन कुमार आदि सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे.

## सम्पूर्ण जनजागृती ऑर्गनाइजेशन ने किया तुलसी पूजन

बाघमारा। सामाजिक संस्था सम्पूर्ण जनजागृती ऑर्गेनाइजेशन डुमरा में बुधवार को तुलसी पूजन, खोरठा दिवस सह समर्थ भारत पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री कवि सह पत्रकार अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन मनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शत्रुघ्न महतो ने तुलसी पूजन व दीप प्रज्वलित कर जन्मदिन मनाया. लालचंद महतो मेमोरियल ट्रस्ट के नीरज कुमार ने संस्था को निशुल्क समरसेबुल वाटर पंप एवं पानी टंकी प्रदान की. विधायक ने संस्था के कार्य का उल्लेख करते हुए संस्था को हर तरह से सहयोग करने के बात कही. साथ ही माटिगढ़ डैम के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए बीसीसीएल सीएमडी से बातचीत करने की बात कही.

# आत्मा की कोई जाति नहीं होती : हरिदास

### राधा कृष्ण सेवा ट्रस्ट की भागवत कथा में उमड़े श्रोता



संवाददाता। गोविंदपुर

राधाकृष्ण सेवा ट्रस्ट एवं श्री श्री राधाकृष्ण प्रेम मंदिर के तत्वावधान में स्थानीय श्रद्धालुओं के सहयोग से ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा व्यास सुरेंद्र हरिदास ने कहा कि आचार- विचार हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होते हैं. मनुष्य को अपने आप को पवित्र रखना चाहिए. मनु स्मृति में ऐसा कहा गया है कि जो मनुष्य आचारवान होता है, वह आयु को प्राप्त करता है. सुन्दर श्रेष्ठ संतान को प्राप्त करता है. धन-सम्पदा को प्राप्त करता है. वह जीवन में होने वाले अपने सारे अनष्टों का नाश कर देता है. महाराज ने बताया कि दुराचारों ही पुरुषों लोके भवति निन्दितः. जो मनुष्य दुराचारी होता है, संसार में वह निंदित होता है. आचारहीन व्यक्ति हमेशा ही यहां भी दुःख पाता है और यमपुरी में भी दुःख पाता है. इसलिए आज कल जो विचार चल रहे है कि मेरा जो मन करेगा, वही मेरी लाइफ है. सनातनियों को ऐसा नहीं करना चाहिए . हमें जीवन कुछ समय के लिए मिला है, उस जीवन को अपने तरीके से मत जियो. उस जीवन को शास्त्रों के तरीको से जियो. शास्त्र किसी एक जाति के कल्याण के लिए नहीं. महाराज ने कहा कि आत्मा की कोई जाति नहीं होती. वर्ण व्यवस्था जो है वह शरीर की है. कहीं भी जन्म ले करके हम वंदनीय व आदरणीय हो सकते हैं. संत रविदास इसके सबूत हैं. कबीर बाबा उसके सबूत हैं. माँ सबरी प्रमाण है, केवट उसका प्रमाण है. महाराज ने कहा कि आत्मा की कोई जाति नहीं और आप शरीर नहीं हो. शरीर तो ऐसे समझो जैसे किराये का मकान आज है कल नहीं लेकिन आपके पवित्र आचरण आपको कहीं भी पहुंचा सकते हैं. कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप बंसल, कांता बंसल, संजय अग्रवाल अनिता अग्रवाल, शरद अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पवन लोधा, प्रभु विश्वकर्मा, भूदेव विश्वकर्मा, शंकर अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, शरत दुदानी, निरंजन अग्रवाल, अनुप सरिया, सुनील सरिया, सुरेश सरिया, प्रदीप अग्रवाल , प्रकाश विश्वकर्मा समेत सोलह आना दिगर का सहयोग है.

## होली फैमली चर्च चिरकुंडा में क्रिसमस की धूम

चिरकुंडा। तालडांगा स्थित होली फैमली चर्च में क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया. चर्च को बहुत ही सुंदर व आकर्षक ढंग से सजाया गया. यहां पर लोग निरसा, चिरकुंडा, मुगमा, मैथन, कालुबथान, पंचेत, बराकर व आसपास के लोग चर्च में आकर क्रिसमस का त्योहार मनाया. फादर ए अल्फांसो व लोयला स्कूल के प्राचार्य सह फादर जानी पी देवसिया ने बताया कि 24 दिसंबर की रात्रि 10.30 में कैरोल सिंगिंग क्रिसमस गीत गाया गया. 11 बजे रात्रि में क्रिसमस का पूजन समारोह किया गया. गिरिजा समापन के बाद केक के साथ जन्मोत्सव की खुशी लोगों के बीच बांटी गई. बुधवार की सुबह 7.30 बजे पुनः मीसा पूजा की गई. कहा कि क्रिसमस प्रभु यीशु का जन्मोत्सव का खुशी बांटने का दिन है. माना जाता है कि यीशु इस धरती पर शांति, प्रेम, भाईचारा का संदेश लेकर मानव जाति के उत्थान के लिए आए हैं.

## ब्रीफ खबरें

### भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई

**तलगड़िया।** चंदनकियारी विधानसभा के भाजपा बिजुलिया मंडल ने बांधडीह कार्यालय में मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार चौबे के नेतृत्व में भारतीय राजनीति में आजातशत्रु रहे प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी का 100वीं जयंती मनाई. वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया. बबलू कुमार चौबे ने कहा कि शानदार भाषण, कुशल नेतृत्व क्षमता, अद्भुत संगठन करने वाले अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने थे. इनके बताये गये नीति सिद्धांत व आदर्श को आपना कर ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी.

### पत्रकार की बड़ी मां का निधन

**कथारा।** बेरमो अनुमंडल के जारंगडीह निवासी सह दैनिक अखबार के पत्रकार विश्वकर्मा भारती के 65 वर्षीय बड़ी मां मालती देवी का निधन उनके आवास जारंगडीह बारह नंबर कॉलोनी में बीती रात हो गई. पत्रकार भारती व स्वजनों के अनुसार काफ़ी दिनों से अवस्थ्य चल रही थी, जिनकी अंतिम सांस मंगलवार की रात थम गई. उनके निधन की सूचना पर आसपास के लोगों के अलावे कई पत्रकार साथी उनके घर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बांधया.

### अलकुशा में शहीद निर्मल महतो की जंयती मनी

**तलगड़िया।** चास प्रखण्ड निर्मल महतो स्मारक समिति ने शहीद निर्मल महतो चौक अलकुशा में निर्मल महतो की 74वीं जयंती के अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों व समाजिक संगठनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. अध्यक्षता ज्योति लाल महतो व संचालन मुखिया रोहित रजक ने किया. ज्योति लाल महतो ने कहा कि 16 जनवरी 2025 को शहीद निर्मल महतो की आदमकद मूर्ति स्थापित होगी. जिसमें चिंतनशील, बुद्धिजीवी, महिला, पुरुष, समाजसेवी सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किये.

### जरूरतमंदों की मदद समाज का दायित्व : कुमार अमरदीप

**बोकारो।** बढ़ती ठंड को देखते हुए रोटरी क्लब चास द्वारा सेक्टर 12 स्थित आसस विद्यालय के प्रांगण में जयपाल नगर के रहने वाले जरूरतमंद लोगों को उच्च गुणवत्ता वाले गर्म कंबल वितरित किए गए. इसके अलावा उपयोग किये हुए कपड़ों का वितरण भी काफी संख्या में किया गया. रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि वंचित परिवारों के उत्थान के लिए रोटरी क्लब सदैव समर्पित रहा है. बिनोद चोपड़ा ने कहा कि करूणा का छोटा सा कार्य भी बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है. संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है की हम ऐसे गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करें ताकि वे उम्मीद एवं आशा से भरी जिंदगी जी सके.

### इस्पात जनता मजदूर संघ की बैठक

**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ के कार्यकारिणी सदस्यों की एक आवश्यक बैठक संयुक्त महामंत्री आशा देवी के नेतृत्व में आवासीय कार्यालय 488/ 3सी में तारकेश्वर महतो की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई. संयुक्त महामंत्री आशा देवी ने कहा कि नगर प्रशासन के मनमानी रवैये के विरोध में मजदूर आंदोलन की रुप रेखा तैयार की जा रही है. बोकारो प्लाट होल्डर से सफाई के नाम पर 3700 रु लिया जाता है, जबकि साफ सफाई का काम प्रबंधन नहीं कर रही है. इसके अलावे नवीकरण की समस्याओं पर समुचित निदान नहीं किया जा रहा है.

### अंतर्राज्यीय फेरी सेवा का शुभारंभ

**साहिबगंज।** बुधवार को जिला प्रशासन, साहिबगंज की देखरेख में साहिबगंज-मनिहारी अंतरराज्यीय फेरी सेवा अंतर्गत मालवाहक एवं यात्री वाहक जलयानों का स्थानीय गरम घाट एवं ओझा टोली घाट से उप विकास आयुक्त, साहिबगंज सतीश चंद्रा ने विधिवत रूप से फिता काटकर परिचालन का शुभारंभ किया. इस मौके पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए-सह- जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नु कुमार मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव एवं अन्य उपस्थित थे.

---

### चार स्मार्ट बायो टॉयलेट और एक शुद्ध पेयजल मशीन का उद्घाटन

# बिजनेस पार्टनर का ईएसएल की परियोजनाओं में निवेश

- छात्रों में 450 स्कूल बैग वितरण

संवाददाता। बोकारो



ईएसएल स्टील लिमिटेड के बिजनेस पार्टनर वेसुवियस ने चार स्मार्ट बायो टॉयलेट, एक शुद्ध पेयजल मशीन का उद्घाटन करके और एक स्वच्छता जागरुकता सत्र आयोजित कर ईएसएल की परियोजना स्थलों में निवेश किया. यह प्रमुख पहल, मासिक धर्म स्वच्छता जागरुकता सत्र, जो ईएसएल की सीएसआर परियोजना स्थलों में एक नियमित गतिविधि है, का उद्देश्य स्कूली बच्चों, विशेष रूप से लड़कियों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में शिक्षित करना और एक स्वस्थ और अधिक सूचित जीवन शैली को बढ़ावा देना है. कार्यक्रम में 450 स्कूल बैग का वितरण भी शामिल था, जिसमें महिला छात्रों पर विशेष ध्यान दिया गया. इसके अतिरिक्त, मधुनिया हाई स्कूल में एक पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया, जिससे पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को बल मिला. इस अवसर पर ईएसएल के रिफ्रैक्टरी प्रमुख सुमन त्रिवेदी ने कहा कि चार स्मार्ट बायो टॉयलेट, एक शुद्ध पेयजल मशीन का उद्घाटन करके और स्वच्छता जागरुकता सत्र आयोजित करके, हम अपने समुदायों में स्वास्थ्य और स्वच्छता को बेहतर बनाने के लिए सार्थक कदम उठा रहे हैं. यह पहल छात्रों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने और उन्हें अधिक सूचित और आत्मविश्वासपूर्ण जीवन जीने के लिए ज्ञान के साथ सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में प्रतिमा दास, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. मधुनिया पंचायत के मुखिया प्रदीप कुमार, ईएसएल के रिफ्रैक्टरी प्रमुख सुमन त्रिवेदी, ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा और वीआईएल के बिजनेस हेड अरविंद कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथियों ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. जिसके बाद शॉल और गुलदस्ते भेंट कर पारंपरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया. इस मौके पर वेसुवियस इंडिया लिमिटेड के प्रमुख अधिकारी, जिनमें वीआईएल के बिक्री प्रमुख अतनु मुखर्जी, वीआईएल के वरिष्ठ प्रबंधक जलाराम आया, वेसुवियस इंडिया लिमिटेड के सीएसआर विभाग से राजश्री दास, वेदांता ईएसएल की सीएसआर टीम से शारदेंदु त्रिपाठी, स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश झा, शिक्षक और छात्र अन्य उपस्थित शामिल हुए.

---

# जमुआ में रेलवे लाइन के किनारे मिला शव

- पूछताछ के लिए दो लोग हिरासत में

संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)

जमुआ-चितरडीह मार्ग पर बने रेलवे ओवरब्रीज के नीचे रेलवे ट्रैक पर बुधवार को एक अधेड़ का शव मिला. घटना की सूचना पाकर जमुआ पुलिस घटनास्थल पर शव को अपने कब्जे में कर थाना ले आई. शव की पहचान मो वारिश साकिम काजीमगहा, थाना जमुआ के रूप में हुआ. मौके पर जमुआ पुलिस ने जमुआ के ही दो युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है. इस बाबत मृतक की पत्नी रबुआ खातून, साकिम काजीमगहा ने जमुआ थाना में आवेदन देकर चार लोगों को नामजद करते हुए हत्या का आरोप लगाई है. दिए आवेदन में कहा कि उसके पति वारिश मंगलवार को सुबह 10 बजे सिलाई का काम करने जमुआ आया था, पर रात घर नहीं पहुंचने पर खोजबीन की. बुधवार की सुबह रेलवे लाइन के किनारे शव होने का हल्ला हुआ तो देखने पर उसके पति वारिश का था. लोगों से पता चला कि मृतक वारिश के साथ मंगलवार को जमुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद के पीछे रहने वाले सूरज डोम, अजय डोम, कुंदन डोम, प्रेम डोम देखा गया था. इसके अलावे दो अज्ञात लोग भी शामिल थे.

कहा कि उक्त लोगों के साथ उसके पति जमुआ से पल्सर बाइक खरीदा था, जिसमें कुछ विवाद हुआ और उक्त लोगों ने उसके पति की निर्मम हत्या कर दी.

---

# भूख हड़ताल पर बैठे छात्र गिरफ्तार



**खास बातें**

- चौकीदार बहाली में धांधली बरतने का आरोप
- बीमार छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल में कराया भर्ती

संवाददाता। गोड्डा

चौकीदार बहाली को रद्द करने की मांग को लेकर जारी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे छात्र-छात्राओं को प्रशासन ने सांकेतिक रूप से गिरफ्तार करते हुए धरना स्थल से हटा दिया, जबकि भूख हड़ताल से बीमार चल रहे छात्रों को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. दोपहर बाद पहुंचे प्रशासन के अधिकारियों ने हड़ताली छात्रों को वैन में भरकर भेज दिया. हड़ताली कर्मियों ने विरोध भी किया लेकिन प्रशासन के आगे इनकी एक ना चली. ज्ञात हो कि चौकीदार बहाली में धांधली बरते जाने का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन के खिलाफ पिछले पंद्रह दिनों से छात्रों द्वारा आंदोलन किया जा रहा है. जिला में करीब ढाई सौ पदों पर बहाली की प्रक्रिया की जा रही है. जिला प्रशासन द्वारा पिछले सप्ताह सूची प्रकाशित करने के बाद कई अभ्यर्थियों के नाम को प्रतियोगिता के दौड़ से बाहर कर दिया गया. इसके बाद से ही छात्रों का एक गुट रिजल्ट में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए आंदोलन कर रहा है. हड़ताली छात्रों का आरोप है कि वैसे छात्रों को बाहर कर दिया गया है, जिन्होंने अधिक अंक प्राप्त किया था और कम अंक प्राप्त करने वालों को सूची में शामिल किया गया है. इसी प्रकार बाहरी लोगों को भी जगह दिए जाने का आरोप लगाया गया था.

---

### श्राद्धकर्म में शामिल हुए विधायक जयराम महतो

**कसमार (बोकारो)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो मंगलवार को कसमार पहुंचे. इस दौरान उन्होंने मुरहुल गांव में जेलकेएम के कसमार प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत कुमार महतो की मां के श्राद्धकर्म में भी भाग लिया. उन्होंने प्रशांत महतो की मां की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. दौरा के क्रम में जयराम ने मुरहुलसूदी पंचायत में पदयात्रा की और लोगों से उनके घरों में जाकर भेंट की. ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जयराम ने कहा कि वे उनके सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े हैं. कहा कि झारखंड को सजाने संवारने की जिम्मेदारी हम सबों की है. एक नयी लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाने की जरूरत है. दौरा के क्रम में खैराचातर में पार्टी के प्रखंड सचिव सौरभ कुमार जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने जयराम का स्वागत किया. मौके पर गोमिया की पार्टी प्रत्याशी रही पूजा महतो, डॉ बसंती मुर्मू, बोकारो जिलाध्यक्ष अमरेश कुमार महतो, केंद्रीय संगठन मंत्री भुनेश्वर महतो, केंद्रीय महासचिव मनोहर महतो, शैलेश महतो, बबलू महतो, गोमिया प्रखंड अध्यक्ष बृजेश महतो, पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार महतो, मनोज महतो, नरेश महतो, नरेंद्र घांसी, सौरभ जयसवाल, नितेश करमाली आदि मौजूद थे.

---

# सलेम टबैरनाकल चर्च में धूम धाम से मना प्रभु यीशु का जन्मदिन

### कार्यक्रम में डुमरी विधायक जयराम महतो हुए शामिल

संवाददाता। कथारा



25 दिसंबर बड़ा दिन प्रभु यीशु के जन्मदिन पर जारंगडीह बारह नंबर कॉलोनी स्थित सलेम टबैरनाकल चर्च व ढोरी माता तीर्थालय में सज्जा सजावट के अलावे आकर्षक चरनी बनाया गया. बड़ा दिन के पूर्व संध्या से ही चर्चो में ईसाई समुदाय के साथ अन्य समुदाय के लोगों का जमावड़ा होने लगा था. सभी चर्चो में प्रभु यीशु के जन्म के समय का इंतजार करते देखे गये. वहीं मिस्सा पूजा, प्रार्थना, बाइबल पाठ आदि किया गया. जैसे ही रात के बारह बजा लोगों ने प्रभु यीशु के जन्म उत्सव मानना शुरू किया, जो रात भर चलता रहा. वहीं बुधवार को सलेम टबैरनाकल चर्च में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

जहां नृत्य संगीत के अलावे कई नाटक मंचन किया गया. उक्त आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो ने मत्था टेका. विधायक को चर्च के लोगों ने बुके देकर स्वागत किया. विधायक महतो ने कहा कि प्रभु यीशु के जन्मदिन मनाना हर्ष की बात है लेकिन सैतानों द्वारा उन्हें काफ़ी प्रताड़ित किया गया, उनको क्रूस में टांग दिया गया और बाद में प्रभु यीशु सारे पाप को मिटाते हुए जी उठे. इसी तरह किसी को भी सैतान से डरने की जरूरत नहीं है, उसका मुकाबला करना चाहिए. सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधायक के हाथों सभी प्रतिभागी को पुरुस्कृत किया गया. चर्च के पास्टर जे डेविड ने लोगों को प्रभु द्वारा दिए गए शांति के संदेश को रखा व कई बातों को रखा. आयोजन को सफल बनाने में डैजी डेविड, प्रीति एंजेल, कृति एंजेल, संदीप कुमार, ज्योति कुमारी, कमलेश कुमार, लता कमलेश, एवंगेलाइन, एस बिनोद, एस ब्यूटी, पिंकी, बाकियान, कपील नायक, मनोज महतो, परवेज राजू, जगदीश राय, मितन महतो, आलम रजा आदि उपस्थित थे.

### क्रिसमस पर बच्चों में बांटी पाठ्य सामग्री

**कसमार (बोकारो)।** क्रिसमस के मौके पर बुधवार को बोकारो के पचौरा स्थित गोस्वामी टोला में होली क्रॉस स्कूल के शिक्षक हरेक नाथ मिश्र ने पचौरा व गंझूडीह गांव के दजनों बच्चों के बीच कॉपी व कलम का वितरण किया. शिक्षण सामग्री पाकर गांव के बच्चे काफी खुश हुए. इस दौरान हरेक नाथ मिश्र ने कहा कि उपहार के तौर पर शिक्षण सामग्री मिलने से बच्चों में शिक्षा के प्रति झुकाव बढ़ेगा. इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. मौके पर शिक्षक अशोक पारस व मुकेश गोस्वामी मुख्य तौर पर मौजूद थे.

---

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ग्रामीण प्रतिभा खोज परीक्षा



संवाददाता। गावां (गिरिडीह)

पिहरा विज्ञान मंच के द्वारा बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिहरा में ग्रामीण प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया. परीक्षा में लगभग आठ विद्यालयों के लगभग तीन सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. परीक्षा में कक्षा अष्टम से लेकर प्लस टू तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. परीक्षा ओएम र सीट पर ली गई. विज्ञान मंच के अध्यक्ष उमेश कुमार साव ने कहा कि पिछले चार वर्षों से परीक्षा का आयोजन दिसंबर माह में किया जा रहा है. परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा को बढ़ावा देना है. कहा कि परीक्षा में कक्षानुसार श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा. मौके पर पिहरा पश्चिमी के मुखिया अमित कुमार गुप्ता, विनोद पांडेय, शेखरचंद गुप्ता, पप्पु यादव, पवन कुमार, अनंत कुमार आर्य, राजेन्द्र विश्वकर्मा, नरेश कुमार सिंह, रजनी गुप्ता, रानी कुमारी, दुर्गा कुमारी, प्रदीप कुमार यादव, शुभम कुमार, सूरज कुमार, शन्नी मिस्त्री, अंजली कुमारी, चंचला देवी, रवीन्द्र प्रसाद समेत कई उपस्थित थे.

---

### देवघर प्रधान डाकघर अतिक्रमण मामला

# बाईस साल से लगा रहे हैं दुकान निगम को कर रहे हैं भुगतान : होरील

संवाददाता। देवघर

प्रधान डाकघर अतिक्रमण मामले पर दुकानदार ने दावा किया है कि उक्त स्थान पर 22 साल से दुकान लगा रहे हैं. जिसको लेकर नगर निगम को भुगतान कर रहे हैं. अतिक्रमण के नाम पर दुकान कई बार हटाया भी गया लेकिन फिर कुछ दिन पाश्चात दुकान लगाने की अनुमती मिल जाती है.

ज्ञात हो कि प्रधान डाकघर के समाने अतिक्रमण हटाने के लिए पोस्ट मास्टर ने 5 दिसंबर को नगर निगम को आवदेन देकर अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया था. लेकिन 17 दिन बीत जाने के पश्चात भी कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं. पिछले कुछ सालों में डाकघर के बाहर अतिक्रमण इतना बढ़ गया है कि डाक वाहनों का यहां आना और मुड कर दोबारा लौटना बहुत मुश्किल हो गया है. ऐसे में डाक वाहन का समय बदलना पड़ा है. जबकि निगम द्वारा फुटपाथ दुकानदारों को दिए जाने वाले पर्ची में साफ शब्दों में लिखा है स्टेशन, टावर और मार्केट चौक पर दुकान लगाना मना है. इसके बावजूद निगम के नियमों को ताक पर रखकर उक्त स्थानों पर दर्जनों दुकान लगा हुआ है. वहीं फुटपाथ में दुकान लगाने वाले एक दुकानदार होरील दास ने बताया कि वह 22 सालों से दुकान लगा रहा है. जिसको लेकर बाकायदा नगर निगम को कर भुगतान करते हैं. पहले तो महीने का तीन सौ देते थे लेकिन अब रोजाना दुकान लगाने का 20 रुपये रसीद काटा जाता है. अतिक्रमण हटाने की बात पर कहा कि हम किसी तरह इस दुकान से अपने परिवार का आजीविका चला रहे हैं. अगर नगर निगम के अधिकारी उन्हें दुकान हटाने बोलेंगे तो हटा लेंगे लेकिन उन्हें कहीं अन्य जगह दुकान लगाने का अनुमति दे. एक अन्य दुकानदार ने कहा कि 8 सालों से दुकान लगा रहे हैं और निगम को टैक्स दे रहे हैं और नहीं देने या थोड़ा देर हो जाने से पैसा वसूलने वाला रंगदारी करने लगता है.

**निगम को नहीं मालूम कौन उठा रहा पैसा :** नगर अयुक्त रोहित कुमार सिन्हा ने कहा कि फुटपाथ दुकानदार से कर वसूलने के मामले में कहा कि यह जांच का विषय है और निगम क्षेत्र में फुटपाथ दुकानदारों से कौन उठा रहा पैसा हमें मालूम नहीं है, फिलहाल जांच के बाद ही कुछ बता पायेंगे.

---

## न्यूज अपडेट

### अवैध कोयला लदा ट्रक लालबाजार से जब्त

डुमरी (गिरिडीह)। निमियाघाट पुलिस ने बुधवार को लालबाजार के समीप जीटी रोड पर अवैध कोयला लदा एक ट्रक पकड़ा. मौके से पुलिस ने ट्रक के खलासी को हिरासत में लिया है. इस संबंध में पुलिस ने ट्रक मालिक, चालक, खलासी सहित अज्ञात धंधेबाजों के खिलाफ मामला दर्ज कर हिरासत में लिए गए खलासी को जेल भेज दिया . इस संबंध में बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जेएच 09 एसी 0777 नंबर की ट्रक अवैध कोयला लाद कर धनबाद की ओर से बिहार जा रही है. सूचना पर थाना प्रभारी सुमन कुमार पुलिस बल के साथ उक्त ट्रक को लाल बाजार के समीप रोका. पुलिस को देख चालक ट्रक को खड़ा कर फरार हो गया लेकिन ट्रक का खलासी गोपालगंज के बरहरा निवासी दिलीप कुमार सिंह को पुलिस पकड़ने में सफल रही . ट्रक में लगभग 32 टन कोयला लदा है.

### पेट्रोल पंप में नो हेलमेट, नो पेट्रोल का बोर्ड लगाएं : डीटीओ

**बोकारो।** जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने पत्र जारी कर जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पंप परिसर में नो हेलमेट, नो पेट्रोल का बोर्ड अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया है. साथ ही, इसे सख्ती से सुनिश्चित करने को कहा है. विभाग द्वारा जारी पत्र में लिखा गया है कि परिवहन विभाग झारखण्ड रांची के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में सुरक्षा के दृष्टिकोण से दो पहिया वाहन परिचालन के क्रम में हेलमेट का प्रयोग चालक के साथ-साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी किया जाना अत्यन्त आवश्यक है. इसलिए पेट्रोल पंप परिसर में नो हेलमेट, नो पेट्रोल का बॉर्ड लगाते हुए बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को पेट्रोल की आपूर्ति नहीं करेंगे. विभाग के टीम द्वारा निरीक्षण के क्रम में ऐसा नहीं पाये जाने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों के विरूद्ध नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी.

### विधायक से मिले शिक्षक संघ के अध्यक्ष, सचिव

**कसमार (बोकारो)।** पीजीटी शिक्षकों एवं प्रयोगशाला सहायकों के संगठन झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ, बोकारो जिला इकाई के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह एवं सचिव डॉ अवनीश कुमार झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को चंदनकियारी के नवनिर्वाचित विधायक उमाकांत रजक से सेक्टर नाइन स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की. शिक्षक प्रतिनिधियों ने विधायक को नवीन कार्यकाल के लिए जिले के सभी पीजीटी शिक्षकों एवं प्रयोगशाला सहायकों के तरफ से शुभकामनाएं दीं. विधायक ने जिले के स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों के हित में कार्य करने का शिक्षक संघ को आश्वासन दिया. शिक्षक संघ के नेताओं ने जिले के नवनियुक्त पीजीटी शिक्षकों के वेतन भुगतान में देरी का मुद्दा विधायक के समक्ष उठाया. संघ के प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष कौशल कुमार मुखर्जी, लालचंद रजक भी शामिल थे.

### खोरठा प्रबुद्ध सम्मान से सम्मानित हुए कवि भीम कुमार

**गावां (गिरिडीह)।** गावां के शिक्षक सह कवि भीम कुमार को खोरठा साहित्य का प्रतिष्ठित सम्मान 'श्रीनिवास पानुरी खोरठा प्रबुद्ध सम्मान' से सम्मानित किया गया. यह सम्मान खोरठा भाषा साहित्य विकास मंच बरवाअड्डा, धनबाद तथा परास फूल के सम्पादक महेन्द्र प्रबुद्ध के द्वारा प्रतिवर्ष खोरठा भाषा साहित्य में उल्लेखनीय कार्य एवं विशिष्ट योगदान के लिए दिया जाता है. इस मौके पर श्रीनिवास पानुरी की 104वीं जयंती समारोह के अवसर पर टुंडी विधायक मथुरा महतो के द्वारा यह सम्मान प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र तथा मेडल देकर कवि भीम कुमार को सम्मानित किया गया. यह सम्मान खोरठा साहित्य में अमूल्य योगदान तथा उनकी दूसरी स्वरचित व पहली खोरठा कविता संग्रह 'हमर सोना झारखंड' के लिए दिया गया.

### सेक्टर 4 एफ किडेन प्ले ग्रुप में मना क्रिसमस

**बोकारो।** सेक्टर 4 एफ स्थित किडेन प्ले ग्रुप में मंगलवार को क्रिसमस मनाया गया. क्रिसमस के उपलक्ष्य में बच्चों ने खुशियां मनायी. सांता क्लॉस के रूप में सजे छोटे-छोटे बच्चों ने सबका मन आकर्षित किया और क्रिसमस कैरोल पर थिरके. किड्डेन प्ले ग्रुप की संस्थापिका मधुलिका ने कहा कि क्रिसमस प्रेम व भाईचारे का त्योहार है. बच्चों ने गीत नृत्य का आनंद लिया.

---

### गृह मंत्री अमित शाह की आपत्तिजनक टिप्पणी का किया विरोध

# बाबा आंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं : गिरि

संवाददाता। बोकारो



बोकारो के सेक्टर 12ई स्थित डॉ भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा को सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पानी से धोकर व पुष्प अर्पित किया. इस दौरान सभी ने एक स्वर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में बाबा साहेब का आपत्तिजनक टिप्पणी करने का विरोध किया. इसका नेतृत्व इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने किया. श्री गिरि के नेतृत्व में बिरसा बासा स्थित बिरसा-अंबेडकर के प्रतिमा पर भी माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर गृह मंत्री श्री शाह का विरोध करते हुए युवाओं को जागरूक किया गया. मौके पर अधिवक्ता रंजीत गिरि ने कहा कि बाबा साहेब का अपमान पूरे देश का अपमान है. इससे भारत के सभी वर्ग आहत हुए हैं. गृह मंत्री को नफरत की राजनीति छोड़ कर सिर्फ देश के विकास पर फोकस करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि अमित शाह के घृणित सोच को देश ने देख लिया. आंख में जो पट्टी बंधी हुई थी, वह सबके सामने खुल गया. उन्होंने कहा कि हम सभी लोग राज्यसभा में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की बेइज्जती की घोर निंदा करते हैं. कहा कि आने वाले समय में जो लोग संविधान को बदलने की बात करेगा, ऐसे सोच भी रखता हो, तो देश के लोग उसे सबक सिखाएगी. जय भीम एक नारा नहीं है, लोकतंत्र में एक प्रतीक के साथ स्वाभिमान भी है.

अर्जक संघ के यमुना राम ने कहा कि गृह मंत्री होने के नाते अमित शाह को ऐसा विचार व्यक्त नहीं करना चाहिए. अमित शाह के रवैया से पूरा समाज आहत हुआ है. बाबा साहेब ने पूरा जीवन ऊंच-नीच, भेदभाव और छूआछूत के उन्मूलन जैसे कार्यों के लिए समर्पित किया है. संविधान निर्माता का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे. इस दौरान लोहरी रजक, यमुना प्रसाद, सेठ राम, किट्टू कुमार, अमर भगत, झरीलाल पात्रा, संजय कुमार रजक, पवन कुमार रजक, राजभवन कुमार, दीपक सवाईयां, राहुल समद, बुधन मुंडा, सोपो बिरुली, दीपक पड़ेया आदि मौजूद थे.

### बच्चों के पकाए व्यंजनों का अभिभावकों ने उठाया लुत्फ

**कसमार (बोकारो)।** चंद्र नारायण सरस्वती शिशु मंदिर कसमार में बुधवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में बच्चों की अलग-अलग समूह के द्वारा एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया, जिसमें सैकड़ों अभिभावकों ने इसका लुत्फ उठाया. इस दौरान विद्यालय की भैया व बहनों के समूह द्वारा चाय, चाट, चना फ्राई, ब्रेड चोप, कचरी, गुपचुप, पानी पूरी, बैलून समेत अन्य कई तरह के स्टॉल लगाए गए थे. मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कपिल कुमार चौबे ने कहा कि हर वर्ष विद्यालय परिवार की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित की जाती है, ताकि इस कार्यक्रम के बहाने भैया बहनों के घर परिवार के लोग शामिल होकर आपसी रिश्ते को मजबूत बना सके. इस दौरान कसमार पंचायत की पूर्व मुखिया अनुराधा चौबे, सेवानिवृत्त शिक्षक दुर्गा प्रसाद प्रजापति, करमचंद नायक, पंकज जायसवाल, राजू महतो, नंदकिशोर सिंह, भोला प्रसाद समेत अन्य शिक्षकों के अलावा कसमार समेत आसपास के दर्जनों गांव से आये अभिभावक मौजूद थे.

### ब्रीफ खबरें

**भाजपाइयों ने दी अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि**

**धनबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म-जयंती पर सांसद ढुलु महतो के जगजीवन नगर स्थित सांसद कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिला महामंत्री मानस प्रसून, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह सहित भारी संख्या में भाजपाइयों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए. मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया. वे नए भारत के स्वप्नदृष्टा थे. 24 वर्ष पूर्व आज ही के दिन उनके द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण भारत के विकास में मील का पत्थर साबित हुई है.

**राणी सती मंदिर करकेंद में 13 दिवसीय मंगल पाठ शुरू**

**पुटकी।** करकेंद बाजार स्थित राणी सती मंदिर में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति करकेन्द शाखा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 13 दिवसीय मंगल पाठ का शुभारंभ मंगलवार को किया गया. मंगलपाठ में प्रत्येक दिन 51 महिलाएं श्री नारायणी चरित मानस,मंगल पाठ करेंगी. 5 जनवरी 2025 को समापन होगा. कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रांतीय अध्यक्ष मंजू बगाड़िया,मीना गोयल, बबिता जिंदल,अनीता सतनालिका, सुमित्रा धारी,विजेता सतनालिका, लक्ष्मी श्याम कुटीर आदि सक्रिय हैं.

**वीणा विद्या निकेतन स्कूल के संचालक का निधन**

**पुटकी।** पुटकी थाना मोड़ स्थित वीणा विद्या निकेतन स्कूल के संचालक संतोष कुमार सिंह चौधरी ( 55 ) का निधन बुधवार को मुंबई के एक निजी अस्पताल में हो गया. वे पिछले कई वर्षों से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे. वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए. उनके असामयिक निधन पर पूरा विद्यालय परिवार समेत जिला परिषद सदस्य कुमारी रूपा, धनबाद प्रखंड पूर्व प्रमुख भानु प्रताप, मुखिया ममता चौधरी, पूर्व मुखिया दीपक सिंह चौधरी, रमेश रवानी, विकास चौधरी, राजकुमार नापित आदि ने शोक व्यक्त किया है.

## सांसद और विधायक के समर्थक फूंक रहे एक दूसरे का पुतला

- ढुल्लू ने बांग्ला भाषी का अपमान नहीं किया : बेंगु
- बांग्लाभाषियों से माफी मांगे सांसद : सम्राट चौधरी

संवाददाता। धनबाद/निरसा



सांसद ढुलु महतो का बांग्ला समुदाय पर दिए गए बयान का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है. एक तरफ जहां बांग्ला भाषा भाषी समुदाय के कुछ लोग सांसद पर बांग्ला भाषा का अपमान करने की बात पर सांसद का पुतला फूंक रहे तो दूसरी और कुछ बांग्ला भाषी लोग विधायक अरुप चटर्जी पर राजनीति कर लड़ाने का आरोप लगाते हुए विधायक पुतला फूंकते दिख रहे हैं. सांसद और विधायक के समर्थक अपने अपने नेता के पक्ष में सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं. बुधवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर कुछ बांग्ला भाषियों ने सांसद ढुलु महतो का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया. पुतला दहन का नेतृत्व कर रहे सम्राट चौधरी ने कहा कि दो दिन पूर्व निरसा में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने निरसा विधायक अरूप चटर्जी समेत बांग्ला भाषी के लोगों के खिलाफ असंवैधानिक भाषा का प्रयोग किया है. सांसद के बयान से पूरे धनबाद के बांग्लाभाषियों का अपमान हुआ है. सांसद ने माफी नहीं मांगी तो झारखंड के समस्त बांग्ला भाषी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेंगें.

वहीं निरसा प्रखंड के सिनेमा हॉल मोड पर भाजपा के बैनर तले बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने विधायक अरूप चटर्जी का पुतला जलाया. पुतला दहन कार्यक्रम में बांग्ला भाषा ऑनलाइन समिति के उपस्थित सदस्यों के द्वारा कहा गया कि बीते कल हमारे बैनर का दुरुपयोग करते हुए हमारी अनुमति के बिना कुछ लोगों के द्वारा धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो जी का पुतला दहन किया गया जो की काफी निंदनीय है. सांसद ढुल्लू महतो ने कभी भी किसी बांग्ला भाषी का अपमान नहीं किया है. भाजपा नेता सुरजीत चंद्र ने कहा कि विधायक अरूप हमेशा से बंटवारे की राजनीति करते आए हैं. नौजवान लड़कों को बरगलाकर किसी भी सुगम रूप से चल रहे कार्य का विरोध करना एवं अपना कमीशन सेट करते है. इस बार भी गोपीनाथपुर का धरना सिर्फ इसीलिए है ताकि उनका अपना कमीशन सेट हो सके एवं उनका वर्चस्व बन सके. पुतला दहन कार्यक्रम में बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के सदस्य दयामय उपाध्याय, सुरजीत चंद्र, गोपाल राय, संतु पात्रा, सजल दास, पलटू राय, बृहस्पति पासवान, संजय सिंह, जिला परिषद संजय सिंह उर्फ पिंटू सिंह, नारू गोपाल चक्रवर्ती, असीम भट्टाचार्य आदि उपस्थित थे.

## खोरठा के आदिकवि श्रीनिवास पानुरी की 104 वीं जयंती मनी

संवाददाता। बरवाअड्डा




खोरठा के आदिकवि स्व. श्री निवास पानुरी की 104 वीं जयंती बुधवार को लोहारबरवा, बरवाअड्डा में मनाई गई. इस मौके पर लोहारवरवा में खोरठा कवि सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन मोहन तोरण ने व संचालन खोरठा साहित्यकार, गीतकार विनय तिवारी ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत खोरठा के बाल्मीकि स्व श्रीनिवास पानुरी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई. तत्पश्चात खोरठा पत्रिका परासफुल, सरधाक फूल खोरठा कविता संग्रह किताब का विमोचन भी किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने खोरठा भाषा-भाषी के हरसंभव सहयोग करने की बात कही. विशिष्ट अतिथि सिंदरी के पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा भाषा के लिए सब को आगे आना होगा. इस अवसर पर खोरठा गीतकार, कवि,एवं लेखक विनय तिवारी ने कहा कि खोरठा भाषा की पहचान खोरठा के आदिकवि स्व. श्री निवास पानुरी की देन है. श्री निवास पानुरी ने अपने लेखनी से खोरठा साहित्य को समृद्ध कर एक पहचान दिलाया है. उन्होंने करोड़ों लोगों की मातृ भाषा खोरठा के सम्मान के लिए आजीवन संघर्ष किया. कार्यक्रम में धनबाद, गिरीडीह, बोकारो, दुमका आदि जिलों के कवि शामिल हुए. इस अवसर परासफूल खोरठा पत्रिका के संपादक एवं साहित्यकार महेंद्र प्रबुद्ध ने कविता पाठ किया. नेट इंडिया सुविधा काड्र्स लिमिटेड कंपनी के चेयरमैन भोला महतो ने कहा कि खोरठा को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिले इसके लिए आज भी संघर्ष जारी है. नेतलाल यादव ने कहा कि खोरठा भाषा के विकास के लिए तन,मन, धन से सभी को लगना चाहिए. नेतलाल यादव ने कहा कि भाषा व संस्कृति के विकास के लिए सभी को आगे आना होगा. जिस हिसाब से खोरठा गीत, संगीत, साहित्य एवं सिनेमा का विकास होना चाहिए, अभी नहीं हो पाया है. मौके पर पुनीत साव, सुलेमान अंसारी, चितरंजन गोप लुकाठी, संजय वर्णवाल, नरसिंह पांडेय, राजेश ओझा, राजकुमार झा, प्रयाग महतो आदि ने कविता पाठ किया.

## खेतटांड़ ने फुटबाल टूर्नामेंट में जीता खिताब



संवाददाता। टुंडी

पूर्वी टुंडी बिश्वाडीह एसटीएफसी क्लब द्वारा आयोजित 5 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का बुधवार को समापन हुआ. इस फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया. अंतिम मुकाबला गोपीनाथडीह व खेतटांड के बीच खेला गया. अंतिम मुकाबला ट्राई ब्रेकर के माध्यम से 0-1के मुकाबले खेतटांड़ टीम ने जीत हासिल की. इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में टुंडी विधानसभा क्षेत्र के झामुमो वरिष्ठ नेता रतिलाल टुडू ने प्रथम विजेता को नगद 15 हजार, रनर टीम को नगद 7हजार तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 2500 सौ रुपए नगद राशि देकर पुरस्कृत किया. टुडू ने अपने संबोधन में कहा कि खेल से युवाओं का लक्ष्य खुल रहा है.झारखंड सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकारी नौकरी में भी इसकी महत्ता बढ़ा रही हैं.कार्यक्रम का संचालन संदीप हांसदा ने किया. इस मौके पर दोहो सोरेन,समेल बेसरा,नवा सोरेन, बिरजू सोरेन, दिलीप हेम्ब्रम, विद्याधर मुर्मू, राजेश बहादुर सिंह, लखनलाल टुडू सहित हजारों दर्शकों की भीड़ मौजूद थी.

## धर्म से विहीन मानव पशुतुल्य : प्रीति

### बरवाअड्डा के दुर्गा मंदिर प्रांगण में श्री रामचरितमानस एवं गीता ज्ञान यज्ञ

संवाददाता। बरवाअड्डा

बरवाअड्डा के कल्याणपुर सन्यासी बगान दुर्गा मंदिर प्रांगण में दिव्य ज्योति जागृति संस्था द्वारा आयोजित श्री रामचरितमानस एवं गीता ज्ञान यज्ञ का दूसरे दिन संस्थान के संस्थापक एवं संचालक सर्व श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या प्रीति भारती ने कहा कि जैसा करे संग, वैसा चढ़े रंग. आज समाज में रहने वालों लोगों को पाश्चात्य संस्कृति का ऐसा रंग चढ़ा है कि वह पीपल, नीम, तुलसी जैसे आदि औषधीय गुणों से युक्त पेड़ पौधों को छोड़ कर नकली क्रिसमस ट्री को लगाकर खुश होते हैं. वह पेड़ जो ना तो आक्सीजन देता है और ना ही कोई औषधीय गुण है. यह अज्ञानता नहीं तो क्या है. साध्वी भारती ने रामचरितमानस कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि कैकई के जीवन में मंथरा के बुरे विचारों का संग का था. इसके कारण उसने प्राणों से प्रिय प्रभु श्री राम को 14 वर्ष का वनवास दिया और अपने पुत्र भरत के लिए राजगद्दी की मांग की थी. दुर्योधन के जीवन में मामा शकुनि के विचारों का प्रभाव था कि उसने लाक्षागृह कांड से लेकर द्रुत कीड़ा तक जो कुछ भी किया वह शकुनी के कारण किया. इसलिए भगवान शिव रामचरितमानस में कहते हैं कि जीवन में संतों के संग जैसा लाभ कहीं भी नहीं है. पूर्ण संत आत्मा परमात्मा के सिर्फ बातें नहीं करते बल्कि उसे परमात्मा का अंतर घट में संग भी करवा देते हैं. इसे ही वास्तविक सत्संग कहा गया है. जैसा संग सुखदेव मुनि ने परीक्षित को करवाया था. आप भी स्वामी विवेकानंद की भांति सत्य के खोजी बने तभी वास्तविक सत्य को जानकर आत्म कल्याण का मार्ग मिल सकता है. कार्यक्रम के दौरान स्वामी धनंजयानंद जी ने कहा कि हर युग में धर्म की स्थापना और अधर्म को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए वह परम सत्ता नए नए रूप धारण कर धरा पर आए हैं. हर युग में दिव्य विभूतियों का परमार्थ पक्ष एक रहा लेकिन व्यवहार पक्ष बदलता रहा. भगवान राम जहां मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए वहीं भगवान श्री कृष्ण बड़े नटखट स्वभाव के थे. भगवान बुद्ध और महावीर ने जहां अहिंसा अस्तेय की भावना से परिपूर्ण गंभीर प्रवचन दिये थे. वहीं चैतन्य महाप्रभु ने भजन कीर्तन व नृत्य की सरस विधि को अपनाकर सभी को ईश्वर की ओर प्रेरित किया. लेकिन इन सभी दिव्य विभूतियों का परमार्थ पक्ष एक ही रहा ब्रह्म ज्ञान के प्रकाश से जीव आत्माओं के जीवन को प्रकाशित करना और समाज में व्याप्त अनीति व अधर्म को जड़ से उखाड़ फेंकना. स्वामी जी ने कहा कि धर्म से विहीन मानव समाज पशु तुल्य है. धर्म का वास्तविक अर्थ ईश्वर की प्रत्यक्ष अनुभूति को प्राप्त करना है. महापुरुष जब भी आए उन्होंने मानव समाज को वास्तविक धर्म से जोड़कर मानव के अंदर मानवता के गुण को रोपित किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याणपुर, उदयपुर, बंगला टांड़ एवं फुफुआडीह ग्राम वासियों का सराहनीय योगदान रहा.

## टुंडी और बाघमारा विधायक ने बांटे कंबल



संवाददाता। धनबाद

क्रिसमस के अवसर पर टुंडी विधायक और झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो तथा बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने बुधवार को बाघमारा प्रखंड में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया. मथुरा महतो ने बाघमारा प्रखंड के राजगंज पंचायत में कंबल वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया और जरूरतमंदों में कंबल बांटे. इस मौके पर बाघमारा के प्रखंड विकास पदाधिकारी लक्ष्मण यादव और स्थानीय मुखिया वंदना भी उपस्थित थे. वहीं बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने प्रखंड सभागार में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया और कई लाभार्थियों को कंबल प्रदान किया. दोनों ही कार्यक्रमों में विधायक ने ठंड से बचाव के लिए जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण की बात कही.

# आसनसोल

## शुभेंदु अधिकारी पर हमले की साजिश

### केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने जारी की अलर्ट

- केंद्र सरकार ने बढ़ाई सुरक्षा

संवाददाता। कोलकाता



पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को लेकर केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने एक बड़ा अलर्ट जारी किया है. रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश स्थित दो कट्टरपंथी संगठनों, जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) के सदस्य अधिकारी को निशाना बना सकते हैं. इन संगठनों के कुछ सदस्य पहले ही भारत की सीमा में प्रवेश कर चुके हैं. खुफिया एजेंसियों ने बताया कि शुभेंदु अधिकारी को सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान निशाना बनाया जा सकता है. अधिकारी हाल ही में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और हिंदू धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमलों के खिलाफ मुखर रहे हैं. इस खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने अधिकारी की सुरक्षा बढ़ा दी है. अब उन्हें पूरे भारत में जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी. इससे पहले, उन्हें केवल पश्चिम बंगाल के बाहर वाई श्रेणी की सुरक्षा मिलती थी. खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, हिज्ब-उत-तहरीर के दो सक्रिय सदस्य हाल ही में बांग्लादेशी पासपोर्ट के साथ छात्र बनकर भारत आए हैं. उन्होंने पश्चिम बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों में कुछ स्थानीय युवाओं से मुलाकात की. इन बैठकों में धार्मिक मुद्दों पर चर्चा के बाद इन युवाओं को सीमावर्ती क्षेत्रों में स्लीपर सेल खोलने के लिए प्रेरित किया गया. इन बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान रिदवान मारूफ और सब्बीर आमिर के रूप में हुई है. पश्चिम बंगाल पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां इन गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं. राज्य सरकार ने अपने खुफिया विभाग को सतर्क रहने और सभी आवश्यक सुरक्षा कदम उठाने के निर्देश दिए हैं.

## दो दिनों के बाद भी वन विभाग बाघिन को पकड़ने में विफल

संवाददाता। पुरुलिया



पुरुलिया के रायका हिल्स के केशरा जंगल में एक बाघिन के होने की खबर ने स्थानीय लोगों को डरा दिया है. दो दिन बीतने के बावजूद, वन विभाग बाघिन को पिंजरे में कैद नहीं कर सका है, जिससे लोगों में डर का माहौल बना हुआ है. केशरा जंगल के पास के गांवों में चेतावनी जारी कर दी गई है, और लोग अपने घरों में ही कैद हो गए हैं. सामान्य जन जीवन ठप्प हो गया है, और कोई भी व्यक्ति गांव छोड़कर बाहर नहीं जा सकता. सड़कें वीरान पड़ चुकी हैं, और लोगों की आजीविका लगभग बंद हो गई है. ग्रामीणों ने पालतू जानवरों को भी गांव में ही बंद कर रखा है, और लोगों का डर दूर करने के लिए इलाके में माइक से अभियान चलाया जा रहा है. जंगल के पास के इलाके में वनकर्मी तैनात हैं, लेकिन अभी तक बाघिन को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है.

### बैगुनिया में रक्त दान शिविर

**बराकर।** बैगुनिया कासुका मार्केट में बैगुनिया बराकर चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित पांचवा एक दिवसीय रक्त दान शिविर में 50 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया. शिविर का उद्घाटन मैथन टीएमटी के उद्योगपति विनोद अग्रवाल ने किया. इस दौरान स्थानीय पार्षद टुंपा चौधरी सहित कई अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए. बैगुनिया बराकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ और उत्तरीय देकर सम्मानित किया गया.

## श्री श्याम महोत्सव को लेकर निकली निशान पैदल यात्रा

संवाददाता। बराकर



श्री श्याम स्नेह मंडल कुल्टी की ओर से दो दिवसीय श्री श्याम महोत्सव को लेकर बुधवार को भव्य निशान पैदल यात्रा का आयोजन किया गया. कुल्टी केंदुआ बाजार आर्य समाज मंदिर से बाबा श्याम के फूलों से बनी आकर्षक झाकी में बाबा श्याम की ज्योत जगा कर पूजा-पाठ करने के बाद निसान एंव शोभायात्रा प्रारंभ हुई. मुख्य यजमान युवा व्यवसाई संदीप माधोगढ़िया एवं उनकी धर्म पत्नी सारिका माधोगढ़िया ने निशान के साथ यात्रा का शुभारंभ किया. इस निशान यात्रा में 201 महिलाए निसान के साथ शामिल हुई. कुल्टी रेलवे-स्टेशन रोड के रास्ते बैंड बाजा के साथ निकली निशानयात्रा थाना मोड़, न्यू रोड, कॉलेज रोड होते हुए कुलतोड़ा के रास्ते नियामतपुर धाम श्रीश्याम एंव दादी मंदिर तक पैदल पहुंची. चंदन का तिलक लगाए निसान यात्री झूमते और नाचते गाते हुए चलो बुलावा आया हैं, खाटू वाले बाबा ने बुलाया है जैसे भजनों के साथ मदमस्त होकर जयकारा लगाते हुए चले जा रहे थे. बीच रास्ते में कोई परिचित मिल जाए तो श्री श्याम स्नेह मंडल परिवार के सदस्य श्याम बाबा का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित करते थे और भाईचारा का संदेश देते थे. सात किलोमीटर तक चली पैदल निशान यात्रा का नियामतपुर श्रीश्याम मंदिर में भव्य स्वागत किया गया. नियामतपुर धाम पहुंचने पर निसान में शामिल लोगों ने मंदिर की फैरी ली और मोरछड़ी के साथ भजन कीर्तन करते हुए खाटू वाले श्याम धनी को भोग का प्रसाद लगाया गया और स्थानीय भजन मंडलियों के साथ मनमोहक भजन सुनाए गए. जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्ति के ताल पर सुरम्य हो गया. इस दौरान विभिन्न स्थानों पर निसान यात्रियों पर श्याम भक्तों ने पुष्प की वर्षा कर स्वागत किया गया, कार्यक्रम के अंत में मंदिर परिसर में भंडारा का आंनद निसान यात्रियों ने लिया.

## भाजपा का सदस्यता अभियान बंगाल में जोरों पर

संवाददाता । पुरुलिया



भाजपा का सदस्यता अभियान पश्चिम बंगाल में जोरों पर है, खासकर पुरुलिया में जहां प्रदेश भाजपा महासचिव और पुरुलिया से भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो घर-घर पैदल चलकर सदस्यता अभियान में शामिल हुए. उनके साथ जिला भाजपा के महासचिव शंकर महतो, जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष रहिदास महतो, और प्रदेश भाजपा किशन मोर्चा के उपाध्यक्ष सत्येन महतो भी मौजूद थे. यह अभियान पूरे भारत में चल रहा है, लेकिन पश्चिम बंगाल में इसे विशेष महत्व दिया जा रहा है क्योंकि यहां सत्ता में आने के लिए बड़ी संख्या में सदस्यों की जरूरत है. भाजपा का लक्ष्य एक अरब सदस्यता का है, और सभी नेता और कार्यकर्ता इस दिशा में काम कर रहे हैं.

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

**बराकर।** बराकर के वार्ड 66 में बलतोड़िया जन कल्याण समिति के कार्यालय में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच कैंप का आयोजन किया गया. जिसमें सैकड़ों गरीब बुजुर्गों ने अपनी आंखों की जांच करवाई. इस शिविर में कई प्रकार की आंखों की जांच की गई और जरूरतमंद लोगों को दबा और चश्मा उपलब्ध कराया गया. स्थानीय युवा समाज सेवी अजित तांती ने बताया कि दुर्गापुर लायंस केयर के प्रयासों से गरीब लोगों को निशुल्क आंखों की जांच की सुविधा मिली, जिससे उन्हें बहुत खुशी हुई. इस कार्यक्रम में बल्टोदिया जन कल्याण समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसके प्रयासों से कार्यक्रम सफल हुआ.

## चार साहिबजादों की कहानी

## धर्म और बलिदान की अद्वितीय गाथा

दलजीत सिंह। रानीगंज



20 दिसंबर से 27 दिसंबर के मध्य सिख धर्म सीवी के दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पूरे परिवार ने अकल्पनीय बलिदान दिया. इन सात दिनों में, जब भारत का अधिकांश हिस्सा क्रिसमस के जश्न में डूबा होता है, पंजाब में सिख परिवार अपने नायकों को श्रद्धांजलि देते हुए जमीन पर सोकर इन शहादतों को याद करते हैं. गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबज़ादों - साहिबज़ादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, ज़ोरावर सिंह और फतेह सिंह - की शहादत मानवता और धर्म की रक्षा के लिए हुई अद्वितीय वीरता और आत्मबलिदान की कहानी. सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार पुत्रों, जिन्हें चार साहिबजादे कहा जाता है, ने धर्म, सत्य और न्याय के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया. ये चार साहिबजादे थे : साहिबजादा अजीत सिंह (17 वर्ष), साहिबजादा जुझार सिंह (14 वर्ष), साहिबजादा जोरावर सिंह (7 वर्ष), साहिबजादा फतेह सिंह (5 वर्ष) इनकी शहादत का समय सिख धर्म और भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो धर्म और मानवता की रक्षा के लिए उनके अडिग साहस और बलिदान को दर्शाता है. 1704 ईस्वी में, मुगलों और पहाड़ी राजाओं की सेना ने आनंदपुर साहिब के किले को चारों तरफ से घेर लिया. महीनों तक चले इस घेराबंदी के कारण किले में अन्न और जल की भारी कमी हो गई. जब स्थिति असहनीय हो गई, तो गुरु गोबिंद सिंह जी ने किला छोड़ने का निर्णय लिया. किले से बाहर निकलते समय, सरसा नदी पर गुरु जी का परिवार बिछड़ गया. गुरु जी के दो बड़े साहिबजादे उनके साथ रहे, जबकि छोटे साहिबजादे अपनी दादी माता गुजरी जी के साथ अलग हो गए. **छोटे साहिबजादे : जोरावर सिंह और फतेह सिंह की कहानी :** गंगू का विश्वासघात, माता गुजरी जी और छोटे साहिबजादे सरसा नदी पार करते समय एक सेवक गंगू के घर पहुंचे. गंगू जो पहले गुरु परिवार का नौकर था, ने उन्हें आश्रय दिया. लेकिन लालच में आकर उसने उनकी सूचना सरहिंद के नवाब वजीर खान को दे दी. **ठंडे बुर्ज में कैद :** वजीर खान के सैनिकों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और ठंडे बुर्ज (एक बर्फीली कोठरी) में कैद कर दिया. दिसंबर की हाड़ कंपा देने वाली ठंड में, उन्हें बिना किसी गर्म कपड़े या सुविधा के रखा गया. **धर्म परिवर्तन का आदेश :** अगली सुबह वजीर खान ने साहिबजादों को अपने दरबार में बुलाया और उन्हें इस्लाम धर्म अपनाने का आदेश दिया. साहिबजादों ने निडरता से उत्तर दिया, हम सिर कटा सकते हैं, पर धर्म नहीं बदल सकते. उन्होंने जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल का जयकारा लगाते हुए अपने अडिग विश्वास को प्रकट किया. **जिंदा दीवार में चुनवाने का आदेश :** जब कोई भी प्रलोभन और धमकी काम नहीं आई, तो वजीर खान ने साहिबजादों को जिंदा दीवार में चुनवाने का आदेश दिया. दीवार में चुनते समय दोनों साहिबजादे निर्भीकता से 'जपुजी साहिब' का पाठ करते रहे. उनकी यह शहादत मानव इतिहास में वीरता और बलिदान का अद्वितीय उदाहरण बन गई.

**माता गुजरी जी का बलिदान :** साहिबजादों की शहादत की खबर सुनते ही माता गुजरी जी ने प्राण त्याग दिए. **वीर बाल दिवस :** 26 दिसम्बर 1704 ई. को हुए उस बलिदान को स्मरण रखने के लिए भारत सरकार ने 26 दिसम्बर को वीर बल दिवस मनाने की घोषणा की है. **बड़े साहिबजादेः अजीत सिंह और जुझार सिंह की कहानी :** चमकौर का युद्ध, जब गुरु गोबिंद सिंह जी किला छोड़कर चमकौर की गढ़ी पहुंचे, तो मुगलों की बड़ी सेना ने उन्हें घेर लिया. उस समय गुरु जी के पास केवल 40 सिंह (सैनिक) थे.

## भाजपा ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

संवाददाता। बराकर



भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी जी की जन्म जयंती पर पूरे कुल्टी ब्लॉक में भाजपा कार्यालयों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कुल्टी ब्लॉक भाजपा ने देश के इस महान नेता के जन्म दिवस को सेवा भाव के रूप में मनाया, जिसमें कुल्टी के चारों मंडल अध्यक्ष और पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. भाजपा विधायक डॉ अजय पोद्दार ने हनुमान चढ़ाई स्थित विधायक कार्यालय में स्व अटल जी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इसके अलावा, भाजपा कार्यालय सकतोड़िया झाल बगान स्थित पार्टी कार्यालय में भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई. मंडल अध्यक्ष संजू घोष, शिल्पी राय, मामोनी मुर्मु सहित कई पार्टी नेता इस अवसर पर मौजूद थे. विधायक के नेतृत्व में ईसीएल के सकतोड़िया अस्पताल में मरीजों को स्वादिष्ट पोषक फल का वितरण किया गया. भाजपा मंडल दो के अध्यक्ष मनमोहन राय के नेतृत्व में कुल्टी थाना मोड स्थित विधायक कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें महासचिव आदित्य नारायण शर्मा, सह सभापति रविन्द्र सिन्हा, राजेंद्र साव, शीथून चक्रवर्ती, सोमनाथ माझी, मिथुन बाउरी, सादाब वारिस, अभिजीत मुख्य रूप से शामिल थे. भाजपा के नियामतपुर सेंट्रल पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर जन्म दिन का पालन किया .

**मंथन**

# केंद्र की नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म, अब बदल गई सोच

केंद्र सरकार द्वारा नो डिटेंशन पॉलिसी को समाप्त करने के फैसले ने एक लंबी बहस को जन्म दिया है. राइट टू एजुकेशन (आरटीई) एक्ट 2009 के तहत यह नीति लागू की गई थी, जिसका उद्देश्य बच्चों को 8वीं कक्षा तक फेल न होने देने और ड्रॉपआउट की समस्या को कम करने के लिए था. यह विचार था कि सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे पढ़ाई से वंचित न हों. नीति के पीछे यह सोच थी कि हर बच्चे में सीखने की क्षमता होती है, और उनका सतत मूल्यांकन कर उनकी कमियों को दूर करना चाहिए. हालांकि, इस पॉलिसी का प्रभाव उल्टा पड़ा. आरोप लगा कि इससे शिक्षा का स्तर गिरने लगा. निरंतर मूल्यांकन का उद्देश्य पूरी तरह से लागू नहीं हो सका और बच्चों के प्रति गंभीरता की भावना भी कमजोर पड़ी. इससे कई राज्य इस पॉलिसी को समाप्त करने की मांग करने लगे. अब केंद्र ने इसे समाप्त करने का फैसला लिया है. यह सवाल फिर उठता है कि क्या इस नीति का अंत हमारे शिक्षा तंत्र की वास्तविक समस्याओं का समाधान है या क्या इसे जल्दबाजी में समाप्त कर दिया गया? हो सकता है कि यह पॉलिसी शिक्षा तंत्र की खामियों की परतों को खोलने का अवसर देती हो, और हमें शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए नई नीतियों की आवश्यकता हो.इस बदलाव से यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा नीति में बदलाव के लिए सिर्फ स्थायी समाधान नहीं, बल्कि लगातार समीक्षा और सुधार की आवश्यकता है. हमें शिक्षा प्रणाली में बुनियादी सुधारों की दिशा में कदम बढ़ाना होगा ताकि हर बच्चे को शिक्षा का समान और प्रभावी अवसर मिल सके.


**नजरिया**

# झारखंड के लाखों कर्मियों को मिलेगी बड़ी राहत

झारखंड सरकार द्वारा सरकारी कर्मियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि का फैसला एक सकारात्मक कदम है, जो कर्मियों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने में सहायक होगा. यह निर्णय राज्य सरकार द्वारा बढ़ती महंगाई के दबाव को ध्यान में रखते हुए लिया गया है. महंगाई भत्ता सरकारी कर्मियों के वेतन का एक हिस्सा होता है, जो उनके मूल वेतन के साथ जुड़ा होता है और यह बढ़ती महंगाई के मद्देनजर समय-समय पर संशोधित किया जाता है. झारखंड में डीए में वृद्धि से राज्य के लाखों कर्मियों को राहत मिली है और उनके खर्चों को पूरा करना थोड़ा आसान होगा.राज्य सरकार द्वारा यह कदम आर्थिक स्थिति में सुधार की दिशा में एक जरूरी पहल है. खासकर, जब महंगाई बढ़ रही है, तो कर्मचारियों के लिए यह वृद्धि उनके परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगी. इसके अलावा, डीए में वृद्धि से राज्य सरकार के कर्मचारियों की कार्यक्षमता और उत्साह भी बढ़ेगा, जो अंततः सरकारी कार्यों की गुणवत्ता में सुधार का कारण बन सकता है.हालांकि, इस वृद्धि के साथ राज्य सरकार को अपनी वित्तीय स्थिति पर भी ध्यान देना होगा, क्योंकि किसी भी प्रकार के वेतन वृद्धि से राज्य के वित्तीय व्यय में इजाफा होता है. ऐसे में यह जरूरी होगा कि सरकार इस बढ़ोतरी को आर्थिक रूप से स्थिर तरीके से लागू करे और साथ ही अन्य आवश्यक सुधारों की दिशा में भी कदम बढ़ाए. इस वृद्धि से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, लेकिन साथ ही यह एक चुनौती भी है कि सरकार इसे समुचित रूप से मैनेज कर सके.

# श्याम बेनेगल: सिनेमा के विचारोत्तेजक जनक

**शुभम संदेश डेस्क**



क्या हिंदू समाज इसे स्वीकार करेगा?

**श्याम बेनेगल की फिल्मी यात्रा की शुरुआत 1974 में हुई जब उन्होंने अपनी पहली फिल्म 'अंकुर' बनाई. यह फिल्म एक सामाजिक संदेश देने व श्रमिक वर्ग के संघर्ष पर आधारित थी.**

श्याम बेनेगल का नाम भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है. उनका योगदान न केवल फिल्म निर्माण में था, बल्कि उन्होंने सिनेमा को एक नए दृष्टिकोण से देखा और उसे दर्शकों तक पहुँचाया. श्याम बेनेगल का निधन भारतीय सिनेमा के लिए एक बड़ी क्षति है, क्योंकि वह एक ऐसे निर्देशक थे जिन्होंने समानांतर सिनेमा को एक नई दिशा दी और उसे मुख्यधारा सिनेमा के मुकाबले वैकल्पिक रास्ता दिखाया. उनका दृष्टिकोण और शैली भारतीय सिनेमा के समकालीन फिल्म निर्माताओं के लिए प्रेरणा बन गई.

**समानांतर सिनेमा का प्रवर्तक :** श्याम बेनेगल को समानांतर सिनेमा का जनक कहा जाता है, हालांकि उन्होंने कभी इसे इस तरह से नहीं लिया. वह मानते थे कि उनके द्वारा बनाई गई फिल्में व्यावसायिक सिनेमा से अलग हो सकती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि वह सिर्फ सामाजिक या राजनीतिक मुद्दों पर आधारित फिल्में बना रहे थे. उनका लक्ष्य केवल फिल्म निर्माण की कला को एक नए तरीके से दिखाना था, और उन्होंने इसे सही मायने में साकार भी किया. उनके द्वारा निर्देशित फिल्में हमेशा विचारोत्तेजक और समाज में चल रहे मुद्दों पर आधारित होती थीं. उनके काम में यह स्पष्ट दिखता था कि सिनेमा केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज को एक नई दृष्टि देने का एक शक्तिशाली उपकरण भी हो सकता है.

**'अंकुर' से शरुआत :** श्याम बेनेगल की फिल्मी यात्रा की शुरुआत 1974 में हुई जब उन्होंने अपनी पहली फिल्म 'अंकुर' बनाई. यह फिल्म एक सामाजिक संदेश देने के साथ-साथ भारतीय समाज में व्याप्त जमींदारी प्रथा और श्रमिक वर्ग के संघर्ष पर आधारित थी. इस फिल्म के साथ शबाना आजमी की भी फिल्मी यात्रा शुरू हुई और उन्हें 'अंकुर' में 'लक्ष्मी' के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला. फिल्म ने भारतीय सिनेमा को यह सिखाया कि सिनेमा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज की जटिलताओं को उजागर करने का एक शक्तिशाली माध्यम हो सकता है.

'अंकुर' के साथ ही बेनेगल ने एक समीकरण स्थापित किया, और वह समीकरण था श्याम बेनेगल की फिल्में और राष्ट्रीय पुरस्कार. लगभग हर फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला, चाहे वह 'निशांत' हो, 'मंथन', 'भूमिका', 'कलयुग', या फिर 'मंडी'. श्याम बेनेगल की फिल्मों ने यह साबित किया कि सिनेमा की दुनिया में कला और मनोरंजन का सामंजस्य किया जा सकता है.

**विचारशीलता और विनम्रता :** श्याम बेनेगल का व्यक्तित्व न केवल उनकी फिल्मों में बल्कि उनके जीवन में भी झलकता था. वह कभी भी आत्ममुग्ध नहीं रहे. एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि 30 साल की उम्र तक एक कलाकार को अहंकार महसूस करना सामान्य है, लेकिन उन्होंने इसे अपने काम के साथ कभी नहीं जोड़ा. उनका मानना था कि कलाकार का काम खुद को खोजने और अपनी कला को विकसित करने का होता है. श्याम बेनेगल ने कभी यह नहीं सोचा कि वह किसी खास शैली के निर्माता हैं, बल्कि उन्होंने सिनेमा के माध्यम से अपनी आंतरिक यात्रा को व्यक्त किया.

उनकी यह सोच केवल फिल्म निर्माण तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह समाज और तकनीकी परिवर्तन के बारे में भी गहरी सोच रखते थे. स्मार्टफोन और कैमरा फोन के आगमन के साथ उन्होंने समाज में बढ़ती आत्मकेंद्रित प्रवृत्तियों पर टिप्पणी की थी. उनका मानना था कि तकनीकी विकास ने लोगों को अधिक आत्ममुग्ध बना दिया है, और यही बदलते हुए सामाजिक व्यवहार का संकेत है.

**अभिनय की बेहतरीन जोड़ी :** श्याम बेनेगल का अभिनय को लेकर दृष्टिकोण भी विशिष्ट था. जब उनसे पूछा गया कि वह ओम पुरी और नसीरुद्दीन शाह में से किसे पसंद करते हैं, तो उन्होंने दोनों की अभिनय शैली की सराहना करते हुए कहा कि दोनों महान अभिनेता हैं. नसीरुद्दीन शाह की तैयारी और शिद्दत को लेकर वह बहुत सम्मानित थे, वहीं ओम पुरी की सहजता और स्वाभाविकता भी उन्हें पसंद थी. दोनों ही अभिनेता उनके लिए समान रूप से प्रिय थे और उनका मानना था कि फिल्म में अभिनय की सही गहराई को उजागर करने के लिए अभिनेता का समर्पण आवश्यक है.

**फिल्म निर्माण के संघर्ष :** बेनेगल की फिल्में हमेशा से बॉक्स ऑफिस हिट्स नहीं रही हैं, लेकिन समीक्षकों और दर्शकों के बीच उनकी बहुत सराहना हुई है. वह खुद स्वीकारते थे कि उनके लिए फिल्में बनाना कभी आसान नहीं था. श्याम बेनेगल का मानना था कि फिल्में वही होती हैं जो दर्शकों की सोच को बदल सकें और समाज में महत्वपूर्ण सवाल खड़े कर सकें. इसके बावजूद, उन्हें कभी भी अपनी फिल्में बनाने के लिए फंडिंग में संघर्ष करना पड़ा. उन्होंने कभी भी अपनी फिल्म के कंटेंट से समझौता नहीं किया, और उनकी फिल्मों की सबसे बड़ी ताकत यही थी कि वह बिना किसी तामझाम के गहरे सामाजिक और मानसिक मुद्दों को उठाती थीं.

**कला के प्रति प्रतिबद्धता :** श्याम बेनेगल के लिए सिनेमा केवल एक पेशा नहीं था, बल्कि यह उनका जीवन था. जब उनसे पूछा गया कि वह इतने वयोवृद्ध होने के बावजूद फिल्मों में काम करने की प्रेरणा कहां से पाते हैं, तो उन्होंने कहा कि सिनेमा उनके लिए जीवन का एकमात्र उद्देश्य था. उन्होंने फिल्मों के माध्यम से अपनी सोच और रचनात्मकता को व्यक्त किया और कहा कि जब तक वह काम कर सकते हैं, वह काम करते रहेंगे. श्याम बेनेगल के लिए फिल्में बनाना एक व्यक्तिगत अनुभव था, और यही कारण था कि उन्होंने कभी भी अपने काम में समझौता नहीं किया.

## आज का इतिहास

1977- सोवियत संघ ने पूर्वी कजाख क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया.

1978- भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को जेल से रिहा किया गया.

1997- उड़ीसा की प्रमुख पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) की स्थापना वरिष्ठ राजनेता बीजू पटनायक के पुत्र नवीन पटनायक ने की.

2002- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ़ कांगो में पुनः संघर्ष शुरू होने की सूचना दी.

2003- रिक्टर पैमाने पर 6.6 की तीव्रता वाले भूकंप से ईरान के दक्षिणी पूर्वी शहर बाम में भारी तबाही.

2004- रिक्टर पैमाने पर 9.3 की तीव्रता वाले भूकंप से आई सुनामी के कारण श्रीलंका, इंडिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया, मालदीव और आसपास के क्षेत्रों में भारी तबाही। दो लाख तीस हजार लोगों की मौत.


## भेष भले ही बदल लें, विचार आसानी से नहीं बदलते

**चिंतन**



बात द्वापरयुग की है, अज्ञातवास में पांडव रूप बदलकर ब्रह्मणों के वेश में रह रहे थे. एक दिन उन्हें कुछ ब्राह्मण मिले. वे राजा द्रुपद की पुत्री द्रौपदी के स्वयंवर में जा रहे थे. पांडव भी उनके साथ चल दिए. स्वयंवर में पानी में देखकर ऊपर घूम रही मछली पर निशाना लगाना था. वहां मौजूद सभी ने प्रयास किया. लेकिन निशाना सिर्फ अर्जुन ही लगा पाए. शर्त के अनुसार द्रौपदी का स्वयंवर और इसके बाद शादी अर्जुन के साथ हुई. इसके बाद पांडव द्रौपदी को लेकर अपनी कुटिया में ले आए. एक ब्राह्मण द्वारा स्वंयवर में विजयी होने पर राजा द्रुपद को बड़ी हैरानी हुई. वह अपनी पुत्री का विवाह अर्जुन जैसे वीर युवक के साथ करना चाहते थे. अतः राजा द्रुपद ब्रह्मणों की वास्तविकता का पता लगाने के लिए राजमहल में भोज का कार्यक्रम रखा और उन ब्रह्मणों को भी बुलाया. राजमहल को कई वस्तुओं से सजाया गया. एक कक्ष में फल फूल तो दूसरे कक्ष में अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित किया गया. भोजन करने के बाद सभी अपनी मनपसंद चीजें देखने लगे. लेकिन ब्राह्मण वेशधारी अस्त्र-शस्त्र वाले कमरे में पहुंचे. यह सब कुछ राजा द्रुपद देख रहे थे. वे समझ गए यह ब्राह्मण नहीं, बल्कि क्षत्रिय हैं. मौका मिलते हैं उन्होंने ब्राह्मण वेशधारी युधिष्ठिर से पूछा, सच बताइए आप ब्रह्मण हैं या क्षत्रिय. युधिष्ठिर हमेशा सच बोलते थे. उन्होंन स्वीकार कर लिया कि वे सचमुच क्षत्रिय हैं. और स्वयंवर जीतने वाले अर्जुन है. यह जानकर राजा द्रुपद बहुत प्रसन्न हुए, और सोचने लगे कि अपने भेष भले ही बदल लें लेकिन विचार आसानी से नहीं बदलते हैं.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #AlluArjunArrest
2. #मनुस्मृति_अमरग्रंथ_है
3. #EmpoweringCooperatives
4. #BhaiKaBudday
5. #MerryChristmas
6. #AtalJanmShatabdi
7. प्रवेश वर्मा
8. अटल बिहारी वाजपेयी
9. Aktau
10. Snow Slingers

# बहुरंग




## एक्ट्रेस नुसरत भरुचा ने मनाया बच्चों के साथ क्रिसमस

**मुंबई ।** क्रिसमस के फेस्टिवल से सांता क्लॉज की कहानी भी जुड़ी हैं. वह बच्चों को उपहार देते हैं और उन्हें खुश कर देते हैं. सांता क्लॉज का रोल असल जिंदगी में भी कुछ लोग निभाते हैं, दूसरों की जिंदगी को खुशियों से भरकर वह ऐसा करते हैं. हाल ही में एक्ट्रेस नुसरत भरुचा ने भी कुछ सांता क्लॉज का रोल निभाया और कुछ खास बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ले आईं. सोशल मीडिया पर एक वीडियो नजर आया, जिसमें नुसरत भरुचा कुछ बच्चों के साथ क्रिससम मनाती हुई दिखीं. वह किसी संस्था के साथ जुड़कर इन बच्चों से मिलने गईं. बच्चों का साथ पाकर वह काफी खुश नजर आ रही थीं. बच्चों के साथ क्रिसमस कैप पहने नुसरत ने खूब एंज्वॉय किया. क्रिसमस सेलिब्रेशन को अपने लिए भी यादगार बना दिया. आगे वीडियो में नुसरत भरुचा बच्चों के साथ क्रिसमस के गाने गाती हुई नजर आईं. एक व्यक्ति गिटार बजा रहा था, बाकी लोग गाना गा रहे थे. सभी के चेहरे गाना गाते हुए खिले-खिले नजर आ रहे थे.

## अनिल कपूर की नई फिल्म 'सूबेदार' फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर किया शेयर



**मुंबई ।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर मंगलवार को अपना 68वां जन्मदिन मना रहे हैं. फैंस भी अनिल कपूर को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं. अनिल कपूर ने फैंस को एक तोहफा भी दिया है. एक्टर ने अपने 68वें जन्मदिन पर अपनी नई फिल्म 'सूबेदार' की घोषणा की और फिल्म का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया. अनिल कपूर की आने वाली फिल्म 'सूबेदार' का टीजर रिलीज हो गया है और यह टीजर 1 मिनट 47 सेकेंड लंबा है. टीजर की शुरुआत घर के एक सीन से होती है, एक घर को लोगों ने घेर लिया है, जो दरवाजा खटखटा रहे हैं और सिपाही को बाहर आने के लिए कह रहे हैं. इसके बाद अनिल कपूर का लुक आता है, जिसमें वह हाथ में बंदूक लिए कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं. वह तीखे स्वर में कहते हैं- 'सैनिक तैयार हैं.' अपनी फिल्म 'सूबेदार' का यह टीजर अनिल कपूर ने हाल ही में अपने जन्मदिन पर इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. साथ ही एक्टर ने टीजर शेयर करते हुए कैप्शन भी दिया है. जिसमें उन्होंने कहा कि किसी अच्छी बात की घोषणा किसी शुभ दिन पर की जानी चाहिए. जल्द ही नई फिल्म 'सूबेदार' आने वाली है. फिल्म 'सूबेदार' में बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर के साथ एक्ट्रेस राधिका मदान भी अहम भूमिका में नजर आएंगी. फिल्म 'सूबेदार' का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है और उन्होंने प्रज्ज्वल चंद्रशेखर के साथ मिलकर इस फिल्म को लिखा है. फिल्म का निर्माण विक्रम मल्होत्रा, सुरेश त्रिवेणी और अनिल कपूर ने अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट, ओपनिंग इमेज और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है. फिल्म 'सूबेदार' प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी, लेकिन अभी तक इसकी रिलीज डेट की घोषणा नहीं की गई है.



## अरबाज खान व शूरा ने मनाई शादी की पहली सालगिरह

**मुंबई ।** अरबाज खान और शूरा खान बॉलीवुड के मोस्ट लविंग कपल्स में से एक हैं. दोनों अक्सर एक दूसरे से जुड़ी बातें अपने फैंस के साझा करती रहती हैं. अरबाज ने अचानक से ही शूरा के साथ निकाह कर अपने प्रशंसकों को जरूर हैरान कर दिया था, लेकिन अब शादी के एक साल पूरा होने पर हर कोई उन्हें और उनकी बेगम जान को ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहा है. अब हाल ही में, कपल ने एक-दूसरे को खास अंदाज में विश किया है. पिछले साल 24 दिसंबर को अरबाज और शूरा परिवार और करीबियों के बीच शादी के बंधन में बंधे थे. इसके बाद दोनों अक्सर डिनर डेट्स और इवेंट्स में साथ में स्पॉट होते रहते हैं. अब हाल ही में, शादी की पहली सालगिरह के मौके पर दोनों ने एक-दूसरे को विश करने के लिए काफी प्यारा सा नोट लिखा है. अरबाज ने कहा है कि भले ही उनकी शादी को एक साल बीता है, लेकिन ऐसा लगता है कि दोनों एक-दूसरे को काफी समय से जानते हों. हाल ही में, अरबाज ने अपने इंस्टाग्राम पर शूरा के साथ कुछ तस्वीरें साझा की हैं.




**हाल ही में, बिग बॉस का नया प्रोमो जारी हुआ है. इसमें अविनाश मिश्रा ने कशिश कपूर द्वारा 'वुमनाइजर' कहे जाने पर अपना आपा खोया और घर में कुर्सियां भी फेंकी. सोशल मीडिया पर अब इस वीडियो पर लोगों की जमकर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं.**

## बिग बॉस 18 के घर में शुरू हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा 'वुमनाइजर' कहे जाने पर अविनाश ने की तोड़फोड़

**मुंबई ।** सलमान खान का विवादित शो बिग बॉस 18 दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है. शो में चल रही कंटेस्टेंट्स के लड़ाई-झगड़ों ने इसकी टीआरपी रेटिंग में काफी इजाफा किया है. हर कोई अपने पसंदीदा प्रतियोगी को सपोर्ट करने से पीछे नहीं हट रहा है. अब हाल ही में, बिग बॉस का नया प्रोमो जारी हुआ है. इसमें अविनाश मिश्रा ने कशिश कपूर द्वारा 'वुमनाइजर' कहे जाने पर अपना आपा खोया और घर में कुर्सियां भी फेंकी. सोशल मीडिया पर अब इस वीडियो पर लोगों की जमकर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं. बिग बॉस 18 के आगामी एपिसोड में दर्शकों को हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को जरूर मिलेगा. इस बार एपिसोड में अविनाश मिश्रा बाकी घरवालों पर अपना आपा खोते दिखाई दे रहे हैं. इन सब में अविनाश के साथ ईशा सिंह भी शामिल हैं. प्रोमो में



दिखाया गया है कि अविनाश मिश्रा का ईशा सिंह के साथ बहस होती है, जिसके बाद वह आग-बबूला हो जाते हैं. बता दें कि यह सब तब शुरू हुआ, जब कशिश कपूर ने सबके सामने अविनाश मिश्रा पर अपमानजनक कमेंट करने का आरोप लगाया था. नॉमिनेशन टास्क में कशिश ने बताया कि अविनाश ने उन्हें एडवाइज दी थी कि उन्हें फ्लर्ट करने का सहारा लेना चाहिए और शो में अपना खुद का एक एंगल बनाना चाहिए. हालांकि, अविनाश ने इस बात से सीधे इनकार कर दिया था.

इसके बाद कशिश और अविनाश में तीखी बहस होती है. कशिश इस दौरान अविनाश को 'वुमनाइजर' कहती हैं. वही, ईशा ने अविनाश को सलाह दी कि उन्हें कशिश से अपनी बात के लिए माफी मांगनी चाहिए. ईशा ने अविनाश ने यह भी कहा कि कशिश ने उन्हें वुमनाइजर कहकर उनकी इमेज को नुकसान पहुंचाया है, लेकिन अविनाश कुछ भी सुनने के मूड में नजर नहीं आ रहे थे. इसके बाद ईशा ने भी अविनाश को कोई सलाह देने से मना कर दिया, जिसके बाद अविनाश अपना आपा खो बैठे.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी. कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शुभांक-2-4-6

**वृष :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी. हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा. व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. धार्मिक यात्रा का योग है. शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. शत्रुभय, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें. शुभांक-4-6-8

**कर्क :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे. घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा. शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा. शुभांक-5-7-8

**सिंह :** पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा. वरिष्ठ लोगों से कहासुनी तनाव पैदा करेगी. संयमित भाषा का इस्तेमाल करें. आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा. अपने काम को प्राथमिकता से करें. शुभांक-6-8-9

**कन्या :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. स्वास्थ्य व जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. शुभांक-7-8-9

**तुला :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी. शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक :** व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना. मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है. शुभांक-1-3-5

**धनु :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. खान-पान में सावधानी रखें. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा.मान-सम्मान में वृद्धि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. शुभांक-2-4-6

**मकर :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. कामकाज सीमित तौर पर बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. राजकीय कार्यों से लाभ. शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम को प्राथमिकता से करें. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-4-7-9

**मीन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. लंबी यात्रा का संयोग बन सकता है. शुभांक-4-8-9

**न्यूज अपडेट**

## पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**पटना ।** पटना में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज की गयी है. ये छात्र बीपीएससी की परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर आयोग के ऑफिस के सामने प्रदर्शन कर रहे थे. प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की, बाद में बीपीएससी ऑफिस के बाहर जमा अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज कर दिया. छात्रों की मांग है कि परीक्षा को रद्द किया जाए. बीपीएससी 70वीं परीक्षा के बाद से ही अभ्यर्थी परीक्षा रद्द की मांग रहे हैं. अभ्यर्थियों का कहना है कि पटना के बापू एग्जाम सेंटर अलावा भी कई एग्जाम सेंटर्स पर गड़बड़ियां हुई हैं, इसलिए पूरी परीक्षा रद्द होनी चाहिए और फिर से आयोजित की जानी चाहिए.

## गोली के शिकार बंधन बैंककर्मी पूर्णिया के निजी अस्पताल में किया भर्ती

**अररिया।** जिले के पलासी थाना क्षेत्र के सालगोड़ी मोड़ के समीप बंधन बैंककर्मी दीपक कुमार की बीती रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी थी.जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए थे. घटना के बाद जहां घायल बैंककर्मी को सीधे पूर्णिया के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया.वही रात से ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई स्वयं एसपी अमित रंजन,सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह सहित पलासी थाना पुलिस रात में ही घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई. घायल बंधन बैंककर्मी का इलाज पूर्णिया निजी अस्पताल में चल रहा है.

## पटना में बीपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र की लाश मिली

**पटना।** पटना में फिर से एक छात्र की लाश मिली है. वह पत्रकार नगर थाना क्षेत्र के हनुमान नगर के इलाके में रहकर बीपीएससी परीक्षा की तैयारी करता था. कमरे में उसकी लाश मिली तो इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. पुलिस का कहना है कि सोनू कुमार ने आत्महत्या की है. एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एक किए हैं. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मृत छात्र की पहचान पालीगंज के परयाचक निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई है. पुलिस का कहना है कि रिश्तेदारों और आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर पता चला कि सोनू पटना में रहकर बीपीएससी की तैयारी कर रहा था.

## बदमाशों ने राजस्व कर्मचारी के निजी मुंशी को मारी गोली, घायल

**हाजीपुर।** हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग पर अपराधियों ने एक राजस्व कर्मचारी के निजी मुंशी को निशाना बनाकर आधा दर्जन से अधिक गोलियां मारी. इस हमले में घायल हुए व्यक्ति की हालत गंभीर है, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद पटना के पीएमसीएच रेफर किया गया है. जानकारी के मुताबिक, घटना काजीपुर थाना क्षेत्र के अफजलपुर धोबघट्टी गांव निवासी मुकेश कुमार (45) के साथ हुई. बताया गया है कि मुकेश कुमार एक राजस्व कर्मचारी के निजी मुंशी के रूप में काम करते हैं. स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, अपराधियों ने पहले बाइक सवार मुकेश को टक्कर मारकर गिराया और फिर लगातार गोलियां चलाईं. पुलिस ने घटनास्थल से आठ खोखे बरामद किए हैं.




### अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर राजकीय समारोह

# नीतीश ने दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता । पटना**

पटना में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य राजकीय समारोह का आयोजन किया गया. राजधानी के पाटलिपुत्र पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विधान सभा अध्यक्ष विजय सिन्हा समेत कई मंत्रियों ने पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.इस अवसर पर विजय सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि बिहार में शराफत और शैतान के बीच संघर्ष चल रहा है. सुशासन और कुशासन की लड़ाई है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि लालू यादव ने बिहार को गुंडा राज में तब्दील किया और यहां फ्रॉड की राजनीति की नींव रखी. सिन्हा ने कहा कि अटल जी ने नीतीश कुमार को सुशासन स्थापित करने के लिए बिहार भेजा था.इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जेडीयू के सीनियर नेता और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव हमेशा नकारात्मक बयान देते हैं और आरोप लगाने का काम करते हैं. उन्होंने कहा कि तेजस्वी को कानून और संविधान की जानकारी नहीं है.वहीं, पूर्व मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने आरजेडी पर हमला करते हुए कहा कि पार्टी पूरी तरह से हाईजैक हो चुकी है, जहां लालू यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लेकिन सारे फैसले तेजस्वी यादव ही लेते हैं.



## नीतीश सरकार ने डीसीएलआर मैत्री सिंह को किया निलंबित

**संवाददाता । पटना**

पटना सदर की पूर्व डीसीएलआर मैत्री सिंह पर प्रशासन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार को पटना सदर अनुमंडल की पूर्व डीसीएलआर मैत्री सिंह को निलंबित कर दिया. जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने उनके निलंबन की अनुशंसा की थी. पूर्व डीएसएलआर पर आरोप था कि स्थानांतरण के बाद भी उन्होंने सरकारी फाइलें अपने साथ ले जाकर बैक डेट में निपटारा किया. इनमें अधिकतर मामले दाखिल-खारिज और भूमि विवाद से संबंधित थे. पूर्व डीसीएलआर पर यह भी आरोप था कि उनके कार्यालय में दलालों के माध्यम से काम करवाया जाता था. 30 अक्टूबर को उनका स्थानांतरण हो गया था, लेकिन वह लगभग 500 फाइलें अपने साथ ले गई थीं. यह मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आने पर डीडीसी समीर सौरभ की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी बनाई गई. कमेटी ने जांच के बाद इन आरोपों को सही पाया और कार्रवाई की अनुशंसा की. इसके बाद जिलाधिकारी ने उनके निलंबन की सिफारिश की. जिसके आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग ने कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया.

## रेलवे में मिट्टी भराई के लिए जा रहे ट्रक ने युवक को रौंदा, मौत




**संवाददाता। सुपौल**

सुपौल नगर परिषद क्षेत्र के सुकमारपुर वार्ड 3 में मंगलवार देर शाम एक तेज रफ्तार हाइवा ने 26 वर्षीय युवक ललन कुमार को कुचल दिया. जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. मृतक गौरवगढ़ वार्ड 5 निवासी सुरेंद्र यादव का पुत्र था. हादसे के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा. गुस्साए लोगों हाइवा को पकड़ लिया और शव को सड़क पर रखकर पूरी रात प्रदर्शन किया. सुबह करीब 09 बजे तक लोगों ने घटना के विरोध में प्रदर्शन किया. इस दौरान स्थानीय लोग पीड़ित परिवार के लिए उचित सहायता और वाहन मालिक तथा चालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे थे. इधर, सूचना पर सदर थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे. उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया. लेकिन लोग जिलाधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े रहे. पूरी रात स्थिति तनावपूर्ण बनी रही. वही बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे सुपौल सीओ संदीप कुमार के आश्वासन पर लोग शांत हुए.

**मंगलवार की शाम ससुराल पहुंचा था युवक :** मृतक के बहनोई राजकुमार ने बताया कि मंगलवार की रात ललन कुमार सुकुमारपुर स्थित अपने ससुराल पहुंचा था. जहां दरवाजे पर बाइक खड़ी कर वह शौच के लिए जा रहा था. इसी दौरान सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार हाइवा ने उसे टक्कर मार दी. हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतक अपने पीछे पत्नी और ढाई व डेढ़ साल के दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है. वह तीन भाइयों में मंझला था. घटना के बाद पूरे क्षेत्र में मातम छा गया. स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने के बाद हाइवा चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया.

## नीतीश जी को भारत रत्न मिले : गिरिराज

**संवाददाता। पटना**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार के आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने स्पष्ट किया कि एनडीए गठबंधन नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा और बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी.

सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को ऊंचाई तक पहुंचाने का काम किया है. उन्होंने राज्य को जर्जर व्यवस्था और जंगलराज से बाहर निकाला. ऐसे में उन्हें उनके काम के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए. गिरिराज सिंह ने यह भी कहा कि लालू यादव लाख कोशिश कर लें, अब उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है. उन्होंने लालू यादव पर तंज कसा कि वर्तमान में लोग उनके झांसे में नहीं आने वाले.



**घुसपैठियों को लेकर चिंता व्यक्त की :** बेगूसराय में मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर चिंता व्यक्त की. उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ बिहार और देश के अन्य हिस्सों में सामाजिक समरसता के लिए खतरा बन रहे हैं.

उन्होंने पूर्णिया, अररिया, कटिहार और किशनगंज जैसे सीमावर्ती इलाकों का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार में 800 किलोमीटर की सीमा पर अवैध मस्जिदों के निर्माण को भी चिन्हित करने की आवश्यकता है. बांग्लादेशी घुसपैठियों को पहचानकर उन्हें देश से बाहर निकालना चाहिए. सिंह ने कहा कि यह समस्या सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के लिए एक चुनौती है. उन्होंने सरकार और समाज से घुसपैठियों की पहचान कर उचित कार्रवाई करने का आह्वान किया.

## 3,710 लीटर विदेशी शराब जब्त

**किशनगंज ।** किशनगंज पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर 3,710 लीटर विदेशी शराब जब्त की है. इन कार्रवाइयों में पांच तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है. तस्करी की यह गतिविधि सब्जी लदे वाहनों की आड़ में चल रही थी. पुलिस के इन ऑपरेशनों से शराब माफियाओं में खलबली मच गई है. पाठामारी थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एनएच-327ई पर कार्रवाई की. यहां एक सब्जी लदे पिकअप वैन की तलाशी के दौरान 1,769.6 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई. पुलिस ने मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान सुनील कुमार, संतोष कुमार और गोपाल कुमार के रूप में हुई है. ये सभी तस्कर मुजफ्फरपुर जिले के निवासी हैं.

## ट्रक ने युवक को रौंदा, मौत

**संवाददाता । पूर्णिया**

पूर्णिया में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई. मौत उस वक्त हुई जब युवक आर 15 बाइक से ससुराल पूर्णिया आ रहे थे. मौत के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है. सूचना के बाद गुलाबबाग टीओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है. घटना मंगलवार देर रात्रि सदर थाना क्षेत्र के सोनौली चौक के पास घटी है. मृतक की पहचान मुफस्सिल क्षेत्र के वीरपुर पोखरिया निवासी मो जाहिर के पुत्र जसिन (25 वर्ष) के रूप में है.

**एक वर्ष पूर्व पूर्णिया शहर में हुई थी :** मृत के भतीजा वसीम ने बताया कि चाचा जसिन की शादी एक वर्ष पूर्व पूर्णिया शहर में हुई थी. देर रात्रि पत्नी के फोन आने के बाद मिलने के लिए पूर्णिया आ रहे थे. इसी सोनौली चौक ट्रक जीरो माइल से पूर्णिया की तरफ जा रहे थे. तेज रफ्तार बाइक होने के कारण बाइक ट्रक में जा घुसी. इससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहां के स्थानीय लोगों द्वारा युवक के इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया. डॉक्टर ने भी जांच के दौरान युवक को मृत घोषित कर दिया. सोनौली चौक पर मौजूद पुलिस के द्वारा दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को अपने कब्जे में लिया. साथ ही ट्रक चालक और उप चालक को गिरफ्तार कर लिया है.




▪ मौत उस वक्त हुई जब युवक आर 15 बाइक से ससुराल पूर्णिया आ रहे थे

**कारोबार**

## 2024 में कम रही मनरेगा में काम की मांग, रिपोर्ट में दावा

**नयी दिल्ली ।** रिजर्व बैंक की एक ताजा रिपोर्ट में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) में काम मांगे जाने की रफ्तार में गिरावट आने का दावा किया गया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना महामारी के बाद के वर्षों के मुकाबले मौजूदा वित्तीय वर्ष (अप्रैल-नवंबर) के अधिकतर महीनों में मनरेगा के तहत लोगों की तरफ से काम मांगने की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है. गौरतलब है कि इस स्कीम के तहत जिन परिवारों के वयस्क लोग काम करने में सक्षम होते हैं, उन्हें अकुशल मजदूरी से जुड़े कामों के लिए साल में कम से कम 100 दिन रोजगार की गारंटी मिलती है. आरबीआई के मुताबिक, अक्तूबर के मुकाबले नवंबर 2024 में मनरेगा के तहत काम मांगने वालों की संख्या में 8.2 फीसदी का उछाल देखा गया. पिछले साल नवंबर के मुकाबले यह 3.2 फीसदी ज्यादा रहा.

## नौकरी के लिए महिलाओं ने किए 2.8 करोड़ आवेदन

**नयी दिल्ली ।** वर्ष 2024 में नौकरियों के लिए कुल सात करोड़ आवेदन आए, जिसमें से 2.8 करोड़ महिलाओं के थे. एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, यह संख्या वर्ष 2023 की तुलना में 20 फीसदी अधिक है. रिपोर्ट दर्शाती है कि भारत के रोजगार परिदृश्य में तेजी से बदलाव आ रहा है और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है. रिपोर्ट के अनुसार इस साल आए कुल सात करोड़ आवेदन पिछले वर्ष के मुकाबले 25 फीसदी अधिक है. रिपोर्ट इंडिया एट वर्क 2024 रोजगार पोर्टल अपना डॉट ने जारी की है. रिपोर्ट के मुताबिक, आवेदनों की संख्या में वृद्धि कार्यबल में महिलाओं और युवाओं की बढ़ती भागीदारी का नतीजा है. इसमें कहा गया है, वरिष्ठ और प्रबंधकीय पदों के लिए आवेदनों की संख्या में 32 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, देश के कार्यबल को आकार देने में महिलाओं के बढ़ते प्रभाव का संकेत है.

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गिरकर ऑल-टाइम लो पर आया

**नयी दिल्ली ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले यह 07 पैसे गिरकर 85.19 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ. रुपए का यह सबसे निचला स्तर है. नवंबर महीने में इंडिगो से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़कर 1 करोड़ से ज्यादा हो गई. इस दौरान भारतीय एविएशन मार्केट में एयरलाइन की हिस्सेदारी 63.6% के ऑल-टाइम-हाई पर पहुंच गई. वहीं, ट्रायम्फ मोटरसाइकिल इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी मॉडर्न क्लासिक बाइक ट्रायम्फ स्पीड ट्विन 900 का अपडेटेड मॉडल लॉन्च किया है. यहां इसकी कीमत 8.89 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) रखी गई है. रुपया 23 दिसंबर को अपने रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर पहुंच गया. इसमें अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 07 पैसे की गिरावट देखने को मिली और यह 85.19 रुपए प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ. इससे पहले 19 दिसंबर 2024 को डॉलर के मुकाबले रुपया 85.08 पर बंद हुआ था.

## गूगल में एम्प्लॉइज के बीच 'अगली स्वेटर' कॉन्टेस्ट हुआ



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

गूगल ने हाल ही में अपने पहले कंपनी-वाइड 'अगली स्वेटर' कॉन्टेस्ट होस्ट किया. कंपनी के इस कॉन्टेस्ट में गूगल के चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) सुंदर पिचाई भी शामिल हुए. इस बात की जानकारी सुंदर पिचाई ने खुद बुधवार को क्रिसमस के दिन इंस्टाग्राम पर इस इवेंट की कुछ फोटोज शेयर कर दी. इन फोटोज में पिचाई ने अपनी यूनीक थीम वाले स्वेटर को भी दिखाया, जो उनकी भारतीय विरासत से मेल खाता है. पिछले हफ्ते हुए इस इवेंट में गूगल के एम्प्लॉइज ने हिस्सा लिया था. इस इवेंट में सभी एम्प्लॉइज को निटवेअर स्वेटर्स को फेस्टिव डिजाइन देकर अपनी क्रिएटिविटी दिखाने का मौका मिला था. इवेंट को गूगल के AI असिस्टेंट जेमिनी ने जज किया और विनर्स चुने थे.

**पिचाई की स्वेटर पर क्रिकेट बैट-बॉल और क्रिसमस ट्री :** पिचाई ने स्वेटर पहने अपनी एक फोटो भी शेयर की है. उनकी ब्लैक कलर की पुलओवर स्वेटर पर क्रिकेट बैट, क्रिकेट बॉल और क्रिसमस ट्री बनी हुई है. पिचाई की यह स्वेटर क्रिकेट के प्रति उनके जुनून को दर्शाता है. इंस्टाग्राम पोस्ट में पिचाई ने लिखा, 'हमने पिछले हफ्ते अपने पहले गूगल-वाइड 'अगली स्वेटर' हॉलिडे कॉन्टेस्ट के साथ 2024 का समापन किया. जेमिनी जज थी और मुझे कहना होगा की उसकी चॉइस अच्छी है. विनर्स को बधाई और साल के मजेदार अंत के लिए सभी को धन्यवाद.

## सिनेमाघरों में बिकने वाले पॉपकॉर्न पर 5% ही लगेगा जीएसटी

**नयी दिल्ली।** सिनेमा घरों में खुले रूप से बिकने वाले पॉपकॉर्न पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर पांच फीसदी ही लागू होगा, जैसा कि रेस्टोरेंट सेवाओं पर लागू होता है. अगर पॉपकॉर्न को फिल्म टिकट के साथ बेचा जाता है, तो इसे एक समग्र आपूर्ति के रूप में माना जाएगा. चूंकि, इस मामले में मुख्य आपूर्ति टिकट है, इसलिए उसकी लागू दर के अनुसार कर लगाया जाएगा. इस बारे में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में स्पष्टीकरण दिया गया था. आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी जानकारी में कहा कि नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न पर लागू वर्गीकरण और जीएसटी दर को स्पष्ट करने के लिए उत्तर प्रदेश से अनुरोध मिला था. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जैसलमेर में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक के बाद मीडिया को बताया था कि परिषद ने पॉपकॉर्न पर कर के संबंध में स्पष्टीकरण जारी करने पर सहमति जताई है. पॉपकॉर्न पर जीएसटी की दर में कोई वृद्धि और बदलाव नहीं किया गया है. उल्लेखनीय है कि जीएसटी के तहत नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न को नमकीन के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जिसको खुले में बेचने पर 5 फीसदी का कर लगता है.

### ग्राहकों को मिलेगा फायदा : रिलायंस और शीन की साझेदारी

## भारत में बढ़ेगा फैशन का कॉम्पिटीशन

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

चीन का लोकप्रिय फैशन ब्रांड शीन चार साल की पाबंदी के बाद भारतीय बाजार में वापसी करने जा रहा है, और इसके लिए उसे मुकेश अंबानी के रिलायंस ग्रुप का साथ मिला है. शीन ने रिलायंस रिटेल के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अजियो पर अपने कलेक्शन की टेस्टिंग और कैटलॉगिंग शुरू कर दी है. इसके साथ ही रिलायंस का इरादा शीन को अपने अन्य प्लेटफॉर्म्स तक भी पहुंचाने का है, जिससे शीन को भारतीय बाजार में विस्तार मिलेगा. इससे भारतीय फैशन बाजार में रिलायंस और टाटा ग्रुप के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा का असर दिखेगा.

**भारत में शीन का बैन और वापसी की कहानी :** भारत और चीन के बीच 2020 में बढ़े सीमा विवाद के बाद, भारत सरकार ने शीन समेत कई चीनी ऐप्स पर बैन लगा दिया था. शीन का भारतीय बाजार में पुनः प्रवेश एक तरह से भारतीय स्वदेशी प्लेटफार्म के तहत हो रहा है. वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में कहा था कि शीन का व्यापार पूरी तरह से भारतीय रिटेल प्लेटफॉर्म पर आधारित होगा, और इसके डेटा का नियंत्रण उसके पास नहीं रहेगा.




शीन की वापसी ऐसे समय में हो रही है जब कंपनी की वैश्विक रेवेन्यू ग्रोथ में कमी आई है. 2024 की पहली छमाही में शीन की रेवेन्यू ग्रोथ पिछले साल के मुकाबले घटकर 23 प्रतिशत रह गई है, जबकि पिछले साल यह 40 प्रतिशत थी. हालांकि, भारतीय बाजार के लिए शीन की वापसी अहम साबित हो सकती है, क्योंकि भारत का फास्ट फैशन सेगमेंट लगातार बढ़ रहा है. रेडसीर स्ट्रेटजी कंसल्टेंट्स के अनुसार, भारत का यह बाजार 2024 में 40 प्रतिशत बढ़ा है और 2031 तक इसकी अनुमानित कीमत 4.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है. इससे शीन को बाजार में शानदार विकास की संभावना मिलेगी.

**रिलायंस और शीन के लिए फायदे की डील :** यह साझेदारी शीन और रिलायंस दोनों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है. शीन को रिलायंस के विशाल ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अजियो के साथ-साथ रिलायंस रिटेल के 19,000 स्टोरों तक पहुंच मिलेगी. इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज पॉलिएस्टर फाइबर और यार्न के उत्पादन में अग्रणी है, और चूंकि शीन के उत्पादों में पॉलिएस्टर का काफी उपयोग होता है, इस डील से शीन को मैन्युफैक्चरिंग सपोर्ट मिलेगा.

**रिपोर्ट** आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती की योजना प्रभावित होगी

# ट्रंप की नीतियां कटौती योजना पर प्रभाव डाल सकती हैं

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों से भारत के केंद्रीय बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), को आगामी समय में चुनौती का सामना करना पड़ सकता है. एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्रंप की नीतियों के चलते भारतीय रिजर्व बैंक की ब्याज दरों में कटौती की योजना प्रभावित हो सकती है. आरबीआई के लिए यह चुनौती इस कारण भी है क्योंकि वह महंगाई दर में गिरावट के चलते रेपो दर में कटौती करने की योजना बना रहा था. हालांकि, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप की नीतियों के बारे में



अनिश्चितता और घरेलू महंगाई संबंधी दबाव के कारण आरबीआई की दरों में कटौती का समय प्रभावित हो सकता है.

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में महंगाई में कमी आने की संभावना है, लेकिन खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव और ट्रंप की नीतियों के कारण इस प्रक्रिया में देरी हो सकती है. विशेष रूप से, रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि उच्च महंगाई से स्टॉक और बॉन्ड के प्रदर्शन के बीच एक मजबूत संबंध हो सकता है, जैसा कि 2022 में देखा गया था. उस समय महंगाई और ब्याज दरों में वृद्धि का असर स्टॉक और बॉन्ड पर पड़ा था.

साथ ही रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि अचल संपत्तियां, नकदी और सोना महंगाई के खिलाफ प्रभावी बचाव के रूप में काम कर सकते हैं. उपभोक्ता स्टेपल और उच्च गुणवत्ता वाले स्टॉक भी महंगाई के प्रभाव से स्थिरता प्रदान कर सकते हैं. आरबीआई ने 2025 तक ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद जताई है, लेकिन लगातार उच्च महंगाई और आर्थिक विकास में उछाल के कारण इस दर में कटौती की गति पर रोक लग सकती है. वर्तमान में आर्थिक माहौल काफी जटिल है, और रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक और घरेलू कारक मौद्रिक नीति के निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में खुदरा मुद्रास्फीति 5.48 प्रतिशत थी, जो अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत थी और आरबीआई के 2-6 प्रतिशत के आरामदायक बैंड के भीतर है. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगर मुद्रास्फीति में गिरावट का सिलसिला जारी रहता है, तो फरवरी में होने वाली आगामी एमपीसी बैठक में ब्याज दर में कटौती की संभावना है.

## इंडो फार्म इक्विपमेंट का आईपीओ 31 दिसंबर को खुल जाएगा

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

ट्रैक्टर और क्रेन बनाने वाली कंपनी इंडो फार्म इक्विपमेंट का आईपीओ 31 दिसंबर को खुलने जा रहा है. यह 2024 का अंतिम आईपीओ होगा और 2 जनवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए बंद होगा. कंपनी ने आईपीओ के लिए 204 रुपये से 215 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है. इस आईपीओ में एक लॉट में 69 शेयर होंगे, और खुदरा निवेशकों के लिए न्यूनतम निवेश राशि 14,835 रुपये तय की गई है. आईपीओ का कुल आकार 260.15 करोड़ रुपये है. इस आईपीओ में 86 लाख नए शेयर जारी होंगे, साथ ही 35 लाख शेयरों का ऑफर फॉर सेल रहेगा. अलॉटमेंट 3 जनवरी को होगा, और 7 जनवरी को शेयरों की लिस्टिंग बीएसई और एनएसई पर होगी. आईपीओ के लिए आर्यमान फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं, जबकि रजिस्ट्रार का नाम मैस सर्विसेज लिमिटेड है. ग्रे मार्केट में इस आईपीओ को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. 24 दिसंबर को यह ग्रे मार्केट में 21 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा था, जिससे लिस्टिंग पर निवेशकों को हर शेयर पर 21 रुपये का मुनाफा हो सकता है. हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि निवेशकों को कंपनी के कारोबारी स्वास्थ्य को देखकर निवेश के फैसले लेने चाहिए.

## कप्तान हरमनप्रीत ने की बल्लेबाजों की तारीफ

**वडोदरा।** वेस्टइंडीज खिलाफ तीन मैचों की एकदिनी सीरीज के दूसरे वनडे में 115 रन की जीत के बाद, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपने बल्लेबाजों की जमकर तारीफ की.दाएं हाथ की बल्लेबाज हरलीन देओल की दमदार पारी और गेंदबाजों के सामूहिक प्रयास से भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को कोटांबी स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के दूसरे वनडे में कैरेबियाई टीम पर 115 रनों से जीत दर्ज की.कौर ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा,हमने वही किया जिसकी हमें उम्मीद थी. जिस तरह से हमारे सलामी बल्लेबाजों ने हमें शुरुआत दी,उसके बाद हरलीन की बल्लेबाजी और जेमी ने भी टीम का साथ दिया. जिस तरह से हमने बल्लेबाजी की, उससे निश्चित रूप से वाकई बहुत खुश हूं. दूसरी पारी में भी, जिस तरह से मैथ्यूज बल्लेबाजी कर रही थी, उससे यह संकेत मिल रहा था.

### एक जीत से टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया में रच देगी इतिहास

# 139 साल में पहली बार होगा ऐसा कमाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारतीय क्रिकेट टीम के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में इतिहास रचने का मौका है. टीम इंडिया बॉक्सिंग डे टेस्ट जीतकर एक ऐसा कमाल कर सकती है जो 139 साल में किसी भी टीम ने मेजबान टीम के खिलाफ नहीं किया. बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में इस वक्त दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर है. चौथा मुकाबला अपने नाम करने के साथ ही भारत मेलबर्न में लगातार तीन टेस्ट जीत का रिकॉर्ड बनाने में कामयाब हो जाएगा.ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत शानदार जीत के साथ करने वाली भारतीय टीम को दूसरे मुकाबले में हार मिली थी. तीसरा मैच दोनों टीमों के बीच ड्रॉ रहा था. 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला सीरीज के लिए निर्णायक साबित हो सकता है. यहां जीत मिलने का मतलब है कि टीम इंडिया सीरीज पर अपना कब्जा बरकरार रखेगी. भारत उसी प्लेइंग इलेवन के साथ उतर सकता है जो उन्होंने गाबा टेस्ट में उतारी थी. आर अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है और वह घर लौट चुके हैं. तनुष कोटियन ने उनकी जगह ली है.

### भारत के पास इतिहास रचने का है एक मौका

सीरीज का चौथा टेस्ट 26 से 30 दिसंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा. पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है और यह दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण मैच है. अगर भारत एमसीजी टेस्ट जीतता है, तो वे 1885 के बाद से इस प्रतिष्ठित स्थल पर लगातार 3 टेस्ट जीतने वाली पहली टीम बन जाएंगे .बॉक्सिंग डे टेस्ट के नतीजों पर नजर डाले तो यहां भारतीय टीम मेजबान पर हावी नजर आती है. 2014, 2018 और 2020 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न टेस्ट खेला है. टीम इंडिया ने 2018 में 137 रन की जीत दर्ज की थी जबकि 2020 में ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया था.

## ब्राजील के पूर्व डिफेंडर राफिन्हा अपने मूल क्लब कोरीतिबा में लौटे

**एजेंसी। रियो डी जेनेरियो**



ब्राजील के पूर्व अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर राफिन्हा ने अपने मूल क्लब कोरीतिबा में मुफ्त ट्रांसफर पर फिर से शामिल होने पर सहमति व्यक्त की है. ब्राजील के सेरी बी क्लब ने मंगलवार को यह जानकारी दी.39 वर्षीय खिलाड़ी ने इस महीने की शुरूआत में साओ पाउलो से अलग होने के बाद इस क्लब के साथ एक साल का अनुबंध किया है, जिससे उनके पेशेवर करियर की शुरुआत हुई थी.राफिन्हा ने सोशल मीडिया पर प्रकाशित एक वीडियो में कहा,मैं आपको यह बताने के लिए यहां हूं कि मैं लगभग 20 साल पहले जब मैं यहां से गया था,तो मैंने जो वादा किया था,उसे पूरा करने में मैं कभी असफल नहीं हो सकता. मैं एक बच्चे के रूप में यहां से चला गया था और आज मैं कोरीतिबा को उसके मूल स्थान पर वापस लाने में मदद करने के लिए वापस आया हूं.2005 में राफिन्हा कोरीतिबा छोड़कर जर्मनी के शाल्के में शामिल हो गए और उसके बाद से राइट-बैक ने जेनोआ,बायर्न म्यूनिख और फ्लेमेंगो सहित अन्य क्लबों में खेला है. वह ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए चार बार खेल चुके हैं.

### ऑस्ट्रेलिया ने किए दो बदलाव, फेरबदल के साथ उतर सकता है भारत

# बॉक्सिंग डे टेस्ट में अजेय बढ़त बनाने उतरेंगे भारत और ऑस्ट्रेलिया

**एजेंसी। मेलबर्न**



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बॉक्सिंग डे यानी 26 दिसंबर गुरुवार से खेला जाएगा. मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने एक दिन पहले ही दो बदलावों के साथ अपनी प्लेइंग इलेवन घोषित कर दी है. अब सबकी नजर भारत की प्लेइंग इलेवन पर टिकी हैं. पैट कमिंस ने पिच को देखते हुए मेलबर्न टेस्ट में भी उसी गेंदबाजी कॉम्बिनेशन के साथ उतरने का फैसला किया है,जो पिछले मुकाबलों में देखने को मिला था. ऐसे में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी शायद ही गेंदबाजी काम्बिनेशन में कोई छेड़छाड़ करें. हालांकि इसके बावजूद एक बदलाव की संभावना बन रही है.

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज अब रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई है. सीरीज का पहला मुकाबला भारत ने तो दूसरा पिंक बॉल टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने जीता था. वहीं, तीसरा टेस्ट बारिश से ड्रॉ होने के बाद अब सीरीज 1-1 की बराबरी पर पहुंच गई है. अब सीरीज का चौथा टेस्ट बॉक्सिंग डे से मेलबर्न में खेला जाएगा. इस मुकाबले को जीतकर दोनों ही टीमों की नजर सीरीज में अजेय बढ़त बनाने पर होगी. ऐसे में दर्शकों को कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी. इस मैच के वेन्यू के साथ टाइमिंग भी बदल गई है. भारत में इस मैच को आप कब और कहां देख सकते हैं? आइये आपको बताते हैं

**वाशिंगटन सुंदर की हो सकती है एंट्री**

भारत के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की संभावना नहीं है. हालांकि गेंदबाजी लाइन अप में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं. जसप्रीत बुमराह के अलावा कोई अन्य गेंदबाज कुछ खास नहीं कर सका है, लेकिन रोहित शर्मा उसी तेज गेंदबाजी आक्रमण पर भरोसा करना चाहेंगे. वहीं, स्पिन विभाग भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है. पिछले मुकाबले में रवींद्र जडेजा ने अच्छी बल्लेबाजी की थी, लेकिन गेंद से उनका प्रदर्शन बेहद साधारण रहा था. ऐसे में उनकी जगह वाशिंगटन सुंदर को मौका मिलने की संभावना है.

**भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग-डे टेस्ट रिकॉर्ड**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक नौ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच खेले गए हैं. इनमें से टीम इंडिया को महज दो मुकाबलों में जीत मिली है. पांच मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं. हालांकि, इसमें सबसे अच्छी बात यह है कि इन दोनों टीमों के बीच पिछले दो बॉक्सिंग डे टेस्ट भारत ने जीते हैं. 2020 में रहाणे की कप्तानी में टीम इंडिया ने आठ विकेट और 2018 में कोहली की कप्तानी में भारत ने 137 रन से जीत हासिल की थी. 2014 का मैच ड्रॉ रहा था. वहीं, 1991 से लेकर 2011 तक ऑस्ट्रेलिया ने लगातार पांच बॉक्सिंग डे टेस्ट जीते. दोनों के बीच पहला बॉक्सिंग डे टेस्ट 1985 में खेला गया था, जो ड्रॉ रहा था.

**बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए भारत की संभावित प्लेइंग 11**

केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, रोहित शर्मा (कप्तान), ऋषभ पंत, वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश रेड्डी, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप.

**बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11**

सैम कोंस्टास, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिच मार्श, पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड.

## भारत ने दूसरी एकदिनी सीरीज में वेस्टइंडीज को 115 रन से हराया

- हरलीन ने जड़ा करियर का पहला शतक
- स्मृति मंधाना, प्रतीका रावल और जेमिमा रोड्रिग्स ने लगाया अर्धशतक

**एजेंसी। वडोदरा**




भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार को तीन मैचों की एकदिनी श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज को 115 नरों से मात दी है. टी20 श्रृंखला में बाद अब एकदिवसीय सीरीज में भी भारतीय महिला टीम ने अपनी मजबूत पकड़ बनाते हुए अजेय बढ़त हासिल कर ली है. वडोदरा के मैदान पर खेले गया यह मुकाबला ऐतिहासिक रहा. दोनों टीमों ने मिलकर एक मैच में 601 रन बनाए.भारत की ओर से मिले 359 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज का बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह बिखर गया. हालांकि कप्तान हीली मैथ्यूज एक छोर पर टिकी रहीं और उन्होंने शानदार शतक जड़ा. हीली के अलावा, शैमिने कैम्बेल ने 38 रन, जायदा जेम्स ने 25 रन, एफी फ्लेचर ने 22 तथा क्वीना जोसेफ ने 15 रन बनाए.भारत की तरफ से प्रिया मिश्रा ने तीन विकेट चटकाए. जबकि प्रतिका रावल, दीप्ति शर्मा और टिटास साधु को दो-दो सफलता मिली. एक विकेट रेनुका सिंह के खाते में गया.


इसेस पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 358 रन बनाए, जो एकदिनी क्रिकेट में भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा. ओपनर स्मृति मंधाना (53 रन) और प्रतिका रावल (76 रन) ने टीम को सधी शुरुआत दिलाई. पहले विकेट के लिए दोनों के बीच 110 रन की साझेदारी हुई. इसके बाद हरलीन देओल ने मोर्चा संभाला और 103 गेंदों पर 115 रन की शानदार पारी खेली. वहीं, जेमिमा रोड्रिग्स ने 52 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 22 रनों का योगदान दिया. बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हरलीन को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया.वेस्टइंडीज के लिए डियांड्रा डॉटिन, एफी फ्लेचर, जायदा जेम्स और क्वीना जोसेफ को एक-एक सफलता मिली.

## चंडीगढ़ रवाना हुई उत्तर प्रदेश की टीम

**लखनऊ।** 19वीं जूनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप 27 दिसम्बर से चंडीगढ़ में शुरू हो रही है. इस चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए उप्र की टीम का चयन हो गया है. इन खिखाड़ियों को बुधवार को किट वितरित किया गया. इसके साथ ही टीम चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गयी. चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने वाली टीम में बालक वर्ग में यश पटेल, अनुज पांडे, राज पांडे, साहिल सिंह, विवेक, ओमकार जोशी, आराध्य चौहान एवं प्रशांत वर्मा शामिल हैं. वहीं बालिका वर्ग में अनुष्का, ख़ुशी, नव्या, सोनाली, ज़मजम, संस्कृति, रिषिभा एवं स्वास्तिका शामिल हैं. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मृत्युंजय साहनी, कोषाध्यक्ष राजेश मिश्रा, एवं महासचिव प्रशांत शर्मा उपस्थित रहे.

## मोहम्मद रिजवान, पीसीबी प्रमुख ने चैंपियंस ट्रॉफी कार्यक्रम की सराहना की

**एजेंसी। नई दिल्ली**




पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को चैंपियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के फैसले को देश के लिए एक "महत्वपूर्ण मील का पत्थर" करार दिया.पाकिस्तान 28 साल बाद किसी आईसीसी इवेंट की मेज़बानी करेगा, क्योंकि यहां आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट 1996 विश्व कप था, जिसका संयुक्त मेजबान भारत भी था.पीसीबी मीडिया विज्ञप्ति में रिजवान ने कहा, ₹एक क्रिकेट प्रेमी देश के रूप में, हम सभी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेज़बानी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं. यह एक शानदार अवसर है क्योंकि पाकिस्तान 28 वर्षों में अपने तटों पर पहली बार आईसीसी इवेंट का स्वागत कर रहा है और खासकर इसलिए क्योंकि हम गत विजेता हैं. हम अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने के लिए उत्सुक हैं.₹

हाइब्रिड मॉडल का मतलब है कि भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा और 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ़ मुकाबला होगा. नकवी हाइब्रिड सिस्टम के तहत शोपीस के एक हिस्से की मेजबानी पाकिस्तान द्वारा किए जाने से बहुत खुश हैं.नकवी ने विज्ञप्ति में कहा, ₹हमें खुशी है कि समानता और सम्मान के सिद्धांतों के आधार पर एक समझौता हुआ है, जो सहयोग और सहभागिता की भावना को दर्शाता है जो हमारे खेल को परिभाषित करता है.₹टूर्नामेंट का पहला मैच 19 फरवरी को कराची में खेला जाएगा, जिसमें पाकिस्तान का सामना न्यूजीलैंड से होगा और फाइनल 9 मार्च को होगा.

## भारतीय हॉकी को शीर्ष पर ले जाएगा एचआईएल : ललित

**एजेंसी। राउरकेला**



हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) टीम यूपी रुद्रास के फॉरवर्ड ललित कुमार उपाध्याय राउरकेला में वेदांत कलिंगा लांसर्स का सामना करने के लिए एक सप्ताह से प्रशिक्षण ले रहे हैं. दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता, ललित अपने शुरुआती करियर को आकार देने और राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह के लिए लड़ने का अवसर प्रदान करने का श्रेय एचआईएल को देते हैं.हॉकी इंडिया की ओर से जारी एक बयान में ललित ने कहा,जब लीग की शुरुआत हुई, तो यह भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच था. इससे हमें अपनी प्रतिभा दिखाने और सीधे टीम में जगह बनाने का मौका मिला.

उन्होंने लीग द्वारा प्रदान की गई वित्तीय और पेशेवर सहायता पर प्रकाश डाला,और खेल की प्रोफ़ाइल को ऊपर उठाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया.उन्होंने कहा, इससे हमें उन दिग्गजों के साथ खेलने का अनुभव मिला जिन्हें हमने केवल टीवी पर देखा था. ऐसे आइकनों के साथ मैदान साझा करने से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा और प्रतिस्पर्धी परिदृश्यों में हम और अधिक सहज हो गए. पहली एचआईएल के बाद भारत का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर गया, और अब लीग की वापसी के साथ, मुझे यकीन है कि यह हमें शीर्ष पर ले जाएगा और हमें वहां बने रहने में मदद करेगा.कलिंगा लांसर्स के साथ ललित की यात्रा 2013 में एचआईएल के पिछले संस्करण के दौरान शुरू हुई थी. इस मंच ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए रास्ता बनाने की अनुमति दी.

लीग में अपने समय को दर्शाते हुए, ललित ने अपने तीन सबसे पसंदीदा एचआईएल क्षण साझा किए.उन्होंने कहा, "मैं 2013 में जूनियर विश्व कप के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम से बाहर था, लेकिन एक कलिंगा लांसर के रूप में, मैंने यूपी टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ गोल किया. यह सीज़न के सर्वश्रेष्ठ गोलों में से एक था और हॉकी विश्व कप 2014 में भारतीय टीम के लिए चुने जाने का मुख्य कारण था.उन्होंने आगे कहा, मेरी दूसरी सबसे अच्छी याद 2017 सीज़न की है. फिर, कलिंगा लांसर्स के हिस्से के रूप में, मैंने उल्लेखनीय गोल किए और टीम को खिताब जीतने में मदद की.

**तैयारी** ऑस्ट्रेलिया पहले खो-खो विश्व कप के लिए तैयार

# पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में लेगा हिस्सा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ऑस्ट्रेलिया 13-19 जनवरी, 2025 के बीच दिल्ली में होने वाले पहले विश्व कप का हिस्सा बनने के लिए तैयार है. ऑस्ट्रेलिया की ताकतवर टीम हमेशा से ही अपनी समृद्ध खेल संस्कृति के लिए जानी जाती है.क्रिकेट से लेकर रग्बी तक,वे हमेशा से ही अपनी ताकत का लोहा मनवाते आए हैं और खो-खो में भी वे अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं, जहां वे पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में भाग लेंगे.15 खिलाड़ियों वाली प्रत्येक टीम में, कुछ भारतीयों के अलावा, ऑस्ट्रेलियाई मूल के 6 पुरुष और 8 महिला खिलाड़ी भी हैं.टीम के एक सदस्य गस डॉडल ने भारत आने और इतिहास का हिस्सा बनने पर खुशी और उत्साह व्यक्त किया.खो को फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा, ₹एक महान खेल राष्ट्र के रूप में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है,हम हमेशा ऐसे खेलों को आजमाने के लिए तैयार रहते हैं जिन्हें हमने पहले नहीं खेला है और मेरे लिए यह एक अद्भुत अवसर है कि मैं ऑस्ट्रेलिया के खेल मूल्यों जैसे निष्पक्ष खेल, प्रतिस्पर्धा और दृढ़ता को विश्व कप में ला पाऊं. मैंने पाया है कि यह बहुत तेज़ और कठिन खेल है. साथ ही, यह बहुत मज़ेदार है और मैं वैश्विक आयोजन में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं.इस खेल को देश के प्रशंसकों से बहुत समर्थन मिल रहा है और वे बहुत उत्साहित हैं कि एक ऑस्ट्रेलियाई टीम बहु-राष्ट्र टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेगी.उन्होंने कहा,हमें प्रशंसकों से बहुत समर्थन मिल रहा है,वे सभी यह जानकर बहुत उत्साहित हैं कि ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप में है. जो लोग खो-खो के बारे में जानते हैं,उनके लिए यह बहुत बढ़िया है और जो लोग इस खेल के बारे में पता लगा रहे हैं, वे सभी यह जानकर बहुत उत्साहित और गौरवान्वित हैं कि ऑस्ट्रेलिया की टीम है.खो खो ऑस्ट्रेलिया महासंघ देश में खेल को विकसित करने और एक ऐसी टीम विकसित करने के लिए बहुत उत्सुक है, जिसका सम्मान किया जा सके. खेल के निरंतर विकास को सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर खो खो को विकसित करने पर दीर्घकालिक ध्यान केंद्रित किया जा रहा है. किसी खेल का सांस्कृतिक महत्व, विशेष रूप से वह जिसकी जड़ें किसी विशेष देश में हों, उसके अर्थ और प्रभाव को और गहरा बनाता है.जब खो खो जैसा कोई भारतीय मूल का खेल ऑस्ट्रेलिया में खेला जाता है, तो सामुदायिक आदान-प्रदान और सांस्कृतिक उत्सव के लिए जगह खुलती है.भारतीय टीम के अभिन्न अंग ओजस कुलकर्णी, जो एक दशक से भी अधिक समय से खेल से जुड़े हुए हैं, के शब्दों में,इस सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण खेल में भाग लेने के सामाजिक और भावनात्मक लाभ शारीरिक स्वास्थ्य से कहीं बढ़कर हैं. यह समावेशिता, विविधता के प्रति सम्मान और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देता है. जैसे-जैसे ये खेल लोकप्रिय होते जाते हैं, वे संस्कृति, पहचान और सामुदायिक मूल्यों के बारे में बातचीत को सुविधाजनक बनाने वाले पुल भी बनते हैं.

## जिम्बाब्वे के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से बाहर हुए राशिद खान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अफगानिस्तान के स्टार खिलाड़ी राशिद खान निजी कारणों से जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट से बाहर हो गए हैं. 26 वर्षीय राशिद अपनी पीठ की चोट के बाद अपने चिकित्सक की सलाह के अनुसार लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूर थे और इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से चूक गए.बाद में, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने घोषणा की कि वह नवंबर तक टेस्ट क्रिकेट से दूर रहेंगे और इस बात पर संदेह था कि वह जिम्बाब्वे दौरे के लिए टेस्ट टीम में जगह बना पाएंगे या नहीं. हालांकि, राशिद को अंततः बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में 26 दिसंबर से शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है.मंगलवार को दिग्गज लेग स्पिनर ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह नीदरलैंड में पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं. उसी दिन अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुलावायो में अपनी टीम की पहले टेस्ट के लिए तैयारियों की तस्वीरें पोस्ट की थीं. एसीबी द्वारा शेयर की गई उन तस्वीरों में राशिद का कोई निशान नहीं था.

### श्री श्याम समर्पण महोत्सव में हजारीबाग यूथ विंग की अनुकरणीय पहल

# सेवा भक्ति व समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है : चंद्र प्रकाश

**संवाददाता । हजारीबाग**



श्री श्याम समर्पण महोत्सव के अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग ने श्याम भक्तों के प्रति अपनी भक्ति और सेवा का परिचय देते हुए चाय और बिस्कुट की सेवा प्रदान की. इस आयोजन में संस्था के संरक्षक, पदाधिकारियों और सदस्यों ने पूरे समर्पण के साथ हिस्सा लिया. सेवा का यह आयोजन शाम 5:00 बजे से प्रारंभ होकर देर रात 11:00 बजे तक निरंतर चला.जिसमें 1500 से भी अधिक भक्तों ने लाभ लिया.आयोजन मंडली श्री श्याम टाबरिया ने इस भव्य और सफल आयोजन के लिए संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया. उन्होंने इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की सेवाएं प्रदान करने की प्रेरणा दी.कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल ने अपनी जिम्मेदारियों का उत्कृष्ट निर्वहन किया. उन्होंने सेवा प्रबंधन और भक्ति भाव से भरे आयोजन को बेहतर रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी इस लगनशीलता की सभी संरक्षक, पदाधिकारी और सदस्यों ने सराहना की.सेवा स्थल पर कई गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक दलों से जुड़े प्रमुख लोग उपस्थित रहे. सभी ने बाबा के दर्शन किए, चाय की सेवा का आनंद लिया और संस्था के प्रयासों की प्रशंसा की. कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि यह पूरी तरह से भक्ति और समर्पण की भावना से संचालित था.सेवा कार्य को सफल बनाने में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, सहसचिव डॉ बी वेंकटेश, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खण्डेलवाल,विकाश तिवारी, मोहम्मद ताजुद्दीन,गुंजन मद्धेशिया, रोहित बजाज,कुल्तार सिंह, प्रणीत जैन, वर्षा जैन,प्रिंस कसेरा, सिद्धार्थ कुमार उर्फ सिद्धू,संतोष चौधरी सहित कई लोग मौजूद थें.

## साइकिल चलाते किशोर कुएं में गिरा, मौत

**चौपारण(हजारीबाग)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत बहेरा निवासी गोपाल यादव के 11 वर्षीय पुत्र रिशु कुमार घर के आसपास साइकिल चला रहा था. जबकि उसकी मां खेत से आलू निकाल रही थी. रिशु सड़क में साइकिल चलाते-चलाते खेत मे मां के पास जा रहा था। जिसमे बीच मे कुआं था.जो दूर से दिखाई नहीं पड़ता था. रिशु साइकिल चलाते हुए आगे जाने के क्रम में कुआं से अनभिज्ञ था. जिससे समझ नही सका और साइकिल के साथ कुएं में गिर गया. जिसका तनिक भी भनक उसकी मां को नहीं लग सकी. शाम होने पर साइकिल के साथ रिशु घर नहीं आने पर आस पड़ोस के घरों के अलावा गांवों में खोजबीन करने पर नहीं पता चला.थाना में लापता होने की सूचना दिया गया. थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने सोशल मीडिया पर बच्चे की लापता होने की जानकारी देने का अपील करते हुए खोजबीन करने लगे.

## न्यूज अपडेट

### दिनदहाड़े घर से 20 लाख के जेवर की हुई चोरी



**झुमरी तिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र के बजरंग चौक स्थित एक मकान से अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े लाखों रुपए के जेवर की चोरी कर ली है. मामले की जानकारी देते हुए पीड़िता गीता देवी ने बताया कि बुधवार को दिन के करीब एक बजे के आसपास वह अपने घर के बाहर पड़ोसियों से मिलने गई थी. इस दौरान घर में उनकी बहू अकेली थी. वह चूल्हे पर खाना चढ़ाकर छत पर गई थी. थोड़े समय के बाद छत से नीचे आने पर बहु ने कमरे में रखे अलमीरा का लॉक टूटा हुआ पाया. बहू के द्वारा इसकी जानकारी उन्हें दी गई. उन्होंने बताया कि अलमीरा के लॉक को तोड़कर चोर के द्वारा अलमीरा में रखें सोने के चार चेन, 6 पीस कानबाली, 4 पीस पायल की चोरी कर ली गई, जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए है. उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी देने वह तिलैया थाना गई. जिसमें बाद पुलिस की टीम उनके घर पहुंची और मामले की जांच शुरू की.

### प्रसव पीड़ा के दौरान अधिक खून बह जाने से प्रसूता की मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के समीप दक्षिणी पंचायत स्थित सार्वजनिक विवाह भवन में एक अधेड़ महिला की प्रसव पीड़ा के दौरान अधिक खून बह जाने से मौत हो ग. जिसकी पहचान रैन बसेरा (गुल गुलिया) सरिता देवी (उम्र 36 वर्ष), पति विजय पांसी, साकिन बरियातू, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार के रूप में हुई है.जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के बगल स्थित सार्वजनिक विवाह भवन में विगत 3 वर्षो से आ कर रह रही थी. स्थानीय लोगों ने बताया कि वह अभी 15 दिनों पहले आई थी. वही महिला की मौत हो जाने की सूचना मरकच्चो पुलिस को दिया गया. सूचना मिलने पर एसआई अभिमन्यु कुमार एवं एसआई विशाल कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिए.

### एलआईसी की बैठक सह वनभोज का आयोजन



**डोमचांच (कोडरमा)।** एलआईसी अभिकर्ता कल्याण संघ ने बुधवार को बड़की चंचाल धाम लक्ष्मी पुर नवलशाही में पिकनिक सह आम सभा चुनाव का कार्यक्रम किया गया. उक्त कार्यक्रम मुख्य अतिथि शाखा प्रबन्धक दिलीप कुमार पाण्डेय एवं सुरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का संचालन मुन्नीलाल मेहता ने किया. सभा को सम्बोधित करते हुए प्रबन्धक दिलीप कुमार पांडेय ने कहा कि सभी अभिकर्ता एलआईसी को सौ प्रतिशत योगदान दें और जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने का काम करें तभी कम्पनी की सार्थकता सिद्ध होगी. मौके पर संजित मेहता, मिथिलेश साव, सतीश बरनवाल, रंजीत साव, प्रभाकर लाल रावत, जसवीर ठाकुर बालेश्वर यादव,गुलाब चंद साव, सुरेन्द्र साव, विजय ठाकुर,सोनु यादव, प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित थे.

### भगवान पारसनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव आज

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के रांची रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर पारसनाथ जिनालय में भगवान पारसनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा. 26 दिसंबर को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है.मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। जन्म कल्याण महोत्सव के दौरान अभिषेक, शांति धारा एवं नित्य पूजन तत्पश्चात श्री जी के पालना झुलाई का कार्यक्रम होगा. शाम में महाआरती का भी आयोजन किया जाएगा. समाज के सभी सदस्यों से दिगंबर जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने सहयोग की अपील की है.समाज के अध्यक्ष राजेंद्र चूड़ीवाल, मंदिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल, पदमचंद सेठी, राजेश सेठी, नीरज सेठी, निशांत सेठी, बब्लू सेठी, संदीप सेठी, दीपक जैन और विनोद सेठी, श्रवण सेठी ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है.

### पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को भेजा जेल

- पूर्व में नाबालिग के भाइयों ने नंगा कर की थी मारपीट

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत देवी मंडप रोड में बीते दिनों एक युवक को नंगा कर घुमाने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर दो युवकों को जेल भेजा थ. इसके बाद जेल गए युवक की माँ ने नरेश नगर निवासी रोहित कुमार पर अपनी नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर उसके साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था. वहीं नरेश नगर निवासी रोहित कुमार, पिता इंद्रदेव सिंह को पूछताछ के लिए तिलैया थाना लाया गया, जिसके बाद बुधवार की दोपहर उसे भेज दिया गया. इधर मामले पर रोहित की माँ ने कहा कि जब उनके बेटे को नंगा करके घूमने वाले युवकों को जेल भेज दिया गया तो एक साजिश के तहत उसके बेटे को झूठे केस में फंसाकर जेल भेजा गया है.

### विश्वकर्मा समाज के गौरव थे ज्ञानी जैल सिंह : विकास



**हजारीबाग।** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज,जिला कमेटी हजारीबाग के जरिये भारत के सातवें राष्ट्रपति स्व.ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि बुधवार को मनाई गई.इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग में निवास करने वाले प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी, जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड सचिव, प्रखंड कोषाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्व ज्ञानी जैल सिंह के चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया.श्रद्धांजलि सभा के इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा ने किया तथा मंच संचालन विश्वकर्मा समाज के जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया.

## सीपीएम नेता विपिन कुमार सिंह का निधन

**हजारीबाग।** लंबे समय से सीपीएम के साथ जुड़े रहने वाले पार्टी जिला कमेटी के सदस्य कामरेड विपिन कुमार सिन्हा का इलाज के दौरान रिम्स में कल निधन हो गया.उनका हार्ट में 80% ब्लॉकेज था. कल संध्या उनका ऑपरेशन हुआ और ऑपरेशन थिएटर से निकलने के कुछ देर बाद उनका निधन हो गया.संत कोलंबस से ग्रेजुएशन करने के बाद सीधे तौर पर भारत की जनवादी नौजवान सभा से जुड़े और उसमें रखकर के नौजवानों के लिए हजारीबाग में काफी संघर्ष किया इसी दौरान सीपीएम के संपर्क में आए और 1978 में उन्होंने पार्टी ज्वाइन किया तब से लेकर के अंतिम समय तक वह पार्टी के सदस्य रहे.गांधी स्मारक से भी जुड़े रहे और गांधी स्मारक बनवाने में उनका अहम योगदान था.उनका अंतिम संस्कार आज मुक्तिधाम में किया गया जिसने पार्टी जिला सचिव गणेश कुमार सीटू, ईश्वर महतो,सुरेश कुमार दास, तपेश्वर राम के अलावा सीपीआई नेता अनवर हुसैन सहित कई राजनैतिक दल और शहर केगण मान्य लोगों ने भाग लिया. वे अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं.

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ भव्य आगाज

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव-2024 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के इस सीजन के अंतिम और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कुल 20 वां टूर्नामेंट का भव्य आगाज़ बुधवार को थाम खेल मैदान, चंदवारा में हुआ. यहां के टूर्नामेंट में कुल 20 टीमों ने भाग लिया है. जिसमें 16 टीम पुरुष वर्ग से और 04 टीमें महिला वर्ग से हैं. टूर्नामेंट का पहला मैच महिला वर्ग की थाम टीम बनाम आरागारो टीम के बीच खेला गया. जिसमें थाम टीम ने पहला विजयी प्राप्त किया. इस टूर्नामेंट का दूसरा मैच ढाब बनाम भोंडो बालिका टीम के बीच खेला जा रहा है .टूर्नामेंट का विधिवत आगाज बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर किया.

# भाजपा ने वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया

**संवाददाता । हजारीबाग**

भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ बुधवार को मनाया. यह विशेष आयोजन हजारीबाग के झांझरिया पुल स्थित हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में किया गया.कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा के पूर्व सांसद एवं भाजपा झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय शामिल हुए.मौके पर कोडरमा के पूर्व सांसद और भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय ने अपने संबोधन में अटल बिहारी वाजपेयी को एक अद्वितीय नेता, महान कवि और सुशासन के प्रणेता के रूप में याद किया.

उन्होंने कहा वाजपेयी का जीवन राष्ट्रभक्ति और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक था. उन्होंने न केवल राजनीति में बल्कि देश के हर वर्ग के जीवन में सुधार लाने का कार्य किया. उनकी दूरदृष्टि और नेतृत्व ने भारत को एक मजबूत और स्वाभिमानी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया. सुशासन की उनकी परिकल्पना ने हर व्यक्ति को सम्मान और अवसर प्रदान करने की नींव रखी.

रविंद्र राय ने वाजपेयी की ओजस्वी वाणी और उनके विचारों को आज की राजनीति में प्रासंगिक बताते हुए कहा आज के युग में अटल के आदर्शों को अपनाकर हम देश में समता, समानता और सशक्तिकरण की भावना को मजबूत कर सकते हैं. उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि राजनीति केवल सत्ता पाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जनसेवा का सबसे बड़ा साधन है. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं से आह्वान किया कि वे वाजपेयी के बताए मार्ग पर चलें और समाज में उनकी शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार करें.

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्हें याद करना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके सिद्धांतों को आत्मसात करना हमारा कर्तव्य है.इससे पूर्व कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा हजारीबाग के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की. धन्यवाद ज्ञापन झारखंड प्रदेश के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने की. कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम सबसे पहले अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया. जिसके बाद जिला अध्यक्ष के जरिये मुख्य अतिथि का स्वागत और अभिनंदन किया गया. इसके बाद कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ . मंच पर आसीन सभी वरिष्ठ नेताओं ने अपना-अपना वक्तव्य रखते हुए अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया. इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे.







पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती मनी.

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती मनी

**संवाददाता । चतरा**

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जन्म जयंती जिला मुख्यालय के अलावा सभी प्रखंड मुख्यालय सहित सभी शक्ति केंद्रों पर धूमधाम से मनाई गई. जिला भाजपा कार्यालय में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का 100 वीं जयंती समारोह धुमधाम से मनाया. इस मौके पर अटल बिहारी वाजपेयी के फोटो पर माल्यर्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान भाजपा सांसद कालीचरण सिंह ने वाजपेई जी के जीवन पर गहराई से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि वाजपेई जी का जन्म आज ही के दिन 1924 में मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था. ये अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर आरंभ करने वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पहले प्रधानमंत्री थे.

उन्होंने तीन बार प्रधानमंत्री का पद संभाला. सर्वप्रथम 13 दिनों के लिए 16 मई 1996 से 1 जून 1996, फिर 8 महीने के लिए 19 मार्च 1998 से 13 अक्टूबर 1999, पुनः 13 अक्टूबर 1999 से 22 मई 2004 तक स्वतंत्र भारत के प्रधानमंत्री के पद को सुशोभित किया. बाजपेई जी हिंदी के प्रख्यात कवि, पत्रकार एवं प्रखर वक्ता के साथ ही भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे. ये 1968 से 1973 तक भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे. ये लंबे समय तक राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य और वीर अर्जुन जैसे राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत अनेक पत्र पत्रिकाओं का संपादन किया. उनका संपूर्ण जीवन ही एक दर्शन है. आज उनके बताए मार्ग पर चलकर तथा उनके आदर्शों को आत्मसात कर ही जीवन के मूल उद्देश्यों को सफलता के शिखर तक पहुंचाया जा सकता है. मौके पर सांसद ने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओ से कहा कि पार्टी के निर्देश पर अपने-अपने बूथ क्षेत्र से 100 नये भाजपा का सदस्य बनाना है.

इस कार्य के लिए सभी भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता तन्मयता के साथ लग जाए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कई बूथों पर नए सदस्य बनाने का कार्य को प्रगति पर बताया.मौके पर जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, युगल किशोर खंडेलवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष रामविलास सिंह, अशोक शर्मा, शिव बालक सिंह, अभिषेक केसरी, राकेश झा, मनमीत सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे.

## बैंक व एटीएम में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे और ट्रेंड गार्ड नहीं

**संवाददाता । रामगढ़**

रामगढ़ जिले में चोरी और छिनतई की बढ़ती वारदातों को खत्म करना है तो सभी प्रतिष्ठानों में हाई क्वालिटी के पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे होने चाहिए. ताकि अपराधियों के साथ-साथ उस गाड़ी की भी पहचान हो सके, जिससे वह फरार होते हैं. लेकिन रामगढ़ में जितने भी बैंक और एटीएम मौजूद हैं, वहां ना तो पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और ना ही उनकी क्वालिटी उतनी बेहतर है.इस मुद्दे को अब रामगढ़ जिला प्रशासन ने काफी गंभीरता से लिया है. एक तरफ रामगढ़ एसपी अजय कुमार के जरिये सभी प्रतिष्ठानों को चिट्ठी लिखकर पर्याप्त मात्रा में एचडी सीसीटीवी कैमरा लगाने का आदेश जारी किया है. दूसरी तरफ रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने भी बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निर्देश जारी कर दिया है. इन दोनों अधिकारियों के निर्देशों के आलोक में रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने भी एक पत्र सभी बैंक प्रबंधक, बैंक के एटीएम प्रबंधक, ज्वलेरी शॉप मालिक, पेट्रोल पंप मालिक, होटल संचालक, रेस्टोरेंट संचालक, सिनेमा हॉल संचालक, शराब दुकान संचालक, फ्लैट, हाउसिंग सोसाईटी, पेड पार्किंग मालिक, निजी संचालित अस्पताल संचालक, अस्पताल प्रबंधक, मॉल प्रबंधक, दवा दुकान मालिक को जारी किया है.रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि बैंक, एटीएम, ज्वेलरी शॉप, पेट्रोल पम्प, होटल, रेस्टोरेंट, सिनेमा हॉल, शराब की दुकानें, मल्टी स्टोरी फ्लैट, हाउसिंग सोसाईटी, बस स्टैण्ड, पेड पार्किंग, निजी संचालित अस्पताल, मॉल्स, दवा दुकान पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा उपलब्ध नहीं है.

## अवैध शराब बनाने की सामग्री बरामद, एक गिरफ्तार

**संवाददाता । चौपारण (हजारीबाग)**

- पुलिस ने नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

चौपारण थाना प्रभारी को अहले सुबह पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम महुआबाद स्थित बिक्की कुमार पासवान के घर में अवैध रुप से भारी मात्रा में नकली शराब बनाने वाला खाली बोतल, ढक्कन, रैपर, स्टीकर एवं प्लास्टिक का जार को बरामद किया.अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में एक टीम गठित कर थाना प्रभारी चौपारण के द्वारा सशस्त्र बल के साथ त्वरीत कार्रवाई हेतु ग्राम महुआबाद स्थित बिक्की पासवान के घर के पास पहुँचा तथा बिक्की कुमार पासवान के घर को घेराबंदी कर विधिवत तलाशी ली.तलाशी के क्रम में घर के अन्दर एक कमरा में छुपाकर रखा भारी मात्रा में नकली खाली शराब का बोतल, ढक्कन, रैपर, स्टीकर एवं प्लास्टिक का जार बरामद किया गया . बिक्की कुमार पासवान को गिरफ्तार किया गया.इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0-418/24 अंकित कर गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेजी गई है.बरामद सामानों में रॉयल स्टेग कम्पनी का खाली शराब का बोतल 2590 पीस,ढक्कन 500 पीस, नकली रैपर- 2000 पीस एवं नकली स्टीकर (झारखण्ड राज्य का नकली लोगो) 2000 पीस,प्लास्टिक का जार 17 पीस जप्त किया गया.गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

**प्रतियोगिता** | प्रखंड प्रशासन और पत्थलगड़ा प्रेस क्लब के बीच हुई सद्भावना क्रिकेट मैच

# पत्थलगड़ा प्रेस क्लब ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर मैच जीता

**संवाददाता । चतरा**



जिले के प्रखण्ड पत्थलगड़ा में बुधवार को ऐतिहासिक स्व उमाकांत पाठक खेल मैदान में प्रखंड प्रशासन पत्थलगड़ा और पत्थलगड़ा प्रेस क्लब के बीच सद्भावना मैच का आयोजन किया गया.मैच में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष सुनील कश्यप, सीडब्ल्सयूचतरा जिला अध्यक्ष धनंजय तिवारी,विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेस क्लब चतरा जिला सचिव मोहम्मद मुकीम अंसारी,प्रेस क्लब चतरा जिला संरक्षक कमलापति पांडे पत्रकार दीपक कुमार उपस्थित रहे. वहीं दूसरी तरफ से प्रखंड विकास पदाधिकारी कलीन्द्र साहू, अंचलअधिकारी उदल राम, इंस्पेक्टर विजय सिंह, प्रमुख मनीषा कुमारी, बरवाडीह पंचायत मुखिया संदीप कुमार सुमन, समाजसेवी अंबिका यादव उपस्थित थे। क्रिकेट मैच का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ हुई. उसके पूर्व अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों का परिचय किया गया, साथ ही उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया.मैच का नेतृत्व पत्थलगड़ा प्रेस क्लब के प्रखंड अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने किया. प्रखंड प्रशासन और पत्थलगड़ा प्रेस क्लब के बीच क्रिकेट का रोमांचक मैच 16-16 ओवर की हुई. जिसमें प्रखंड प्रशासन टॉस जीतकर बैटिंग की और 16 ओवर में 127 रन बनाया. वहीं प्रेस क्लब ने 13 ओवर में 128 रन बनाकर मैच में विजेता रही. मौके पर क्रिकेट मैच में बेस्ट बॉलर पिंटू कुमार दांगी और बेस्ट बल्लेबाज रविंद्र कुमार, बेस्ट फील्डिंग नावाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया मेघन दांगी ने किया और अंपायर के रूप में संदीप रजक एवं रूपेश कुमार उपस्थित रहे. इन सभी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया. मौके पर विजेता टीम व उपविजेता टीम को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया. क्रिकेट मैच में चतरा प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य पत्रकार श्रीकांत राणा, प्रखंड सचिव मोहम्मद सिराजुल, प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील दांगी, प्रखंड उप सचिव कैलाश दांगी, अभिषेक सिंह, मनीष सिंह, सुनील कुमार, विष्णु देव दांगी, संजय राणा, नाजिर सत्येंद्र कुमार, रोजगार सेवक जितेंद्र सिंह, दिलीप राम, दुर्गेश कुमार, दिलीप कुमार, बब्लू राम के अलावे प्रखंड प्रशासन और चतरा प्रेस क्लब के कई खिलाडी शामिल हुए.

# बकाया ईपीएफ की मांग को लेकर कर्मियों ने की पार्क में तालाबंदी

**संवाददाता । हजारीबाग**



शहीद निर्मल महतो पार्क के कर्मियों ने राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के बैनर तले इंटक प्रदेश सचिव धीरज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला और जिला महासचिव कजरू साहू के नेतृत्व में 40 महीने से ईपीएफ के बकाया को लेकर की तालाबंदी.बताते चले की नगर नगर निगम के द्वारा संचालित पार्क वर्तमान में टेंडर के द्वारा मनोज सिन्हा को संचालित करने के लिए दिया गया है. जिनके द्वारा मजदूरों के वेतन का में से ईपीएफ का पैसा तो काटा जाता है लेकिन 40 माह से ईपीएफ का पैसा उनके खाते में जमा नहीं की जा रही थी .जिस बात को लेकर लगातार जिले के वरीय पदाधिकारी से पत्राचार किया गया और 29 सितंबर को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के तत्वाधान में निर्मल महतो पार्क में एक समझौता भी हुई थी .जिसके तहत पूर्व में बाकी पैसे को जमा करने की बात संचालक ने की थी .लेकिन उसके बावजूद आज तक ईपीएफ का पैसा बकाया इनके द्वारा उनके खाते में जमा नहीं किया गया.आज शहीद निर्मल महतो के जयंती पर निर्मल महतो पार्क में सुबह से ही तालाबंदी कर दी गई. सभी कर्मी रोष में गेट पर बैठ गए. तब आनन फानन में पार्क के संचालक मनोज सिन्हा और नगर निगम के सिटी मैनेजर वहां पहुंचे लेकिन राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता और मजदूरों ने उनकी एक भी बात नहीं सुनी . उसके बाद नगर निगम के असिस्टेंट कमिश्नर विपिन कुमार के द्वारा फोन के माध्यम से मीडिया कर्मियों के सामने बात किया गया की 31 जनवरी तक मजदूरों की ईपीएफ का बकाया राशि उनके खाते में जमा कर दी जाएगी.

इस अवसर पर पार्क के कर्मी योगेश पांडे बद्रीनाथ, विजय रविदास, राजीव नयन ,प्रकाश ओझा समेत बड़ी संख्या में कमी, घूमने वाले पर्यटक और मीडिया के बंधु उपस्थित रहे.

## न्यूज अपडेट

### रक्षा सचिव ने 'राष्ट्र पर्व' वेबसाइट व मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया

**नयी दिल्ली ।** अब गणतंत्र दिवस, बीटिंग रिट्रीट समारोह और स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों की जानकारी वेबसाइट और मोबाइल ऐप के जरिये मिलेगी. रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को 'सुशासन दिवस' पर इसके लिए 'राष्ट्र पर्व' वेबसाइट और इसके मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर शुरू की गई इस वेबसाइट से कार्यक्रमों के सीधा प्रसारण, टिकटों की खरीद, बैठने की व्यवस्था और रूट-मैप आदि से संबंधित जानकारी मिलेगी. इस अवसर पर रक्षा सचिव ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने 'राष्ट्र पर्व' वेबसाइट और मोबाइल ऐप विकसित किया है.

### चेतना का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, 42 घंटे से फंसी हुई है मासूम

**कोटपूतली ।** कोटपूतली के कीरतपुर के बड़ीयाली की ढाणी में 700 फीट गहरे बोरवेल में गिरी तीन साल की चेतना का रेस्क्यू तीसरे दिन भी पूरा नहीं हो सका है. प्रशासन की फेल प्लानिंग के चलते मासूम 42 घंटे से बोरवेल में फंसी हुई है. मंगलवार रात चार देसी तकनीकों की विफलता के बाद पाइलिंग मशीन का उपयोग शुरू किया गया. रेस्क्यू टीमों के लिए मौसम की धुंध और तकनीकी बाधाएं चुनौती बन रही हैं. चेतना सोमवार दोपहर 2 बजे खेलते समय बोरवेल में गिर गई थी. शुरुआत में वह करीब 150 फीट की गहराई पर फंसी हुई थी. देसी जुगाड़ (एल बैंड) का इस्तेमाल करते हुए टीमें उसे केवल 30 फीट तक खींचने में सफल रहीं, लेकिन मंगलवार सुबह से चेतना का मूवमेंट कैमरे में दिखाई नहीं दिया.

### गोवा में पर्यटकों से भरी नाव पलटी एक की मौत, 20 लोगों को बचाया

**गोवा ।** उत्तरी गोवा में कैलंगुट समुद्र तट पर पर्यटकों से भरी एक नाव पलट गई. इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है. पुलिस ने नाव में सवार 20 लोगों को बचा लिया है. उन्होंने बताया कि घटना दोपहर करीब 1.30 बजे हुई. पुलिस ने कहा कि बुधवार को उत्तरी गोवा के कैलंगुट समुद्र तट पर इंजन की खराबी के कारण एक पर्यटक नाव के पलट जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और लगभग 20 अन्य घायल हो गए. नाव में यात्रियों में छह साल के बच्चे और महिलाएं शामिल थीं. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, जिस नाव से वे यात्रा कर रहे थे, उसके पलट जाने से 54 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 अन्य को बचाया गया और इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया.

### हरियाणा के तीन जिलों में भूकंप के झटके, सोनीपत रहा केंद्र

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा में बुधवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए. भूकंप का केंद्र बिंदु सोनीपत जिले के गांव कुंडल रहा है. बुधवार की दोपहर 12 बजकर 28 मिनट पर भूकंप आया. हरियाणा के रोहतक, सोनीपत और पानीपत में तेज झटके महसूस किए गए और लोग घरों से बाहर निकल आए. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 रही. इसका सेंटर सोनीपत के कुंडल गांव में पांच किलोमीटर गहराई में रहा. रोहतक के सेक्टर-4 समेत अन्य इलाकों में रहने वाले लोगों ने तेज झटकों के बाद एक-दूसरे को अलर्ट किया. कुछ जगहों पर लोग पार्क और खुले स्थानों में जमा हो गए.

### राजस्थानः बस-कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत, 15 घायल हुए

**करौली ।** जिले के करौली-गंगापुर मार्ग पर मंगलवार रात भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई. घटना सलेमपुर गांव के पास हुई, जहां तेज रफ्तार बस ने कार को टक्कर मार दी. हादसे में कार सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. 15 लोगों की हालत गंभीर है. हादसा उस समय हुआ जब कार गंगापुर से करौली की ओर जा रही थी. विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बस ने कार को सीधी टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. मृतकों की पहचान नयन कुमार देशमुख (63) पुत्र भाल चंद्र देशमुख निवासी इंदौर, प्रीति भट्ट, मनस्वी देशमुख, खुश देशमुख और अनीता देशमुख के रूप में हुई है. ये सभी मूल रूप से इंदौर मध्य प्रदेश के निवासी थे.

### उत्तराखंड : रोडवेज बस खाई में गिरी, तीन की मौत, 25 घायल

**देहरादून ।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ. अल्मोड़ा से हल्द्वानी जा रही उत्तराखंड राज्य सड़क परिवहन निगम की बस भीमताल-रानीबाग मोटर मार्ग पर आमडाली के पास करीब 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई. हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि 25 गंभीर रूप से घायल हो गए. यह हादसा अपराह्न करीब 3 बजे हुआ. बस में 28-29 यात्री सवार थे, जिनमें से अधिकांश नर्सिंग छात्राएं बताई जा रही हैं. राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र और नैनीताल जिले की पुलिस ने इस हादसे में तीन लोगों की मौत और 25 के घायल होने की पुष्टि की है. घटना की जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची.

## एक जनवरी से लागू होने वाले पांच बड़े बदलाव जिनका हर घर और हर जेब पर होगा असर






एजेंसी । नयी दिल्ली

नया साल 2025 अपने साथ कई महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आ रहा है, जिनका सीधा असर हर घर, हर परिवार और हर जेब पर पड़ेगा. 1 जनवरी 2025 से देशभर में पांच बड़े बदलाव लागू हो रहे हैं, जिनमें एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव से लेकर किसानों को बिना गारंटी के लोन तक के नियम शामिल हैं. ये बदलाव आर्थिक से लेकर वित्तीय तक कई पहलुओं में होंगे और सभी के जीवन को प्रभावित करेंगे.

**पहला बदलाव : एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन**

1 जनवरी से हर महीने की तरह ही ऑयल मार्केटिंग कंपनियां एलपीजी गैस के दाम में संशोधन करेंगी. बीते कुछ समय से जहां 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में बदलाव हुए हैं, वहीं 14 किलो वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत स्थिर रही है. ऐसे में लोगों को इस बार रसोई सिलेंडर की कीमतों में बदलाव की संभावना है. इसके अलावा, हवाई ईंधन यानी एटीएफ (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) की कीमतों में भी बदलाव हो सकता है, जो हवाई यात्रा के खर्च को प्रभावित करेगा.

**दूसरा बदलाव : ईपीएफओ पेंशनर्स के लिए नया नियम**




कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नए साल में पेंशनर्स के लिए एक बड़ा बदलाव किया है. 1 जनवरी 2025 से, ईपीएफओ पेंशनर्स को अपनी पेंशन राशि किसी भी बैंक से निकालने की अनुमति मिलेगी और इसके लिए उन्हें अतिरिक्त वेरिफिकेशन की आवश्यकता नहीं होगी. यह कदम पेंशनर्स के लिए एक राहत का संकेत है, जिससे उन्हें अपनी पेंशन प्राप्त करने में और आसानी होगी.

**तीसरा बदलाव : यूपीआई 123पे का नया नियम**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) द्वारा शुरू किए गए यूपीआई 123पे पेमेंट सिस्टम में भी नए साल में बदलाव होने जा रहे हैं. अब यूपीआई 123पे के जरिए आप 10,000 रुपये तक की रकम का ऑनलाइन पेमेंट कर सकेंगे. पहले यह सीमा 5,000 रुपये तक थी. इस बढ़ी हुई लिमिट से विशेष रूप से उन उपयोगकर्ताओं को फायदा होगा जो फीचर फोन का इस्तेमाल करते हैं और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक तरीका चाहते हैं.

**चौथा बदलाव : शेयर बाजार से जुड़ा नया नियम**

शेयर बाजार में भी 1 जनवरी से कुछ बदलाव लागू हो रहे हैं. सेंसेक्स, सेंसेक्स-50 और बैंकेक्स इंडेक्स के मंथली एक्सपायरी नियमों में बदलाव किया गया है. अब इनका एक्सपायरी हर हफ्ते शुक्रवार को नहीं, बल्कि मंगलवार को होगा. साथ ही, तिमाही और छमाही कॉन्ट्रैक्ट्स की एक्सपायरी भी अब हर आखिरी मंगलवार को होगी. इसके अलावा, एनएसई इंडेक्स ने निफ्टी 50 मंथली कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए गुरुवार का दिन तय किया है. इन बदलावों से निवेशकों को अपनी रणनीतियों में बदलाव करना पड़ सकता है.

**पांचवां बदलाव : किसानों के लिए लोन की सीमा बढ़ी**

किसानों के लिए एक और महत्वपूर्ण बदलाव हो रहा है. 1 जनवरी 2025 से, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने किसानों को बिना गारंटी के लोन की सीमा बढ़ा दी है. अब किसान बिना किसी गारंटी के 2 लाख रुपये तक का लोन ले सकेंगे. पहले यह सीमा 1.6 लाख रुपये थी. इस बदलाव से किसानों को अपनी फसल उत्पादन और कृषि संबंधी अन्य खर्चों के लिए अधिक धन प्राप्त होगा, जो उनके लिए बड़ा सहारा साबित हो सकता है.

पाकिस्तानी तालिबान के ठिकानों पर हमला, अफगानिस्तान ने दी धमकी

## पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक की, 46 की मौत

- तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे बर्बर और स्पष्ट आक्रामकता करार दिया.



एजेंसी । नयी दिल्ली

बुधवार को अफगानिस्तान के पूर्वी पकतिया प्रांत में पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई हमलों में 46 लोग मारे गए, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे शामिल थे. यह जानकारी तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने दी.

मुजाहिद ने बताया कि मंगलवार की रात पाकिस्तान ने पकतिया प्रांत के बरमल जिले में चार स्थानों पर बमबारी की. उन्होंने कहा, इस हमले में 46 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकतर बच्चे और महिलाएं हैं. इसके अलावा, छह लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें अधिकांश बच्चे शामिल हैं. स्थानीय निवासियों ने भी हमले में भारी नुकसान की सूचना दी, और बताया कि कई घर पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं.

तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे बर्बर और स्पष्ट आक्रामकता करार दिया. मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा, इस्लामिक अमीरात इस कायरतापूर्ण कृत्य का जवाब जरूर देगा. तालिबान अपने क्षेत्र और संप्रभुता की रक्षा को अपना अविभाज्य अधिकार मानता है. बरमल जिले के एक निवासी मालेल ने बताया कि बमबारी में दो या तीन घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए. एक घर में 18 लोग मारे गए, जबकि दूसरे घर में तीन लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया. स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला अफगान नागरिकों के लिए एक बड़ा मानवीय संकट बन चुका है.

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, विशेष रूप से तालिबान के अफगानिस्तान में सत्ता संभालने के बाद. पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर आरोप लगाया है कि काबुल ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह दी है, जो पाकिस्तान की धरती पर हमले कर रहे हैं. पाकिस्तान का कहना है कि तालिबान अफगानिस्तान के अपने क्षेत्र से पाकिस्तान में आतंकवादी हमले करने वाले तत्वों को समर्थन दे रहा है. हालांकि, काबुल ने इन आरोपों का खंडन किया है और हमेशा यह दावा किया है कि वे अपनी भूमि से आतंकवाद का समर्थन नहीं करते. इस ताजा हमले के कुछ समय पहले ही पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) ने अफगान सीमा के पास एक हमला किया था, जिसमें पाकिस्तान के 16 सैनिक मारे गए थे. इस हमले के बाद पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने इस्लामाबाद में चेतावनी दी थी कि आतंकवादी तत्वों द्वारा पाकिस्तान पर हमले बढ़ सकते हैं. दिलचस्प बात यह है कि हमले के दिन ही तालिबान के उच्च पदस्थ अधिकारी काबुल में पाकिस्तान के विशेष दूत के साथ बैठक कर रहे थे.

इस बैठक में दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव और सुरक्षा मामलों पर चर्चा हो रही थी. हालांकि, पाकिस्तान के अधिकारियों ने इस हवाई हमले पर अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है, जो स्थिति को और भी जटिल बना देता है. यह हमला दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को और बढ़ा सकता है और इससे क्षेत्रीय सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है.

### हैती में अस्पताल में गोली बारी, 3 लोगों की मौत

**नयी दिल्ली ।** हैती की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के सबसे बड़े सार्वजनिक अस्पताल के फिर से खुलने पर मंगलवार को एक गिरोह के हमले में दो पत्रकार समेत तीन लोग मारे गए. इन गिरोहों ने पोर्ट-ऑ-प्रिंस के अनुमानित 85 प्रतिशत हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया है, और उन्होंने इस साल की शुरुआत में जनरल अस्पताल को बंद करने के लिए मजबूर किया है. अधिकारियों ने सुविधा को फिर से खोलने का वादा किया था, लेकिन जैसे ही पत्रकार इस कार्यक्रम को कवर करने के लिए एकत्र हुए, संदिग्ध गिरोह के सदस्यों ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर एक भयानक हमले में गोलीबारी शुरू कर दी. ऑनलाइन मीडिया कलेक्टिव के प्रवक्ता रोबेस्ट डिमांचे ने मृत पत्रकारों की पहचान मार्केज़ी नाथौक्स और जिमी जीन के रूप में की है. डिमांचे ने कहा कि हमले में अज्ञात संख्या में पत्रकार भी घायल हुए हैं, जिसके लिए उन्होंने गिरोह के गठबंधन को जिम्मेदार ठहराया है. हैती के अंतरिम राष्ट्रपति लेस्ली वोल्टेयर ने राष्ट्र के नाम एक संबोधन में कहा कि हमले के पीड़ितों में पत्रकार और पुलिस भी शामिल हैं. उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने लोग हताहत हुए, या मृतकों या घायलों का विवरण नहीं दिया.

महिला सम्मान और संजीवनी योजना पर सवाल

## स्वास्थ्य विभाग ने कहा-ऐसी कोई योजना नहीं

एजेंसी । नयी दिल्ली

दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने अहम घटनाक्रम में दिल्ली महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना को लेकर सवाल उठाए हैं. दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को विज्ञापन जारी कर कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं है. रजिस्ट्रेशन कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है. विभाग की तरफ से विज्ञापन जारी कर लोगों से आगाह किया गया है कि अपनी जानकारी साझा करने से बचें. दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने सार्वजनिक नोटिस में कहा है कि उसे जानकारी मिली है कि दिल्ली की महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत प्रति माह 2100 रुपये देने का दावा किया जा रहा है. यह स्पष्ट किया जाता है कि दिल्ली सरकार द्वारा ऐसी कोई योजना अधिसूचित नहीं की गई है. ऐसी योजना अस्तित्व में नहीं है इसलिए इसके तहत पंजीकरण के लिए फॉर्म/आवेदन के स्वीकार किया जाना धोखाधड़ी है. नागरिकों को सावधान किया जाता है कि योजना के नाम पर निजी विवरण जैसे बैंक खाता जानकारी, आईडी कार्ड, फोन नंबर धोखाधड़ी का कारण बन सकता है.

रामभद्राचार्य ने भागवत के बयान पर जतायी आपत्ति


## कहा-वो धर्माचार्यों को ऐसा निर्देश देनेवाले होते कौन हैं

एजेंसी । नयी दिल्ली

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा हिंदू समाज पर दिए गए बयान पर तुलसी पीठाधीश्वर और जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने आपत्ति जताई है. उन्होंने कहा कि मोहन भागवत एक संगठन के प्रमुख हो सकते हैं, लेकिन हिंदू धर्म के प्रमुख नहीं हैं और उन्हें संतों को निर्देश देने का कोई अधिकार नहीं है. रामभद्राचार्य ने कहा, भागवत जी हिंदू धर्म के प्रमुख नहीं हैं, इसलिए उन्हें धर्म की व्याख्या करने का अधिकार नहीं है. धर्माचार्य हम हैं, हमसे अधिक धर्म कोई नहीं जानता. रामभद्राचार्य ने अपनी आपत्ति की तीन प्रमुख वजहें भी बताई. पहले, वह इस बात से असहमत हैं कि भागवत ने मंदिर-मस्जिदों को छोड़ देने की बात कही. उनका कहना है, हमारे मंदिरों की प्रामाणिकता हमें चाहिए ही चाहिए. दूसरी आपत्ति रामभद्राचार्य को इस बात पर थी कि भागवत ने यह कहा था कि कुछ लोग राम मंदिर के निर्माण के बाद नेता बनने के लिए मुद्दे उठाते हैं. रामभद्राचार्य ने कहा, हम नेता नहीं बन रहे, हम सिर्फ अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं. उन्होंने ये बातें एक निजी चैनल में बोल रहे थे.

## दो कारों की टक्कर के बाद खुला एयरबैग, बच्चे की मौत

एजेंसी । मुंबई



यात्रियों की जान बचाने के लिए कारों में एयरबैग लगाए जाते हैं. लेकिन, महाराष्ट्र के नवी मुंबई में इसी सेफ्टी एयरबैग ने 6 साल के बच्चे की जान ले ली. दो कारों की टक्कर के बाद अचानक एयरबैग खुलने से छह साल के हर्ष की गर्दन पर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई. वाशी सेक्टर 15 में रहने वाली मावजी अरेठिया अपने बेटे हर्ष और दो भतीजों के साथ रात 11 बजे टहलने निकले थे. मावजी अरेठिया ने हर्ष को आगे की सीट पर बिठाया हुआ था. कोपरखैरणे जाते समय ब्लू डायमंड चौक पर एक दूसरी कार ने वैगनआर कार को टक्कर मार दी. टक्कर से अजेठिया की कार के आगे वाले दोनों एयरबैग खुल गए. आगे की सीट पर बैठे हर्ष की गर्दन पर एयरबैग का जोर से झटका लगा. इसके कारण उसकी तुरंत मौत हो गई. सेफ्टी एअरबैग को लेकर ये घटना जब से लोगों के सामने आई है. घटना के बाद बच्चों को आगे बैठने को लेकर गंभीर सवाल खड़ा हो गया है. बच्चे की लंबाई कम थी, जिसके कारण एयरबैग खुला, वह उसकी छाती पर नहीं बल्कि हर्ष की गर्दन पर लगा. इससे उसकी मौत हो गई.

### नाराज होकर घर से निकली लड़की से गैंगरेप, दो गिरफ्तार

**बलिया ।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 16 वर्षीय एक लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार की वारदात सामने आई है. यह घटना मंगलवार देर रात हुई. पीड़िता परिजनों से हुए झगड़े के बाद अपने घर से निकली थी. वो ऑटो-रिक्शा जा रही थी. उसी वक्त दो आरोपी उसे अपने साथ ले गए और उसे अपनी हवस का शिकार बना डाला. पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. एसएचओ राकेश सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान मंटू यादव और अमित प्रजापति के रूप में हुई है. पीड़िता के पिता की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है.

## हिमाचल में बर्फबारी का कहर



### 226 सड़कें बंद, 3 नेशनल हाइवे ठप, बिजली व पानी की सप्लाई प्रभावित

**नयी दिल्ली ।** हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के 48 घंटे बाद भी कई महत्वपूर्ण सेवाएं प्रभावित हैं. राज्य में 226 सड़कें और 3 राष्ट्रीय हाइवे बंद पड़े हैं, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई है. इसके अलावा, 173 बिजली के ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं और 21 पानी की सप्लाई स्कीमें भी प्रभावित हो गई हैं. स्थानीय प्रशासन इन सुविधाओं को जल्द बहाल करने का प्रयास कर रहा है. बर्फबारी के कारण शिमला जिले में सबसे अधिक 123 सड़कें बंद हैं. इसके अलावा, चंबा में 1, कांगड़ा में 6, किन्नौर में 7, कुल्लू में 25, लाहौल स्पीति में 36, मंडी में 16, सिरमौर में 9 और ऊना में 3 सड़कें बंद हैं. प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और बर्फबारी के दौरान वाहन चलाने से बचें.

बढ़ेगी ताकत | हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की लगातार बढ़ती पैठ का मुकाबला करने को नौसेना तैयार

## जल्द शामिल होंगे दो स्वदेशी युद्धपोत और पनडुब्बी 'वाग्शीर'

एजेंसी । नयी दिल्ली



भारत अपनी समुद्री लड़ाकू क्षमताओं को और मजबूत करने के लिए अगले महीने अपनी नौसेना के बेड़े में दो स्वदेशी युद्धपोत और एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को शामिल करने के लिए तैयार है. यह कदम हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य उपस्थिति का मुकाबला करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है. इनमें से दो प्रमुख युद्धपोतों में सबसे बड़ा निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत और स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस नीलगिरी हैं, जिनका हाल ही में नौसेना को सौंपा गया है. इसके अलावा, एक नई पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर भी भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल होने जा रही है.आईएनएस वाग्शीर भारतीय नौसेना की छठी और कलवरी श्रेणी की अंतिम पनडुब्बी है, जिसे हिंद महासागर में गहरे समुद्र में शिकार करने वाली रेत मछली के नाम पर रखा गया है.

यह पनडुब्बी विशेष रूप से सभी ऑपरेशन थियेटरों में कार्य करने के लिए डिज़ाइन की गई है और यह नौसेना के अन्य घटकों के साथ अंतर-संचालन योग्य है. वाग्शीर का विस्थापन 1,600 टन है और इसमें उच्चतम स्तर के सेंसर और हथियारों से लैस है, जो इसे अत्यधिक घातक बनाते हैं. यह पनडुब्बी समुद्र की सतह पर 20 किमी/घंटा और पानी के नीचे 37 किमी/घंटा की गति से चलने में सक्षम है और 350 मीटर तक पानी में 50 दिनों तक रह सकती है. इसके अलावा, आईएनएस सूरत और आईएनएस नीलगिरी का भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल होना भी रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है. आईएनएस सूरत प्रोजेक्ट 15 बी के तहत निर्मित चार निर्देशित मिसाइल विध्वंसकों में से चौथा और अंतिम है. इस परियोजना का उद्देश्य भारतीय नौसेना को आधुनिकतम और स्वदेशी युद्धपोतों से लैस करना है. इस विध्वंसक का कुल वजन 7,400 टन और लंबाई 164 मीटर है. यह युद्धपोत अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस है, जिनमें सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, जहाज रोधी मिसाइलें और टॉरपीडो शामिल हैं. आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना का पहला एआई सक्षम युद्धपोत है, जो परिचालन दक्षता में महत्वपूर्ण वृद्धि करेगा.

आईएनएस नीलगिरी, जो प्रोजेक्ट 17 ए के तहत निर्मित है, भारतीय नौसेना का पहला स्टील्थ फ्रिगेट है. इस फ्रिगेट में बहु-मिशन क्षमता है, जो इसे पारंपरिक और अपारंपरिक खतरों से मुकाबला करने में सक्षम बनाती है. इस फ्रिगेट में सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली और अन्य उन्नत हथियार प्रणालियाँ शामिल हैं. यह फ्रिगेट डीजल और गैस से संचालित होता है और इसमें एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म प्रबंधन प्रणाली भी है, जो इसकी क्षमता को बढ़ाती है.

### गुजरात के ओखा में जेटी निर्माण के दौरान दुर्घटना, तीन की मौत

**द्वारका ।** गुजरात की देवभूमि द्वारका जनपद के ओखा में बुधवार को जेटी निर्माण में लगी क्रेन टूटने से एक इंजीनियर समेत तीन लोगों की मौत हो गई है. मृतकों में एक सुपरवाइजर और एक श्रमिक भी शामिल हैं. द्वारका जिला कलक्टर जीटी पंडया ने घटना की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि तीन लोगों की मौत की घटना में जांच का आदेश दिए हैं. ओखा मरीन पुलिस तीनों शवों के पोस्टमार्टम के लिए द्वारका सरकारी हॉस्पिटल ले गई है. जिला कलक्टर ने बताया कि द्वारका के ओखा में कोस्टगार्ड की ओर से जेटी बनाने का काम करीब एक साल से किया जा रहा है. जेटी निर्माण कार्य के दौरान अचानक क्रेन टूट गया और तीन लोग पानी में गिर गए, जबकि एक व्यक्ति दब गया. मृतकों में जीतेन कराडी, अरविंद कुमार और निशांत सिंह शामिल हैं.

शाह ने सीआरपीएफ मुख्यालय का दौरा किया, बोले-

## सीआरपीएफ का नक्सलवाद से निपटने में बड़ा योगदान

एजेंसी । नयी दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने नक्सलवाद से निपटने, पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू-कश्मीर में शांति एवं स्थिरता बहाल करने में सराहनीय कार्य किया है. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित सीआरपीएफ मुख्यालय का दौरा किया. इस दौरान गृह मंत्री ने बल के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और सीआरपीएफ के परिचालन और प्रशासनिक प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा की. बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव सहित गृह मंत्रालय के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे. इस मौके पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आंतरिक सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने में सीआरपीएफ की महत्त्वपूर्ण भूमिका है. अमित शाह ने भाषाई एकता को मजबूत करने के लिए बल के दैनिक कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया. शाह ने जवानों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए श्री अन्न के अधिक से अधिक उपयोग पर बल देने के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए जवानों से प्रकृति परीक्षण अभियान के अन्तर्गत आयुर्वेद के अधिकाधिक उपयोग का भी आह्वान किया.


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)